संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरूवार, 28 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 12 अंक: 259 पृष्ठ: 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में भाग लेत हुए

GOVT. OF PUNJAB

शहीद-ए-आज़म

सरदार भगत सिंह

की

116वीं जयंती के अवसर पर

आइए, उनके उच्च आदर्शों को बनाए रखने का संकल्प लें

भगवंत सिंह मान

मुख्य मंत्री, पंजाब

पंजाब वासियों के साथ

महान क्रांतिकारी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे

राज्य स्तरीय समारोह

28 सितंबर, 2023

को सुबह 10:00 बजे

शहीद-ए-आज़म

सरदार भगत सिंह संग्रहालय एवं स्मारक,

खटकड़ कलां, शहीद भगत सिंह नगर

भगवंत सिंह मान

मुख्य मंत्री, पंजाब

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# राज्यपाल ने जिला प्रशासन के साथ की केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**
**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल ने कल्पा में जिला प्रशासन के साथ विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर, राज्यपाल ने कहा कि काई भी सरकार अपने अधिकारियों व कर्मचारियों के बल पर चलती है और सरकार का संदेश जनता तक अधिकारियों के माध्यम से ही जाता है। क्योंकि योजनाएं सरकार के कर्मियों के माध्यम से लागू होती हैं। इसलिए कार्य के प्रति निष्पक्षता, ईमानदारी और समर्पण बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि योजनाओं की गतिशीलता को बनाये रखने के लिए वे अधिक समर्पण से कार्य करें। राज्यपाल ने कहा कि वाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती गांव पहला गांव है। लेकिन हमारी सीमा उसके

बाद भी है। उन्होंने कहा कि सामरिक दृष्टि से सूचना का आदान-प्रदान तभी हो पाएगा जब लोग गांव में रह सकेंगे। इसलिए, इन गांव के लिए ऐसी योजनाओं पर कार्य किया जाना चाहिए जिससे लोगों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर पानी की कमी से उन्हें अवगत करवाया गया है। जल शक्ति मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जानी चाहिए। बैठक में सडक परियोजनाओं, स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, आयुष्मान भारत योजना, विद्युत क्षेत्र में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, शिक्षा विभाग में मिड डे मील योजना, समग्र शिक्षा, कृषि क्षेत्र में आत्मा परियोजना, बागवानी विभाग में एकीकृत बागवानी मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त तोरुल रवीश ने राज्यपाल का स्वागत किया तथा विभिन्न केंद्रीय योजनाओं और जिले में गत दिनों प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने जिले से संबंधित अन्य गतिविधियों की जानकारी भी दी। उपमण्डल पूह और मलिंग नाला तथा कल्पा, निचार, काफनू इत्यादि में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की जानकारी से अवगत करवाया। सांगला से पर्यटकों को बाहर निकालने के लिए चलाए गए अभियान से भी उन्हें अवगत करवाया गया। उन्होंने कहा कि किन्नर कैलाश यात्रा के दौरान मलिंग खट्टा के पास भी बचाव अभियान को चलाया गया जिसके कारण कई श्रद्धालुओं को बचाया जा सका। उन्होंने कहा कि हर विभाग का 138 करोड़ से अधिक के नुकसान का आंकलन किया गया है। बैठक में वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि जिले में 55 गांव को वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत रखा गया है जिनमें से 33 गांव ही आवासीय हैं।

# आकांक्षी खंड तीसा व पांगी में आयोजित की जाएगीं विभिन्न गतिविधियां

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
आकांक्षी जिला चंबा के आकांक्षी खंड तीसा व पांगी में लोगों की जीवन शैली में सुधार लाने के लिए एक मजबूत विकास रणनीति तैयार करने के लिए गांव और खंड स्तर पर चिंतन शिविर आयोजित किए जा रहे है, इसके सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त कार्यालय के सभागार कक्ष में उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि आकांक्षी खंड तीसा व पांगी में संकल्प सप्ताह के अंतर्गत सबकी आकांक्षाएं सबका विकास कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगीं। गतिविधियों में 3 अक्टूबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। 4 अक्टूबर को विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में सुपोषित परिवार पोषण मेला, 5 अक्टूबर को स्वच्छता एक संकल्प के तहत पंचायत भवनों में स्वच्छता शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी तरह 6 अक्टूबर को कृषि विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों में कृषि मेले, 7 अक्टूबर को शिक्षा एक संकल्प कार्यक्रम के तहत प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में शिक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 8 अक्टूबर को ग्राम पंचायत भवनों में समृद्धि दिवस आजीविका मेला आयोजित किए जाएंगे और 9 अक्टूबर को आकांक्षी विकास खंड तीसा व पांगी में खंड स्तरीय संकल्प सप्ताह समावेश समारोह के दौरान विभिन्न गतिविधियों में बेहतरीन कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।
उपायुक्त ने यह भी कहा कि आकांक्षी खंड तीसा व पांगी में खंड स्तरीय विभिन्न विकासात्मक कार्यों के तहत लोगों की जीवन शैली में सुधार के लिए एक मजबूत विकास रणनीति तैयार करने के लिए गांव और खंड स्तर पर सतत प्रयास किए जाएंगे।

# हाटी मामले में अपनी मंशा स्पष्ट करें उद्योग मंत्री: विनय छींटा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
**भारतीय** जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता विनय छींटा ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश सरकार व सरकार के मंत्री गिरिपार क्षेत्र के मुद्दे को जानबूझकर लटकाने का प्रयास कर रही है। नाहन में आयोजित पत्रकार वार्ता में विनय छींटा ने कहा के भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने गिरिपार क्षेत्र के 55 वर्ष पुराने हाटी जनजाति के मुद्दे को सीरे पहुंचाया है। इस बिल को लोकसभा राज्यसभा व केंद्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति के बाद देश की राष्ट्रपति ने भी हाटी को अनुसूचित जनजाति

का दर्जा देने के बिल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। अब यह मामला 22 अगस्त को हिमाचल प्रदेश सरकार के अनुसूचित जाति के सचिव के समक्ष लंबित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हाटी बिल पर शीघ्र अधिसूचना जारी करें ताकि हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर की गिरी पार क्षेत्र के हजारों युवाओं को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकारी क्षेत्र की परीक्षाओं में अनुसूचित जनजाति का जो लाभ युवाओं को मिलना है उस मामले में प्रदेश सरकार जानबूझकर देरी कर रही है।

# सेंट फ्रांसिस जेवियर्स कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हासिल किया दूसरा स्थान

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
जिला मंडी मुख्य चिकित्सा कार्यालय द्वारा जिला स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन एड्स कार्यक्रम अधिकारीयों द्वारा करवाया गया। जिले के 10 स्कूलों ने भाग लिया। सेंट फ्रांसिस जेवियर्स कॉन्वेंट स्कूल बगला के बच्चों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। स्कूल की प्रिंसिपल एकता ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों करण कक्षा 8वीं, कक्षा 9वीं, प्रियंका कक्षा 11वीं द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जीते हुए प्रतिभागियों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी, नरेंद्र भारद्वाज द्वारा पुरस्कृत किया गया। स्कूल प्रिंसिपल एकता ने बच्चों को बधाई देते हुए उन्हें अगली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# मुक्तिधाम बांकुवाला में रोटरी क्लब ने नवीनीकरण किया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
रोटरी क्लब नाहन प्रसिद्ध सामाजिक संस्था ने बांकुवाला मुक्तिधाम में शेष नवीनीकरण का कार्य शुरू कर दिया है। आज क्लब के सदस्यों ने 40 सजावटी पौधे लगाये। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन नीरज गुप्ता ने बताया कि ताड़ के पेड़ों की ऊंचाई करीब बीस फीट है और अन्य पेड़ भी काफी बड़े हैं। उन्होंने आगे बताया कि जून 2023 में क्लब ने बांकूवाला के नवीनीकरण का कार्य हाथ में लिया और अभी भी बहुत सारा काम बाकी है। जैसे पानी की टंकी, मंदिर की मरम्मत,

सडक की मरम्मत, जलभराव रोकना आदि। प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन अमन सभरवाल व धर्मेंद्र जैन ने कहा कि मुक्तिधाम की देखभाल करना क्लब का स्थायी प्रोजेक्ट है और क्लब इस पर काम करेगा। वहीं क्लब अध्यक्ष रोटेरियन नीरज गुप्ता ने शहर के नागरिकों से इस नेक काम के लिए पूरे दिल से दान देने की अपील की। इस मौके पर क्लब सचिव रोटेरियन सुरेश शर्मा, रोटेरियन अश्वनी सैनी, रोटेरियन नवनीत गुप्ता, रोटेरियन डॉ. राम गोपाल वर्मा और रोटेरियन धीरज गर्ग मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### डी.डी.एम साई कालेज में शिरड़ी सॉई बाबा का जन्मदिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
डीडीएम साई कालेज कल्लर जलाड़ी में शिरड़ी सॉई बाबा जी का जन्मदिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर कल्लर सॉई समिति द्वारा सॉई भजन किए गए तथा कालेज के छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर टीएन लखनपाल ने सॉई बाबा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। रविंद्र जिला अध्यक्ष सॉई समिति हमीरपुर जी ने सॉई बाबा के चमत्कारों के साथ-साथ उनकी महानता का सुंदर वर्णन किया। इसके बाद एडवोकेट भुवनेश शर्मा ने कल्लर साई समिति के सभी सॉई भक्तों का धन्यवाद किया। कालेज के बीएड व डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा साईं वंदना, सॉई भजनों व रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर कालेज के प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कालेज के प्रशासनिक अधिकारी राजेश कपिल ने बच्चों द्वारा दी गई रंगारंग प्रस्तुतियों को सराहा व उन्हें आशीर्वाद दिया। अंत में सभी लोगों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।

### हिमाचल प्रदेश में अपनी बाजार हिस्सेदारी को और बढ़ाएगी के 2 जेनॉक्स

**शिमल**: भारत की सबसे युवा और तेजी से बढ़ती टीएमटी बार (द इंटेलीजेंट स्टील) विनिमार्ता कंपनी के2 जेनॉक्स ने घोषणा की है कि वह हिमाचल प्रदेश में अपनी बाजार हिस्सेदारी को और बढ़ाएगी। कंपनी का मानना है की हिमाचल प्रदेश में स्टील उत्पादों की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। इस हेतु कंपनी इस वित् वर्ष 2024 के अंत तक स्टील टीएमटी बार की अपनी उत्पादन क्षमता को 15 प्रतिशत और बढ़ाएगी। योजना के मुताबिक के2 जेनॉक्स जिसकी वर्तमान में उत्पादन क्षमता 60000मीट्रिक टन सालाना है वो बढ़कर 70000 मीट्रिक टन सालाना हो जायेगी। हिमाचल प्रदेश में कंपनी के पास 150 से अधिक डीलरों और वितरकों का नेटवर्क पहले से ही मजबूत है।के2 जेनॉक्स के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा, हिमाचल प्रदेश हमारे लिए एक बड़ा ही महत्वपूर्ण बाजार है। हम प्रदेश में अपनी विस्तार नीति को लेकर अग्रसर है और लगातार इस पर कार्य भी कर रहे हैं। के2 जेनॉक्स एक प्रीमियम उत्पाद है जिसे आधुनिक निर्माण की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। हमारा यह उत्पाद पहले से ही देशभर के कई बाजारों में अपनी पैठ बना चुका है और नए बाजारों में तेजी से विस्तार कर रहा है। हिमाचल प्रदेश में बुनियादी ढांचे का विकास काफी तेजी से हो रहा है जो हमारे प्रीमियम ब्रांड के लिए आदर्श है। हम राज्य में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने पर गर्वित हैं।

# 'प्राकृतिक कृषि पद्धति से न केवल किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ होगी बल्कि प्रदेश को भी लाभ होगा'

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**
**राज्यपाल शिव प्र**ताप शुक्ल ने प्राकृतिक कृषि की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस कृषि पद्धति को अपनाने से न केवल किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ होगी बल्कि प्रदेश को भी लाभ मिलेगा। राज्यपाल किन्नौर जिले के कल्पा में डॉ यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानीकि विश्वविद्यालय नौणी के कृषि विज्ञान केंद्र, शारबो में किसान मेला के अवसर पर बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि जी-20 देशों की मेजबानी के दौरान विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों को भारत में प्राकृतिक कृषि से तैयार मीलट्स का भोजन दिया गया। उन्होंने कहा कि हमें स्वस्थ रहने के लिए आज प्राकृतिक उत्पाद को अपनाना पड़ेगा और इसके लिए मीलट्स को उगाना पड़ेगा। उन्होंने

कहा कि किन्नौर जिले में मोटे अनाज की काफी संभावनाएं हैं जिसका लाभ यहां के किसानों को लेना चाहिए। उन्होंने विशेषकर काला जीरा की खेती को प्रोत्साहित करने पर भी बल दिया। उन्होंने बागवानी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से भी इस दिशा में कार्य करने और किसानों को प्रोत्साहित करने व प्रशिक्षण देने को कहा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय और किसान मिलकर इस दिशा में कार्य करेंगे तो इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने जिला प्रशासन से विपणन व्यवस्था को विकसित करने का आग्रह किया तथा कहा कि यदि स्वयं सहायता समूहों को अच्छा बाजार उपलब्ध होगा तो वे भी अधिक प्रोत्साहित होंगे। राज्यपाल ने इस अवसर पर उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित भी किया।
राज्यपाल ने इस अवसर पर कृषि उत्पाद को लेकर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इससे पूर्व, बागवानी विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति एवं निर्देशक विस्तर शिक्षा डॉ. इंद्र देव ने राज्यपाल का स्वागत किया तथा क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान व प्रशिक्षण केंद्र एवं कृषि विज्ञान केंद्र शारबो की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर उत्कृष्ट किसानों ने सेब की खेती, महिला सशक्तिकरण एवं कृषि, प्राकृतिक खेती, औषधीय पौधे और मधुमक्खी पालन को लेकर अपने अनुभव भी सांझा किए। शारबो केंद्र के सह निदेशक डॉ अशोक ठाकुर ने धन्यावाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इससे पूर्व, राज्यपाल ने सब्जी उत्पादन अनुसंधान केंद्र कल्पा का दौरा भी किया और यहां उच्च घनत्व के सेब के कृषि फार्म को देखा।
उन्होंने ड्रोन प्रदर्शन को भी देखा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समय की मांग के अनुरूप आज किसानों को तकनीक का उपयोग कृषि में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उच्च घनत्व पौध रोपण तथा ड्रोन तकनीक का उपयोग कर किसान काफी लाभ ले सकते हैं।
राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा, उपायुक्त किन्नौर तोरुल रवीश, पुलिस अधीक्षक विवेक चाहल तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने मैहरे में सुनीं जनसमस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने बुधवार को मैहरे स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और इनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया। उन्होंने अन्य जनसमस्याओं के भी अतिशीघ्र निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा.निर्देश जारी किए। इंद्र दत्त लखनपाल ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के 10 लाभार्थियों को मकान निर्माण के लिए कुल 15 लाख रुपये के चेक भी वितरित किए। उन्होंने अंतजार्तीय विवाह अनुदान योजना के 17 लाभार्थियों को भी कुल

साढे आठ लाख रुपये के चेक प्रदान किए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल के सभी क्षेत्रों के चहुमुखी विकास और समाज के सभी वर्गों के कल्याण एवं उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सरकार की ओर से कई सराहनीय निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिएए ताकि सभी पात्र लोग इनका लाभ उठा सकें। लखनपाल ने अधिकारियों से कहा कि वे प्रतिदिन सरकारी कार्यालयों में आने वाले सभी लोगों की हरसंभव मदद करें और यदि ये लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी नहीं कर पा रहे हैं तो इनका मार्गदर्शन भी करें। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम डॉ. रोहित शर्मा, खंड विकास अधिकारी रमेश चंद, प्रदेश कांग्रेस सचिव कृष्ण चौधरी, बीडीसी सदस्य विनोद कुमार, डैनी जसवाल, सोशल मीडिया प्रभारी अश्वनी शर्मा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य वेद प्रकाश अग्निहोत्री, गारली के पूर्व प्रधान संजय शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जगदीश ठाकुर, तहसील कल्याण अधिकारी गीता मरवाहा, अन्य अधिकारी तथा कांग्रेस के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# आईटीआई शिमला में युवा कवी संगोष्ठी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
नेहरू युवा केंद्र संगठन हिमाचल प्रदेश तथा भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला शिमला के संयुक्त तत्वावधान में राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा-2023 के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शिमला के सभागार में जिला स्तरीय युवा कवि संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं भाषाविद आत्मा रंजन ने की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला भाषा अधिकारी शिमला अनिल हारटा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवा साहित्यकारों व श्रोताओं का स्वागत किया तथा विभाग की गतिविधियों की जानकारी दी। मंच संचालन चर्चित युवा कवि विचलित अजय ने किया। इस अवसर पर डेढ़ दर्जन से अधिक युवा कवियों ने स्वरचित कविताओं का पाठ किया। कवि सम्मेलन का आगाज चर्चित युवा कवि राहुल देव प्रेमी की जड़ों से जुड़ाव और गजल से हुआ। प्रीति ने पर्यावरण प्रदूषण पर, राहुल आनंद ने नशा निवारण व गांव की स्मृतियों, नरेश कुमार नोरिया ने पेड़ के जीवन वृतांत, कमल चंद ने आम आदमी के संघर्ष, प्रियंका शर्मा ने स्त्री उत्पीड?, अजय वर्मा ने हास्य कविता, अमृता राणा ने एक शहीद के राष्ट्रप्रेम, लक्ष्य ने हिन्दी भाषा की महत्ता पर केंद्रित, नवनीता ने स्त्री शोषण के विरुद्ध, सचिन शर्मा ने मिट्टी का तिलक के माध्यम से मातृभूमि के सम्मान में, निहारिका ने दुखी व्यक्ति के प्रति स्नेह, राहुल तोमर ने आज की राजनीति पर व्यंग्य द्वारा सभी श्रोताओं को खूब हंसाया। पायल ने खुद से संवाद, निधि ने स्त्री की व्यथा, सतीश मुसाफिर ने शाखा से टूटता पत्ता के माध्यम से जीवन के सुख-दुख को शब्दों में ढाला। अजय विचलित ने दोगले लोग कविता द्वारा व्यक्ति के दोगलेपन पर प्रहार किया।

# सराहां में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय वामन द्वादशी मेला आरंभ

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
**उपायुक्त सि**रमौर सुमित खिमटा ने सिरमौर जिला के सराहां में आरंभ हो रहे तीन दिवसीय राज्य स्तरीय वामन द्वादशी मेला का विधिवत शुभारंभ किया उन्होंने भगवान वामन देव की विधिवत पूजा अर्चना करने के उपरांत वामन देव की पालकी को कंधा देते हुए मंदिर से खंड विकास कार्यालय, नए बस स्टैंड तक शोभा यात्रा निकाली। शोभायात्रा के दौरान पारंपरिक वाद्य दल, दोलांजी मठ का दल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां के एनसीसी कैडिट, होमगार्ड बैंड, व हजारों की संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। नगर के मध्य में स्थित तालाब में भगवान वामन देव की पालकी को नौका विहार करवाया गया। उपायुक्त ने राज्य स्तरीय मेले के शुभारंभ के दौरान उपस्थित लोगों को वामन द्वादशी मेले की

बधाई देते हुए कहा कि सराहां का यह राज्य स्तरीय वामन द्वादशी मेला सिरमौर जिला में आयोजित होने वाले विभिन्न मेलों में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। दशकों से सारा जनपद वामन द्वादशी मेले का आयोजन हर्ष उल्लास के साथ करता आ रहा है। भगवान विष्णु के वामन अवतार के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाला यह ऐतिहासिक मेला अपने साथ समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास समेटे हुए है, जिसमें न केवल सराहां-पच्छाद क्षेत्र के लोग भाग लेते हैं बल्कि सिरमौर के कोने-कोने से लोग इस मेले में पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला देव परंपरा से जुडा होने के साथ-साथ आपसी मेल जोल एखेल-कूद व सांस्कृतिक दृष्टि से भी विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि सराहां अगले तीन दिनों तक खेलकूद, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से सराबोर रहेगा। उन्होंने कहा कि यह मेला आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। मेले के दौरान करोड़ों रुपए का व्यापार होता है इस मेले में लोग जमकर खरीदारी करते हैं। उपायुक्त ने तीन दिवसीय मेले के दौरान चलने वाली विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूह व स्थानीय लोगों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का शुभारंभ कर अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान तीन सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ नामी कलाकार अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने कहा कि आज की सांस्कृतिक संध्या में नरेंद्र नीटू, हनी नेगी, हास्य कलाकार पंकज डोगरा, ठाकुर रघुवीर सिंह तथा कुमार साहिल मुख्य कलाकार होंगे।
इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनन्द परमार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव दयाल प्यारीए, जिला परिषद सदस्य नीलम, प्रदेश महिला सचिव राजेश्वरी शर्मा, एसडीम एवं सदस्य सचिव मेला कमेटी डॉ. संजीव धीमान, ओबीसी जिलाध्यक्ष सतैन्द्र नेहरू, महासचिव विजय शर्मा, कृषि उपज एवं विपणन समिति ओमप्रकाश मौजूद रहे।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरूवार, 28 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 259 पृष्ठः 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

सीएम योगी एक कार्यक्रम में बच्चों से मुखातिब होते हुए।

फास्ट न्यूज

## लालू की सजा बढ़ाने के लिए सीबीआई ने दी दलील

**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
चारा घोटाला मामले में लालू प्रसाद यादव की सजा बढ़ाए जाने को लेकर बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में सीबीआई की याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत में इस मामले में अगली सुनवाई के लिए दिसंबर के दूसरे सप्ताह में तिथि निर्धारित की है। सीबीआई की ओर से देवघर कोषागार मामले में लालू प्रसाद की सजा बढ़ाने की मांग की गई है। सीबीआई की ओर से कहा गया है कि लालू प्रसाद यादव चारा घोटाले के उच्च षड्यंत्र में शामिल थे। इसलिए उन्हें अधिकतम सात साल की सजा दी जानी चाहिए। इसी मामले में जगदीश शर्मा को अदालत ने सात साल की सजा सुनाई है, जबकि लालू को पांच साल की सजा सुनाई गई है।

## मनोज झा की जीभ खींचकर सदन में उछालता :आनंद मोहन

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**राज्यसभा में** 21 सितंबर को आरजेडी राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने महिला आरक्षण बिल पर बोलते हुए ठाकुरों पर कविता सुनाई थी। अब इस कविता को लेकर बिहार के ठाकुर नेता नाराज हो गए हैं। उन्हीं की पार्टी के बाहुबली नेता आनंद मोहन ने कहा कि अगर मैं उस वक्त राज्यसभा में होता तो उनकी जीभ खींचकर आसन की तरफ उछाल देता, सभापति की ओर। वहीं, आरजेडी के ही विधायक और आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद ने भी उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। चेतन आनंद ने फेसबुक पर पोस्ट करते हुए कहा कि वह मनोज झा के विचारों का पुरजोर विरोध करते हैं।

## एकसाथ मंच पर नजर आए कुमारस्वामी और येदियुरप्पा

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक के** पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल (सेक्युलर) नेता एचडी कुमारस्वामी ने बुधवार को बेंगलुरु में कावेरी जल मुद्दे को लेकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कुमारस्वामी और भाजपा के कद्दावर नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा एकसाथ नजर आए। बता दें कि भाजपा ने कावेरी जल मुद्दे को लेकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# गुजरात को बदनाम करने की साजिश हुईः मोदी

## = कुछ लोग एजेंडा के तहत गुजरात को दुनिया में बदनाम करने की साजिश रच रहे थेः पीएम नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी बुधवार को अहमदाबाद साइंस सिटी में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 20वें एनिवर्सरी प्रोग्राम में शामिल हुए। मोदी ने अपने संबोधन में गुजरात का मुख्यमंत्री रहते आईं चुनौतियों पर बात की। पीएम ने 2001 से पहले गुजरात में आए अकाल, फिर भूकंप और गोधरा ट्रेन की घटना और राज्य में फैली हिंसा के बाद के हालात की चर्चा की। उन्होंने कहा- तब कुछ लोग एजेंडा के तहत गुजरात को दुनिया में बदनाम करने की साजिश रच रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा- जब मैं गुजरात का सीएम था और राज्य विपरीत परिस्थितियों से गुजर रहा था, तब केंद्र सरकार में बैठे लोग बुलाने पर भी नहीं आते थे। सीएम के तौर पर मेरा ज्यादा अनुभव नहीं था, लेकिन मेरा गुजरात और गुजरात के लोगों पर अटूट भरोसा था। मैंने सीएम रहते संकल्प लिया और इन चुनौतियों से राज्य को बाहर निकाला।

**विपक्ष को घेरा**

**8 पीएम ने 2001 से पहले गुजरात में आए अकाल, फिर भूकंप और गोधरा ट्रेन की घटना और राज्य में फैली हिंसा के बाद के हालात की चर्चा की**

**वाइब्रेंट गुजरात ब्रांडिंग नहीं, मेरे लिए बॉन्डिंगः** पीएम ने कहा- 20 साल पहले हमने एक छोटा सा बीज बोया था आज वह इतना विशाल वट वृक्ष बन गया है। बरसों पहले मैंने कहा था कि वाइब्रेंट गुजरात सिर्फ ब्रांडिंग का आयोजन भर नहीं है बल्कि इससे बढ़ कर बॉन्डिंग का आयोजन है। यह बॉन्ड मेरे और गुजरात के 7 करोड़ नागरिकों और उनके सामर्थ्य के साथ जुड़ा हुआ है।

**अकाल, भूकंप, गोधरा और हिंसा की भी चर्चा कीः** मोदी ने कहा- 2001 में आए भीषण भूकंप से भी पहले गुजरात लंबे समय तक अकाल की स्थिति से जूझ रहा था। भूकंप से लाखों लोग प्रभावित हुए। इस बीच एक और गोधरा की हृदयविदारक घटना हुई और उसके बाद गुजरात हिंसा की आग में जल उठा।

**तब कहा गया कि गुजरात से सब पलायन कर जाएंगेः** मोदी ने कहा- जो लोग एजेंडा लेकर चलते थे वे उस समय भी घटनाओं का अपने तरीके से आंकलन करने में जुटे हुए थे। कहा गया कि गुजरात से युवा, व्यापारी, उद्योग सब पलायन कर जाएंगे। दुनिया में गुजरात को बदनाम करने की साजिश रची गई। कहा गया गुजरात कभी अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पाएगा। सीएम के तौर पर मेरा ज्यादा अनुभव नहीं था, लेकिन मेरा गुजरात और गुजरात के लोगों पर अटूट भरोसा था।

## असम-मेघालय के बीच सीमा विवाद फिर हिंसक हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/शिलांग**
**असम** और मेघालय के बीच सीमा विवाद एक बार फिर हिंसक हो गया है। 26 सितंबर को बॉर्डर के पास स्थित एक गांव में झड़प हुई। पुलिस ने बताया, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर धनुष-बाण और गुलेल से हमला किया। बुधवार को इस विवाद के फोटो-वीडियो वायरल हुए। यह भिड़ंत मेघालय के पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले और असम के पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले के बीच सीमा पर स्थित लापांगप गांव में हुई। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दोनों राज्यों की पुलिस टीमों ने घटनास्थल का दौरा किया, लोगों को समझाइश दी। तब हालात काबू में किए जा सके। बुधवार सुबह स्थिति शांत, लेकिन तनावपूर्ण रही, क्योंकि दोनों राज्यों के पुलिस बलों ने ग्रामीणों को उस स्थान पर इकट्ठा होने से रोक दिया, जहां झड़प हुई थी। दोनों राज्यों के उट इस मसले पर अक्टूबर में मीटिंग करेंगे।

**250 लोग इकट्ठा हुए, खेत में छुपकर हमलाः** लापांगप गांव के निवासी देइमोनमी लिंगदोह ने दावा किया कि गांव के किसान अपने धान के खेतों की देखभाल कर रहे थे, उन पर खेतों के पास छिपे असम के लोगों ने गुलेल, धनुष और बाण से हमला किया। उन्होंने कहा कि हमले के बारे में जानकर, हमारे गांव के लगभग 250-300 लोग इकट्ठा हो गए और धनुष-बाण और गुलेल से जवाबी हमला किया, जिससे मंगलवार को पूरे दिन तनाव बना रहा।

## शहरी विकास में दोगुना निवेश हुआः राष्ट्रपति मुर्मू

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**राष्ट्रपति द्रौ**पदी मुर्मू ने कहा कि शहरों और नागरिकों की जरूरत का आकलन कर विकास का रोडमेप तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर चिंता जाहिर करते हुए स्मार्ट शहरों में किये जा रहे कार्यों को सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में और टिकाऊ विकास पर और अधिक काम किये जाने की जरूरत है। शहरी विकास में समग्र निवेश पिछले दशकों में दोगुना से अधिक हुआ है। स्मार्ट सिटी मिशन का इसमें बड़ा योगदान है। राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार को इंदौर में इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव-2023 को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने समारोह में आईसी अवार्ड सेरेमनी में विजेता शहरों और राज्यों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी उपस्थित थे।

**रोडमैप तैयार**

**8 राष्ट्रपति मुर्मू ने इंडिया स्मार्ट सिटीज अवाड्र्स कॉन्टेस्ट-2022 के विजेताओं को वितरित किए पुरस्कार**

राष्ट्रपति ने कहा कि इन्दौर ने भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपना स्थान बनाए रखा है। इंदौर देश की स्मार्ट सिटीज में भी सबसे ऊपर है। उन्होंने इंदौर के निवासियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन के अधिकारियों, केंद्र सरकार के सम्बद्ध विभागों तथा अन्य सभी स्टेकहोल्डर्स की सराहना की।



# आईआईटी मंडी के शोधकर्ताओं ने सुअर के मांस से संबंधित टैपवार्म के विरुद्ध प्रोटीन-आधारित वैक्सीन बनाने का दिया प्रस्ताव

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी के शोधकताओं द्वारा सुअर के मांस से संबंधित टैपवार्म के विरुद्ध टीकों के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है। यह शोध स्कूल ऑफ बायोसाइंसेस और बायोइंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अमित प्रसाद के नेतृत्व में किया गया है। यह टैपवार्म आंत्रिक संक्रमणों के अलावा उच्च गंभीर मस्तिष्क संक्रमण के लिए भी जि मेदार है जिससे मिर्गी भी होती है। इस शोध को पंजाब के दयानंद मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के वैज्ञानिकों एवं हिमाचल प्रदेश के सीएसआईआर-हिमालयन बायोरिसोर्स प्रौद्योगिकी संस्थान के

वैज्ञानिकों के सहयोग से किया गया है। यह शोध चुनौतीपूर्ण संक्रामक बीमारियों के लिए टीकों का उत्पादन करने के लिए एक नवीन, तीव्र एवं अधिक प्रभावी दृष्टिकोण प्रदान करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन पोर्क टैपवार्म को खाद्य जनित बीमारियों से होने वाली मौतों का एक प्रमुख कारण के रूप में देखता है, जिससे दिव्यांगता के साथ ही जीवन का भी नुक्सान होता है। विकासशील देशों में 30 प्रतिशत मिर्गी के मामलों में इसका योगदान हैए जो गंदगी और स्वतंत्र रूप घूमते फिरते सूअरें वाले क्षेत्रों में 45प्रतिशत-50प्रतिशत तक बढ़ सकता है। उत्तर भारत में मस्तिष्क संक्रमण का प्रसार चिंताजनक रूप से 48.3 प्रतिशत के उच्च स्तर पर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2030 रोडमैप ऑफ नेगलेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज का उद्देश्य टी. सोलियम और इसी तरह के संक्रमणों का मुकाबला करना है, जिनसे वैश्विक स्तर पर 1.5 बिलियन लोगों प्रभावित होते हैं। जबकि एल्बेंडाजोल और प्राजिक्वेंटेल जैसी कृमिनाशक दवाओं का बड़े पैमाने पर सेवन कराया जा रहा है किंतु इसमें सार्वजनिक भागीदारी में कमी और दवा प्रतिरोध के बढ़ते जोखिमों के कारण कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

# रंगप्रिया थिएटर सोसाइटी ने मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष के लिए सौंपा 31,000 रुपए का ड्राफ्ट

**अंशदान**

8 दर्शकों का भी धन्यवाद किया जिनके बलबूते कुल्लू में टिकट बेचकर इतनी राशि एकत्रित की जा सकी

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/ श्यामकुल्वी**

रंगप्रिया थिएटर सोसाइटी हि.प्र. ने मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष के लिए उपायुक्त आशुतोष गर्ग को 31000 रुपए का ड्राफ्ट सौंपा रंगप्रिया संस्था ने जिला प्रशासन कुल्लू, भाषा विभाग कुल्लू और जिला सम्पर्क अधिकारी कार्यालय कुल्लू के सहयोग से हाल ही प्रदेश में आई आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में सहयोग हेतु 24 सितंबर, 2023 को अटल सदन कुल्लू के अंतरंग सभागार में महाकवि

बोधायन कृत नाटक भगवदज्जुकम का मंचन किया था। संस्था के सचिव हितेश भार्गव ने जानकारी देते हुए कहा कि नाटक के टिकटों की विक्री द्वारा संस्था ने 31000 रुपए की राशि एकत्रित कीए जिसे मुख्यमंत्री राहत में देने के लिए उपायुक्त को सौंप दिया गया। उन्होंने सहयोग के लिए जिला प्रशासन कुल्लू, भाषा एवं संस्कृति विभाग कुल्लू तथा जिला लोक सम्पर्क अधिकारी कार्यालय का धन्यवाद किया। उन्होंने कुल्लू के दर्शकों का भी धन्यवाद किया जिनके बलबूते कुल्लू में टिकट बेचकर इतनी राशि एकत्रित की जा सकी।उन्होंने प्रदेश के सभी कलाकारों से अपील की कि सभी कलाकार अपनी अपनी विधाओं से इस तरह के प्रयास कर इस आपदा की मेंमुख्य मंत्री राहत कोष यथासंभव सहायता करें।

## एनएचपीसी परियोजना चरण-2 में चला सफाई अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

**एनएचपीसी** की पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-2 में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2023 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 27 सितंबर 2023 को एनएचपीसी पार्बती परियोजना के मणिकरण कार्यालय परिसर व सेंज कार्यालय परिसर तथा कार्यालय परिसर गडसा में स्वच्छता अभियान के अंतगर्त साफ-सफाई की गई।

# 26वीं खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

मंगलवार को केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला भनौता के प्रांगण मे 26 वीं खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चम्बा के अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, उनके साथ किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सुरेंद्र मनकोटिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक कुमार, चम्बा निजी बस आपरेटर यूनियन के जिलाध्यक्ष मनोज काशव, ब्लॉक उपाध्यक्ष रविकान्त चौधरी, ब्लॉक सचिव सुनील कुमार, सचिव गुरचरण बढौत्रा मौजूद रहे। खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी जाफर खान व प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष

अमित कुमार सहित अन्य आयोजक शिक्षकों ने मुख्य अतिथि सहित अन्य गणमान्यों का भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि करतार सिंह ठाकुर को आयोजक समिति द्वारा शाल व टोपी पहना कर व समृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान मुख्य अतिथि करतार सिंह ठाकुर ने सबसे पहले माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके मार्च पास्ट की सलामी ली। मुख्य अतिथि ने विभिन्न खंडों से प्रतियोगिता मे भाग लेने आए बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हे खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन्ही छोटी प्रतियोगिताओं से कई प्रतिभाएं निकलती है जो आगे चलकर देश और विदेश मे अपने क्षेत्रों का नाम रौशन करती हैं। वहीं उन्होंने इस समारोह के दौरान खेलकूद प्रतियोगिता मे भाग लेने

**आह्वान**

8 बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हे खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया

वाले छात्रों को इक्यावन सौ रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। इस आयोजन के दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के महासचिव अतुल कुमार, कोषाध्यक्ष उत्तम चंद मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता मे लगभग 300 छात्र भाग ले रहें है व यह खेलकूद प्रतियोगिता तीन दिनों तक आयोजित की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए अपना पंजीकरण करवाना पड़ेगा

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 5 नंबवर को पुरे हिमाचल प्रदेश में स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रही है। प्रतियोगिता में 9 वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी ही भाग ले सकते है। मंडी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए विशाल ठाकुर, विभाग संयोजक, एबीवीपी ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए अपना पंजीकरण करवाना पड़ेगा जो कि 3 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं से करवा सकते है। प्रतियोगिता में विश्व, भारत व हिमाचल प्रदेश का सामान्य ज्ञान, जनरल साइंस, भाषाएं द संस्कृत, हिन्दी, इंग्लिश, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, भारतीय धर्म और संस्कृति, खेल, करंट अफेयर्स व रीजनिंग, विलीटी आदि के 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में जिला में प्रथम स्थान हासिल करते वाले विद्यार्थी को 11000 रू, द्वितीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी को 7100 रू व तृतीय स्थान हासिल करने वाले को 5100 रू का पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता छात्रों को स्कूल के बाद आने वाले समय में अन्य परीक्षाओं के तैयारी के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होता है वह इस परीक्षा का परिणाम नंबवर महीने के अंतिम सप्ताह में घोषित किया जाएगा।इस प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस पर वितरित किए जाएंगे।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने ग्रेट 4 बाय 4 एक्सपेडिशन बाय टोयोटा के समापन की घोषणा की

**शिमला:** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने उत्तर क्षेत्र में अपने ग्रेट4 बाय 4 एक्सपेडिशन बाय टोयोटा का सफलता पूर्वक समापन किया,जो रोमांचक ऑफ .रोड ऐडवेंचर के मिश्रण के साथ एक यादगार ड्राइव है। उत्तरी अभियान ग्रेट 4 बाय 4 एक्सपेडिशन बाय टोयोटा की श्रृंखला में नवीनतम है जिसकी शुरूआत दक्षिण भारत में एक क्षेत्रीय अभियान के साथ हुई थी और पश्चिमी क्षेत्रीय अभियान के माध्यम से जारी रही। इस अभियान ने 4 बाय 4 के उत्साहियों को लुभाया और यादगार अनुभव तैयार करने के प्रति टोयोटा की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।इसमें प्रतिष्ठित हाइ लक्स,मशहूर एलसी 300,सर्वप्रिय फॉर्च्यूनर तथा अत्याधुनिक हाइ राडर एडब्ल्यूडी (ऑलव्हीलड्राइव) शामिल थे। इसके अलावा इस अभियान ने प्रतिभागियों के एक विविध समूह को एक जुट किया जिसमें टोयोटा और अन्य एसयूवी ब्रांड की एक श्रृंखला शामिल थी जिससे एक जीवंत और रोमांचक माहौल तैयार हुआ।अपनी मोटर स्पोर्ट विरासत के साथ टोयोटा अभी भी एक प्रेरणा के रूप में काम करना जारी रखे हुए है और जाने .माने क्यूडीआर( गुणवत्ता,स्थायित्व और विश्वसनीयता) वाले उत्पादों की श्रृंखला की पेशकश करता है जिसने लाखों ग्राहकों का दिल जीत लिया है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स और स्ट्रैटेजिक मार्केटिंग के वाइस प्रेसिडेंट,अतुल सूद ने कहा,टोयोटा में हम दृढ़ता से मानते हैं कि हमारी मोटर स्पोर्ट्स विरासत हमें विश्वस्तरीय कार बनाने के लिए प्रेरित करती है। ऐसी कारें जो ऑन .रोड और ऑफ .रोड ड्राइव दोनों में उत्कृष्ट हैं। अब जब हम उत्तर क्षेत्रीय ग्रेट 4 बाय 4 एक्सपेडिशन बाय टोयोटा अभियान के सफल समापन का जश्न मना रहे हैं टीकेएम उन सभी प्रतिभागियों,समर्थकों और भागीदारों के प्रति हार्दिक सराहना व्यक्त करता है जो इस असाधारण यात्रा में अभिन्न अंग रहे हैं। 4 बाय 4 का अनुभव 4 बाय 4 विशेषज्ञों की देख रेख में हासिल किया गया जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि प्रतिभागी सुरक्षित रहते हुए रोमांचक आनंद ले सकें।

# 'कांग्रेस नेताओं को केंद्र के सकारात्मक कार्यों में दिक्कत'

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

रोहित ठाकुर के बयान पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश सचिव ने कहा कि लगता है कि कांग्रेस के नेताओं को देश और प्रदेश में केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहे सकारात्मक कार्यों से दिक्कत हो रही है। खुद तो यह कांग्रेस के नेता प्रदेश के युवाओं को नौकरियां दे नहीं पा रहे हैं और जब केंद्र सरकार हिमाचल के युवाओं को नौकरियां दे रही है तो उस इन नेताओं को तकलीफ हो रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आपदा के समय राष्ट्रीय स्तर से हिमाचल पहुंचने वाले पहले नेता कांग्रेस सरकार अपनी नाकामयाबियों का, फेलियर का ठीकरा भारतीय जनता पार्टी पर फोड़ रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आपदा के समय राष्ट्रीय स्तर से हिमाचल पहुंचने वाले पहले नेता थे जिन्होनें मण्डी, कुल्लू, मनाली का प्रवास करके लोगों का दुख दर्द बांटा। दोबारा शिमला आकर मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के साथ बैठक की और आपदा राहत के लिए माकूल धनराशि देने के बाद आपदा की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए सब प्रकार का सहयोग करने की घोषणा की। प्रदेश में जो भी धनराशि आपदा राहत में दी जा रही है, वह सारी राशि केन्द्र सरकार से आई है। ऐसे में केन्द्र सरकार को कोसने का काम मंत्री जी और सरकार का सोचा समझा षडयंत्र है।

भाजपा नेता ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सरकार कांग्रेस पार्टी की है और जनता की आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति करना प्रदेश सरकार का दायित्व है और प्रदेश सरकार अपने दायित्व से भाग रही है। अनुराग ठाकुर केन्द्र सरकार द्वारा दी गई नौकरियों के पत्र यदि बांट रहे हैं तो उसमें भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार को तकलीफ हो रही है और कांग्रेस की वर्तमान सरकार बेरोजगार युवाओं को नौकरी का झांसा देकर सत्ता में आई और अब उनका शोषण कर रही है और नौकरियों से निकाल रही है।

भाजपा नेता ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार न आपदा प्रभावित लोगो की मदद कर पाई, न केन्द्र द्वारा दिए गए पैसे का सदुपयोग कर पाई, न महिलाओं को उनके अधिकार दे पाई, न बेरोजगार युवाओं को नौकरी दे पाई, न बागवान और किसान की मदद कर पाई, न 300 यूनिट बिजली मुफ्त दे पाई केवल केन्द्र सरकार को गाली देकर हिमाचल प्रदेश की जनता को धोखा देने का प्रयास कर रहे हैं।

## असम सरकार ने आपदा राहत कोष में किया 10 करोड़ का अंशदान

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**हिमाचल** प्रदेश में भारी बारिश, बाढ़ एवं भूस्खलन से आई आपदा से निपटने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा गठित आपदा राहत कोष-2023 में असम सरकार ने 10 करोड़ रुपए की सहायता राशि का अंशदान किया है। इस राशि का एक चेक आज यहां असम के वन मंत्री चन्द्र मोहन पटोवारी ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को भेंट किया। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने असम सरकार का इस सहायता राशि के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों को मदद प्रदान करने में यह सहायता राशि कारगर साबित होगी।

# दृढ़ इच्छाशक्ति, नेक इरादे व दूरगामी सोच का प्रमाण हैं नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल: अंजना

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

इच्छाशक्ति दृढ़ हो, इरादा नेक हो, नियत साफ हो और भाव सेवा का हो तो हर काम मुमकिन होता हैं। ऐसा ही उदाहरण हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने पेश किया हैं उक्त ब्यान महिला मोर्चा महामंत्री अंजना शर्मा ने दिया हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक के बाद एक ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। जब इच्छाशक्ति दृढ़ हो, इरादा नेक हो, नियत साफ हो और भाव सेवा का हो तो हर काम मुमकिन होता है। ऐसा व्यक्ति ही इतिहास रचता है और लोगों के दिलों में बसता है।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने ऐसा ही इतिहास इस सितंबर में रचा है। एक तो देश को नई संसद की सौगात आजादी के अमृतकाल में उनके नेतृत्व में देश को मिली और इस नई संसद में जो ऐतिहासिक कार्य हुआ है, उसके लिए देश को 27 वर्षों से इंतजार था। लोकसभा ने 20 सितंबर को जो नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया है, वह भारत के लिए ऐतिहासिक कार्य है और देश की नारी शक्ति के लिए एक वरदान है।

प्रधानमंत्री मोदी की कल्पना ने कार्यरूप लिया तो भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी का सपना भी साकार हुआ। यह विधेयक न केवल नारी सशक्तिकरण के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगा बल्कि न्यायपूर्ण और लैंगिक समानता को भी बढ़ावा देगा। इस प्रकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं भारत सरकार को बधाई।

# आपदा की घड़ी में प्रदेश सरकार प्रभावितों के साथः डॉ. शांडिल

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ धनीराम शांडिल ने आज जिला सोलन की ग्राम पंचायत पडग में भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए सम्पर्क मार्ग डढ़ोग गांव की सडक का निरीक्षण किया तथा राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को मार्ग शीघ्र बहाल करने के उचित दिशा-निर्देश दिए।

डॉ शांडिल ने कहा कि पूरे प्रदेश ने इस वर्ष अत्यंत विराट प्राकृतिक आपदा का सामना किया है। इस कारण भारी बहुमूल्य मानवीय क्षति के साथ-साथ व्यापक स्तर पर आर्थिक

नुकसान भी हुआ है। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रदेश सरकार प्रभावितों के साथ है और उनका पुनर्वास तथा प्रदेश की आर्थिकी को पुनः गति प्रदान करना प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व में प्रदेश सरकार आपदा प्रभावितों के पुनर्वास को समयबद्ध सुनिश्चित बना रही है तथा इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्री ने कहा कि वह भारी वर्षा के कारण सोलन जिला में हुए नुकसान का स्वयं जायजा ले रहे हैं और यह सुनिश्चित बना रहे है कि प्रभावितों को उचित राहत एवं पुनर्वास के साथ-साथ सहारा मिले एवं पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न राहत कार्यों में तेजी लाई जाए ताकि प्राभावितों को शीघ्र उचित राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि आपदाओं के समय में प्रभावितों को मानसिक क्षति भी उठानी पड़ती है। यह आवश्यक है कि सभी प्रभावितों को समयबद्ध राहत एवं पुनर्वास सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि सही आकलन उचित राहत राशि दिलावाने के साथ-साथ बेहतर पुनर्वास कार्यों में भी सहायक होगा।

# वीरों का वंदन अभियान में कलश यात्राओं का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

मेरी माटी मेरा देश, माटी को नमन वीरो का वंदन कार्यक्रम के अन्तर्गत1-30सितंबर तक ग्रामीण स्तर पर माटी एकत्रित कर अमृत कलश यात्राओ का आयोजन किया जा रहा है, इस कड़ी में नेहरू युवा केंद्र कुल्लू, राष्ट्रीय सेवा योजना युवा मामले विभाग भारत सरकार एवं आईटीबीपी कुल्लू द्वारा पंचायतों, गाँव से माटी एवं अक्षद एकत्रित किए जा रहे है। प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात में देश से आह्वान किया गया कि मेरी माटी मेरा देश के अन्तर्गत जनभागीदारी सुनिश्चित की जाये हर गाँव हर शहर घर घर देश के वीरो को समर्पित माटी एवं अक्षद एकत्रित कर एक उत्सव के

रूप में अमृत कलश यात्राओ का आयोजन किया जाये।जिसके तहत कुल्लू जिले में विभिन्न स्थानो में अमृत कलश यात्राओ का आयोजन किया गया जिनमे आम जनमानस के द्वारा भी अपनी जनभागीदारी सुनिश्चित की गई इन कलश यात्राओ के साथ युवाओ द्वारा भारत माता की जय के नारों के साथ घर घर से माटी एवं अक्षद एकत्रित किए गए

**यात्रा**

8 अक्षद एकत्रित कर एक उत्सव के रूप में अमृत कलश यात्राओं का आयोजन किया जाय

रायसन, बंदरोल, कटराई, अरछण्डी , हरिपुर, बशकोला, नग्गर, जटेहड विहाल, लरांकेलों, नशाला, हिरणी आदि स्थानों पर आईटीबीपी के सहयोग से कलश यात्राओ का आयोजन हुआ वही अपर ढालपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के स्वयंसेवियो के द्वारा माटी एकत्रित कर पंच प्रण की शपथ ली गई, जागृति महिला मण्डल द्वारा नथान में पंच प्रण की शपथ के साथ माटी एकत्रित की गई बंजार में युवा मण्डल गोष्ठी, त्रिमूर्ति युवक मंडल जोरी, लक्ष्मी युवक मंडल रैला, ग्राम विकास महिला मंडल पटोला थाटीबीड द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया निरमंड खंड में ग्राम पंचायत दूरहा, कोट वही आनी में बटाला, कराना, डीम आदि स्थानो पर कलश यात्राओ का आयोजन हुआ।मेरी माटी मेरा देश के अन्तर्गत आयोजित इन कलश यात्राओ में विभिन्न स्थानों से एकत्रित की गई माटी राजधानी दिल्ली भेजी जाएगी जहां देश की अलग अलग क्षेत्रो से आयी हुई माटी से अमृत वाटिका का निर्माण किया जायेगा जो एक भारत श्रेष्ठ भारत का एक भव्य प्रतीक बनेगा।

# प्रयास एनजीओ ने आपदा प्रभावित बच्चों को कॉम्पटिशन की तैयारी व किताबों का उठाया बीड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

प्रदेश में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित बच्चों के लिए प्रयास एनजीओ ने एक महत्वपूर्ण बीड़ा उठाया है जिसके तहत हिमाचल में आपदा प्रभावित लोगों के बच्चों के लिए कम्पटीशन की तैयारी की किताबें और सहायता प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस मुहिम के पीछे एनजीओ के चेयरमैन डॉक्टर धर्मेश शर्मा, सीईओ डॉक्टर साक्षी और उनकी टीम का महत्वपूर्ण प्रयास हैं। इसमें हार्ले ऑनर ग्रुप, हिमालयन चैप्टर, हार्ले डेविडसन चंडीगढ़ की

महत्वपूर्ण भूमिका से ने इस मुहिम को सफलता की ओर बढ़ाया है। एनजीओ के सदस्यों ने एच ओ जी के डायरेक्टर डॉ रणदीप मान और राकेश शर्मा का हार्दिक आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने इस मुहिम के लिए महत्वपूर्ण सहयोग दिया है। यह कार्यक्रम बच्चों के भविष्य को समृद्धि और सफलता की दिशा में मदद करेगा।

# क्यारी गुंडाह-पांवटा बस को हरी झंडी दिखाकर उद्योग मंत्री ने किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**उद्योग,** संसदीय मामले एवं आयुष मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने पांवटा साहिब बस स्टैंड से क्यारी गुंडाह-पांवटा साहिब बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उद्योग मंत्री ने बस को हरी झंडी दिखाने के उपरांत उसी बस में यात्रियों के साथ सतौन तक यात्रा भी की। उद्योग मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बस क्यारी गुंडाह से पांवटा साहिब के लिए सुबह चलेगी पांवटा साहिब पहुँचने के उपरांत दोपहर बाद यह बस क्यारी गुंडाह के लिए वापिस जाएगी। उन्होंने बताया कि यह बस क्यारी गुंडाह, मिल्ला, टिम्बी, कफोटा, कमरऊ, सतौन से होते हुए पांवटा साहिब पहुंचेगी तथा इसी रूट से वापिस क्यारी गुंडाह जाएगी। इस बस के चलने से शिलाई विधानसभा क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोगों द्वारा इस बस की माँग कई वर्षों से की जा रही थी जिसे उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए आज समर्पित किया।क्षेत्र के लोगों का प्रतिनधिमंडल पांवटा साहिब में उद्योग मंत्री से मिला तथा इस बस के चालू होने पर उनका तहेदिल से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश की सुखविन्द्र सिंह सुक्खु सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग का ख्याल रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर वर्ग का कल्याण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिलाई क्षेत्र में विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भारी बरसात के कारण प्रदेश में आयी आपदा ने प्रदेश में विकास की गति को रुकावट दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर 77 हजार करोड़ का कर्ज है इसके उपरांत भी प्रदेश में विकास की गति को कम नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में 10 हजार नौकरियां स्वीकृत की है इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार ने चयन आयोग का गठन किया है जिसके माध्यम से रुकी हुई भर्तियां भी जल्द की जाएगी।उन्होंने कहा की एचआरटीसी के बेड़े में जल्द ही 250 नई बसें आने जा रही है जिससे जहाँ बसों की कमी होगी वहाँ अतिरिक्त बसें उपलब्ध करवाई जाएंगी।

# 100 आंगनबाड़ी केंद्रों को बनाया जाएगा सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रः उपायुक्त अपूर्व

**चर्चा**

**8 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र बनाने लिए तैयार की जाने वाली कार्य योजना को लेकर बैठक की**

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने कहा कि जिला के 100 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी बनाया जाएगा। यह बात उन्होंने उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन हाल में सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र बनाने लिए तैयार की जाने वाली कार्य योजना को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान कहीं। उन्होंने संबंधित विभागों को चयन किए गए 100 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र बनाने को लेकर कार्य योजना को तय सीमा के भीतर तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने निर्देश देते हुए यह भी कहा कि सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका का निर्माण, वर्षा जल संचयन प्रणाली और आंगनबाड़ी केंद्र के भवन की आधारभूत संरचना में भी सुधार किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पानी के लिए आरओ की सुविधा भी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि 25 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में एलईडी स्क्रीन भी लगाई जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों को बनाने के लिए चयन की गई आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा कर कार्य योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए त्वरित कार्यवाही करने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राकेश कुमार, उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ओपी ठाकुर, अधिशांशी अभियंता जल शक्ति राजेंद्र ठाकुर सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ मौजूद रहे।

## रोहित ठाकुर के बयान पर भाजपा का पलटवार

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**रोहित** ठाकुर के बयान पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा प्रवक्ता चेतन ब्रागटा, बलबीर वर्मा और विवेक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी नाकामयाबियों का, फेलियर का ठीकरा भारतीय जनता पार्टी पर फोड़ रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आपदा के समय राष्ट्रीय स्तर से हिमाचल पहुंचने वाले पहले नेता थे जिन्होंने मण्डी, कुल्लू, मनाली का प्रवास करके लोगों का दुख दर्द बांटा। दोबारा शिमला आकर मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के साथ बैठक की और आपदा राहत के लिए माकूल धनराशि देने के बाद आपदा की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए सब प्रकार का सहयोग करने की घोषणा की।

## पैराग्लाइडिंग: 39 छात्रों के लिए एचपीकेवीएन और टीएचएससी द्वारा प्रशिक्षण आयोजित

**कौशल**

**8 युवाओं के कौशल रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए समर्पण का एक प्रमाण है**

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम एचपीकेवीएन और पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र कौशल परिषद टीएचएससी ने मिलकर 39 छात्रों के लिए पैराग्लाइडिंग पर व्यापक दो-दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन के 24 और 25 सितंबर को हिमाचल प्रदेश के ग्लाइड इन जूंगा में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन नरेश चौहान, एसीएफए हिमाचल प्रदेश बिल्डिंग और अन्य निर्माण कामकाज कर्ता कल्याण बोर्ड द्वारा किया गया।

इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल स्टडीज के छात्र जो एचपी यूनिवर्सिटी, शिमला में मास्टर ऑफ टूरिज्म एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई कर रहे हैं, उन्होंने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पैराग्लाइडिंग की कला में मजबूत आधार प्रदान करना था, जिसमें सुरक्षा उपयोग, शिष्टाचार, अतिथि हैंडलिंग और अनुभागों के साथ-साथ प्रभावी संवाद कौशल जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना था। प्रशिक्षण अनुभवी पेशेवरों द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें ग्लाइड इन जूंगा के मुख्य पैराग्लाइडिंग इंस्ट्रक्टर भी शामिल रहे। प्रतिभागियों ने पैराग्लाइडिंग में सीखने और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के इस अनूठे अवसर के लिए अपना उत्साह और आभार व्यक्त किया, जिससे निस्संदेह पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में उनके करियर को लाभ होगा। हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम एचपीकेवीएन तथा पर्यटन व आतिथ्य क्षेत्र कौशल परिषद टीएचएससी की इस पहल के माध्यम से छात्रों को मूल्यवान कौशल प्रदान करने के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में पर्यटन और एडवेंचर स्पोर्ट्स के विकास का समर्थन भी मिलता है। राज्य की दिव्याकरण दृश्य और पैराग्लाइडिंग के लिए आदर्श स्थितियां प्रयास कताओं के लिए विश्व भर से आनंद जनक साहसी यात्रियों के लिए आकर्षक गंतव्य बनाती हैं। एचपीकेवीएन और टीएचएससी कौशल विकास को बढ़ावा देने और पर्यटन क्षेत्र में मूल्यवान प्रशिक्षण अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सहयोगात्मक प्रयास हिमाचल प्रदेश में युवाओं के कौशल और रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए उनके समर्पण का एक प्रमाण है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक जिला परिषद हाल कुल्लू में अयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्यामकुल्वी**

जिला परिषद कुल्लू की त्रैमासिक बैठक का आयोजन जिला परिषद हाल कुल्लू में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार ने की। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार विषेश रूप से उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न जिला पार्षदों द्वारा उठाए गए मुद्दों तथा समस्याओं पर अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार ने कहा कि जिला परिषद की बैठक अपने आप में एक बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि जिला परिषद त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है जो लोकतंत्र में जनता के समस्याओं को हल करने का एक बहुत अच्छा जरिया है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षो को बैठक में उपस्थित सुनिश्चित बनाने को कहा तथा सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों से संबंधित पूरी जानकारी के को प्राप्त हो सके। ताकि पूर्ण समन्वय के साथ बैठक की सार्थकता सुनिश्चित हो सके तथा समय की बबार्दी भी न हो। सदस्य रेखा देवी के प्रश्न का जबाब देते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि भुंतर मणिकर्ण रोड़ को डबल लेन करने के सम्बन्धी 78.15 करोड़ रुपए की डीपीआर स्वीकृति के लिए केन्द्र सरकार को भेजी गई है। सदस्य विभा सिंह के एक प्रश्न पर जीएनएचपी के अधिकारियों ने बताया कि विभाग द्वारा सैंज रोपा तथा शाई रोपा में विकासात्मक गतिविधियों तथा योजना संबधी जानकारी करने व उन पर विचार के लिए में अक्टूबर माह के पहले सप्ताह में बैठक आयोजित की जाएगी। एक प्रश्न के जवाब में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण ने जवाब दिया कि न्यूली में बेली ब्रिज एक सप्ताह में बनकर तैयार हो जाएगा बैठक की कार्यवाही का संचालन जिला पंचायत अधिकारी ने किया। बैठक में उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर, सदस्य पूर्ण चंद्र ठाकुर, मानसिंह, जीवन ठाकुर, गुलाब सिंह, आशा ठाकुर, रुक्मिणी देवी, दीपिका द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दे पर विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली गई।

### स्क्रब टाइफस के लक्षण दिखते ही तुरंत डॉक्टर को दिखाएं आसानी से संभव है इलाज

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

स्क्रब टाइफस बुखार का इलाज आसानी से संभव है। इससे किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है। यह संक्रमित पिस्सू के काटने से फैलने वाला रोग है और समय पर डॉक्टरी सलाह से आसानी से इसका इलाज संभव है। जरूरत है तो केवल आवश्यक सावधानी बरतनेए सचेत रहने और समय पर इलाज की। कैसे फैलता है स्क्रब टाइफ स मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी डॉ.एन.के. भारद्वाज बताते हैं कि स्क्रब टाईफस बुखार एक खतरनाक जीवाणु रिकेटशिया से संक्रमित पिस्सू के काटने से फैलता है, जो खेतों, झाडि?ों व घास में रहने वाले चूहों से पनपता है। यह जीवाणु चमड़ी के जरिए शरीर में प्रवेश करता है और स्क्रब टाइफस बुखार पैदा करता है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता। ये लक्षण दिखें तो तुरंत लें चिकित्सकीय परामर्श मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्क्रब टाइफस के लक्षणों की जानकारी देते हुए बताते हैं कि जोड़ों में भयंकर दर्द और कंपकपी के साथ किसी व्यक्ति को 104 से 105 डिग्री का तेज बुखार होने और शरीर में अकड? का थकावट महसूस होने पर तुरंत डॉक्टरी जांच करवा लेनी चाहिए। ज्यादा संक्रमण में गर्दन, बाजुओं के नीचे, कूल्हों के ऊपर गिल्टियां होने जैसे लक्षण भी स्क्रब टाइफस के हमले की निशानी हो सकते हैं, ऐसे किसी भी लक्षण में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाएं। इसके अलावा भी बुखार कैसा भी हो तुरंत डॉक्टरी सलाह लें।

### वी पेश करते हैं वी ऐप पर अनूठा ऑफर रीचार्ज एण्ड फ्लाय!

**शिमला:** त्योहारों के सीजन में खुशियों को और अधिक बढ़ाते हुए जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज ईज मायट्रिप के सहयोग से अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए स्पेशल सेलेब्रेटरी ऑफर ह्यरीचार्ज एण्ड फ्लायह्णकी घोषणा की है।इस प्रस्ताव के तहत 26 से 30 सितम्बर 2023 के बीच वी ऐप के जरिए रीचार्ज करने वाले वी के उपभोक्ताओं को हर घण्टे 5000 तक कीमत की एक मुफ्त डोमेस्टिक फ्लाईट टिकट जीतने का मौका मिलेगा, वैकल्पिक रूप से यूजर ज्यादा कीमत की फ्लाईट टिकट बुक कर 5000 का डिस्काउन्ट पा सकते हैं।साथ ही 5 दिनों की ऑफर की अवधि के दौरान उपभोक्ता इंटरनेट का अधिक लाभ उठा सकेंगे क्योंकि वी लेकर आए हैं वी ऐप के जरिए चुनिंदा रीचार्ज करने पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 50 जीबी तक डेटा के फायदे।इसके अलावा वी के यूज़र अन्य रिवॉर्ड्स के साथ-साथ फ्लाईट टिकट पर ईज मायट्रिप द्वारा 400 तक के स्पेशल डिस्काउन्ट कूपन भी जीत सकते हैं।वी ऐप के जरिए जितने ज्यादा रीचार्ज किए जाएंगे, उतना ही फ्लाईट टिकट और अतिरिक्त डेटा जीतने की संभावना बढ़ती चली जाएगी।उपरोक्त ऑफर एक्सक्लुजिव रूप से वी ऐप पर उपलब्ध हैं।

## सुख आश्रय योजना किसी वरदान से कम नहीं: एनआर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**जिला** कल्याण भवन मंडी में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना और मिशन वात्सल्य पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 150 से अधिक आगनवाड़ी सुपरवाइजर्स ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जिला बाल सरंक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने कहा की सुख आश्रय योजना मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की एक अनूठी और श्रेष्ठ पहल है जो अनाथ बच्चों के लिए लाइफलाइन का काम कर रही है। उन्होंने कहा की सरकार ने ऐसे बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा दिया है।

जिला मंडी में ऐसे 479 बच्चों की पहचान हुई है जिनका पालन पोषण, शिक्षा, आवास, विवाह आदि का खर्चा सरकार उठाएगी।उन्होंने कहा की राज्य सरकार एक पालक माता पिता की तरह इन बच्चों की न केवल निर्वाह कि व्यवस्था कर रही है बल्कि उनके भावी जीवन की चिंता भी सरकार को है। जिला मंडी में यह योजना जिलाधीश एवम बाल कल्याण सरक्षण समिति के मार्गदर्शन में चल रही है। आजकल जिनको इस योजना का लाभ मिलना है उनके दस्तावेज युद्ध स्तर पर बन रहे है ताकि उन्हे जल्दी से जल्दी इसका लाभ मिल सके। यह योजना अनाथ बच्चों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।शैलजा अवस्थी, सरंक्षण अधिकारी ने मिशन वातसल्य पर अपनी विस्तृत जानकारी रखी तथा योजना की बारीकियों को पूरी तरह से प्रतिभागियों को समझाया। जिला पोषण कोर्डिनेटर रजनीश ने बच्चों के कुपोषण, वृद्धि और विकास के सभी पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का समापन जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय बदरेल ने किया। उन्होंने इस मौके पर कहा की विभाग की सभी योजनाओं को सुचारू रूप से चलाना हम सबकी जिम्मेदारी है ताकि समय पर लोगों को इनके लाभ मिल सके। योजनाओं के कार्यान्वयन में ढील किसी भी स्तर पर बर्दास्त नही की जाएगी। उन्होंने मिशन वात्सल्य और सुखाश्रय योजनाओं के विभिन्न पहलूओं में भी प्रकाश डाला।

## जिला सहकारी विकास समिति के बैठक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**उपायुक्त** शिमला आदित्य नेगी की अध्यक्षता में आज यहाँ केंद्र सरकार प्रायोजित योजना सहकार से समृद्धि जिला सहकारी विकास समिति के बैठक का आयोजन किया गया।

उपायुक्त ने बताया कि योजना के अंतर्गत समस्त प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं को बहुउद्देशीय सहकारी सभाओं में रूपांतरित करने के लिए मॉडल उप कानून को अपनाया जाना आवश्यक है तथा इसके अंतर्गत जिला में अब तक 35 सहकारी सभाओं द्वारा आदर्श उप कानून को अपना लिया गया है।

## नरेंद्र कटारिया लगातार 26वीं बार बने अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**नगर निगम** शिमला के पूर्व महापौर और वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र कटारिया को लगातार 26वीं बार देश के प्रतिष्ठित क्लबों के से एक शिमला क्लब की बागडोर मिली है। शिमला क्लब के संपन्न द्विवार्षिक चुनाव में नरेंद्र कटारिया को सर्व सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। वर्ष 1998 के बाद शिमला क्लब में केवल दो बार मतदान के माध्यम चुनाव हुए जबकि शेष बार सर्वसम्मति से चुनाव हुए।

शिमला क्लब में सर्वसम्मति से हुए इन चुनाव में एस के कालिया को उपाध्यक्ष, सुधीर चावला को माहसचिव, विकास कपूर कक संयुक्त सचिव और शीनम कटारिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा नरेंद्र गुप्ता, नरेश चंद्र सूद, विकास खड़बन्दा और अतुल झिंगन को शिमला क्लब की कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया है। अशिवनी गोयल शिमला क्लब के सलाहकार चुने गए हैं। 485 नियमित सदस्यों वाले शिमला क्लब का गठन 1958 में हुआ था और तब से लेकर अब तक ये लगातार देश-विदेश के लोगों की पसंद बना हुआ है। देश भर के 138 क्लबों के अलावा शिमला क्लब की ऑस्ट्रेलिया क्लब से भी मान्यता है।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र कटारिया के अनुसार देश के हेरिटेज क्लबों में से एक शिमला क्लब लगातार सामाजिक गतिविधियों में भी शामिल रहा है। क्लब जहां जरूरतमंदों की लगातार सेवा में आगे रहा है वहीं क्लब ने कुछ रोज पूर्व ही मुख्यमंत्री राहत कोष में 5.51 लाख रुपये भी अंशदान किया।

## लगातार दूसरी बार आर्यनस दी गुरू हमीरपुर के 5 छात्रों ने पास की एनडीए की परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सितंबर 2023 में ली गईं देश की अति प्रतिष्ठित एन डी ए की प्रवेश परीक्षा में आर्यनस दी गुरू हमीरपुर के इस बार भी एक साथ 5 छात्र क्रमशः टिक्कर खतरिंयां हमीरपुर के कार्तिकेय सिंह, पालमपुर काँगड़ा के शिव कुमार, बडसर हमीरपुर के अनुज शर्मा, कोटगढ शिमला के आयशर व उत्तर प्रदेश के सागर कुमार उत्तीर्ण हुए। प्रेस को यह जानकारी देते हुए अकादमी के अध्यक्ष योग प्रकाश नन्दा ने कहा कि इसी वर्ष अप्रैल 2023 की एनडीए की परीक्षा में भी पाँच छात्र क्रमशः साहिल, सन्नी, वंशज, कार्तिक व आर्यन उत्तीर्ण हुए थे इस तरह एक वर्ष में उनकी अकादमी के कुल 10 छात्रों ने एनडीए में सफलता पा कर एक नया कीर्तिमान बनाया जो अपने आप दशार्ता है कि भारतीय सेना की अधिकारी स्तर की परीक्षा की तैयारी के लिए अकादमी ने एक सुदृढ़ ढाँचा तैयार किया है।

अकादमी के प्रबंध निदेशक आदित्य नन्दा ने बताया कि उनकी अकादमी में छोटे बैच बना कर हर छात्र पर फोकस किया जाता है तथा उनकी जरूरत के मुताबिक.योजना तैयार की जाती है।

उन्होंने कहा कि इसी कारण श्रम्-2023 की परीक्षा के आधार पर इस वर्ष एक साथ 6 छात्रों का चयन हुआ ।जिनमें एक शिव कुमार आई आई टी, खड्गपुर व 4 छात्र आर्यन, मोहित, हर्षित व अनुराग ने नेशनल इन्स्टिट्यूट आफ टेक्नॉलजी एनआईटी हमीरपुर में तथा अखिल शर्मा ने आई एम यू कोलकाता में प्रवेश पाकर गौरवान्वित किया।उनकी अकादमी का सफलता दर सब से ज्यादा है।

## शिलाई क्षेत्र का जन प्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता: हर्षवर्धन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

उद्योग, संसदीय मामले एवं आयुष मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि शिलाई क्षेत्र का जन प्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्र का संपूर्ण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शिलाई क्षेत्र की जनता ने उन्हें आशीर्वाद देकर विधानसभा भेजा और कैबिनेट मंत्री के रूप में अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करते हुए वह शिलाई क्षेत्र में विकास की नई ईबारत लिखने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शिलाई क्षेत्र में अभी तक जितने भी बड़े और उल्लेखनीय विकास कार्य हुए हैं, वह सब उनके कार्यकाल और प्रदेश में रही कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल में ही हुए हैं।उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान अपने शिलाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान गत सांय बकरास में जन समस्यायें सुन रहे थे।हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि गत सांय क्यारी गुंडाह से पांवटा बस सेवा का शुभारम्भ हुआ है जिससे क्षेत्र के सैंकडों लोगों, विशेषकर महिलाओं, बजुर्ग, स्कूली बच्चों, अपंगों आदि को विशेष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्यारी गुंडाह सडक उनके कार्यकाल में ही निर्मित हुई थी। उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान पांवटा साहिब से क्यारी गुंडा तक बस में सवार होकर बकरास पहुंचे जहां पर जगह-जगह स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। हर्ष वर्धन चौहान ने कहा कि आपदा के कारण प्रदेश में 450 से अधिक लोगों की जानें गई हैं तथा 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश में राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार को भेजा है। किन्तु खेद का विषय है कि विपक्षी दलों ने इस प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया। उद्योग मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार प्रदेश में 77 हजार करोड़ रुपए के ऋण का बोझ छोडकर गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आई आपदा तथा सीमित संसाधनों के बावजूद मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को थमने नहीं दिया गया है। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि शिलाई विधानसभा क्षेत्र में 52 करोड़ रुपये की लागत से नई सडकों का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा 60 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि शिलाई अस्पताल के भवन का निर्माण 2 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिलाई क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उददेश्य से 5 चिकित्सकों की नियुक्ति शिलाई अस्पताल में की जा रही हैं तथा हॉस्पिटल का कार्य प्रगति पर है। उद्योग मंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बकरास के भवन के लिए 25 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने टिम्बी में भूमि उपलब्ध होने पर विश्राम गृह निर्मित करने का आश्वासन भी दिया।

### सोलन में सुजुकी मोटरसाइकिल ने अपनी प्रीमियम डीलरशिप शुरू की

**सोलन:** सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन (एसएमसी) की मोटरसाइकिल सहायक इकाई सुजुकी मोटरसाइकिल इण्डिया प्रा. लिमिटेड (एसएमआईपीएल), ने हिमाचल राज्य में अपनी प्रीमियम डीलरशिप का उद्घाटन करते हुए सोलन, हिमाचल प्रदेश में अपने डीलरशिप नेटवर्क का विस्तार किया है। देवघाट, सोलन, हिमाचल प्रदेश में स्थित नई प्रीमियम डीलरशिप मैसर्स गोयल सुजुकी द्वारा स्थापित की गई है और यह अपने ग्राहकों को एक बेजोड़ खरीदारी अनुभव प्रदान करती है। इस ब्राण्ड न्यू डीलरशिप पर सुजुकी के घरेलू उत्पाद पोर्टफोलियो के नए मॉडल और सहायक उपकरण भी प्रदर्शित किए गए हैं। सुजुकी मोटरसाइकिल इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक, केनिची उमेदा ने कहा कि जैसा कि हम सुजुकी मोटरसाइकिल को भारतीय उपभोक्ताओं के लिए तेजी से सुलभ बनाना जारी रखे हुए हैं ठीक उसी प्रकार, हम सोलन में अपनी पहली प्रीमियम डीलरशिप के भव्य उद्घाटन की घोषणा करते हुए रोमांचित महसूस कर रहे हैं। हमारी दृष्टि हमारी उपस्थिति का विस्तार करने से से भी आगे है, यह रिटेल एक्सपीरिएंस को बेहतर बनाने और हमारे सम्मानित ग्राहकों को निर्बाध सेवा प्रदान करने के बारे में है।

## संपादकीय

# सनातन धर्म भारत की आत्मा है

**सनातन** धर्म को खलनायक साबित करने का षड्यंत्र चरम पर है। भारत में तमाम राजनीतिक दल सनातन धर्म को जातीय मतभेदों की वजह करार दे रहे हैं। उसे समाज को तोड़ने वाला बता रहे हैं। लेकिन शायद वे यह भूल रहे है कि फुनगियों के आधार पर जड़ आकलन संभव नहीं है। सनातन धर्म तो भारत की आत्मा है। यह भारत ही नहीं, दुनिया का पहला धर्म है। धरती का पहला धर्म है। धर्म धरती का पहला पुत्र है और कर्म दूसरा। हालांकि धर्म और कर्म एक-दूसरे के पूरक हैं। दोनों का अस्तित्व एक दूसरे पर टिका है। भगवान शिव को धर्म की जड़ कहा गया है। मूलं धर्मतरोर्विवेक जलधे पूर्णेन्दु मानंददं वैराग्याम्बुजभास्कर ह्यघधनंध्वान्तापहमतापहम। मतलब धर्म रूपी वृक्ष की जड़ भगवान शिव हैं। वे विवेक के समुद्र हैं और परम आनंददायी पूर्ण चंद्रमा हैं। सनातन धर्म मनुष्य ही नहीं, प्राणिमात्र के कल्याण की कामना करता है। जो धर्म मनुष्य, यक्ष, कन्निर, गंधर्व, देव,दनुज, नाग, नग, नदी, नद, तालाब सबके संरक्षण और परितृप्तीकरण की कामना करता है। जिस देश में आदि शंकराचार्य ईश्वर से प्रार्थना करते वक्त अपने लिए कुछ मांगते ही नहीं, वे दुख संतप्त प्राणियों के कल्याणकी अभ्यर्थना करते हैं। नतोहं कामये राज्यं न सौख्यं न पुनभर्वम। कामये तुखतप्तानां प्राणिनाम आर्त नाशनम। उस सनातन धर्म पर इस तरह का लांछन बर्दाश्त के काबिल नहीं है। सनातन धर्म ही एक ऐसा धर्म है जो प्राणिमात्र की सुख शांति की कामना करता है। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित दुख भाग भवेत। अपुत्रा पुत्रिणः सन्तु, पुद्धिणः सन्तु पौत्रिणः। निर्धनाः सधनासन्तुजीवन्तु शरदां शतं। जो सबके मंगलकी कामना करता है, वह सनानतन धर्म है। जो हिंस्त्र जीवों के भी संरक्षण का तरफदार है, वह सनातन धर्म है। सत्य और यज्ञ को धर्म कहा गया है। सदाचरण और मयार्दा की पराकाष्ठा धर्म है। कोई भी ऐसा ग्रंथ नहीं जो सनातन धर्म को नकारता हो। नीति ग्रंथों में भी कहा गया है कि सत्यं ब्रूयात प्रियं ब्रूयात, न ब्रूयात सत्यम अप्रियम। प्रियं च नानृतम ब्रूयात , एष धर्मः सनातनः। सत्य बोलना चाहिये, प्रिय बोलना चाहिये, सत्य किन्तु अप्रिय नहीं बोलना चाहिये । प्रिय किन्तु असत्य नहीं बोलना चाहिये । यही सनातन धर्म है। मतलब सत्य ही सनातन धर्म है। जब सत्य ही सनातन धर्म है तो सनातन धर्म की आलोचना करने वाले क्या सत्य से भटके हुए लोग हैं, यह अपने आप में सबसे बड़ा सवाल है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि दूसरे के कर्तव्य का पालन करने से भय होता है और स्वधर्म में मरना भी बेहतर होता है। स्वधर्मे मरणं श्रेयः। अर्थात हमें दूसरे का अनुसरण या नकल करने की बजाय स्वधर्म को पहचानना चाहिए। दूसरों का अनुसरण करने से मन में भय उत्पन्न होता है। भय से मुक्त होने का एक ही माध्यम है। एक ही उपाय है और वह है स्वधर्म पहचानना और उसमें जीना। सनातन धर्म के मूल स्वरूप की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा है कि शरीर नश्वर है पर आत्मा अमर है। यह तथ्य जानने पर भी व्यक्ति अपने इस नश्वर शरीर पर घमंड करता है जो कि बेकार है। शरीर पर घमंड करने के बजाय मनुष्य को सत्य स्वीकार करना चाहिए। हम खुश हैं या दुखी, यह हमारे अपने विचारों पर निर्भर है। अगर हम प्रसन्न रहना चाहते हैं तो हर हाल में प्रसन्न ही रहेंगे।

# ..इनके दम से नखले-आजादी हरा हो जाएगा



सुनील कुमार महला

"जानकारी देना चाहूंगा कि उन्होंने सुखदेव के साथ मिलकर लाला लाजपत राय की मौत का बदला लेने की योजना बनाई और लाहौर में पुलिस अधीक्षक जेम्स स्कॉट को मारने की साजिश रची। हालांकि पहचानने में गलती हो जाने के कारण उन्होंने ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जॉन सॉन्डर्स को गोली मार दी थी ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जॉन सॉन्डर्स की हत्या के करीब एक साल के बाद भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने दिल्ली के सेंट्रल असेंबली हॉल में बम फेंके और इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए। साथ ही इस बार उन्होंने खुद को गिरफ्तार हो जाने दिया। सांडर्स मामले में उन्हें फांसी की सजा हुई न कि असेंबली में बम फेंकने के मामले में। जानकारी मिलती है कि सिख होने के बावजूद उन्होंने दाढ़ी और बाल कटवा दिए थे ताकि अंग्रेज उन्हें पकड़ न सकें"

**'राख का** हर एक कण, मेरी गर्मी से गतिमान है। मैं एक ऐसा पागल हूं, जो जेल में भी आजाद है।' ऐसे ही क्रांतिकारी विचार जब हम पढ़ते हैं तो हमें बरबस ही याद आ जाती है आजादी के दीवानों की, आजादी के परवानों की। जी हां, आजादी के लिए अपनी जान, अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीद-ए-आजम भगत सिंह हर हिन्दुस्तानी के दिल में बसते हैं। सरदार भगत सिंह और उनके देश के लिए महान बलिदान ने देश की आम जनता में आजादी की जो तड़प पैदा की, उन्होंने देश के जन जन में देशभक्ति की जो भावना और ललक पैदा की, वह आज भी लोगों के हृदय के तारों को झंकृत करती है। सच तो यह है कि भगतसिंह को भारतीय राष्ट्रवादी आंदोलन के सबसे प्रभावशाली क्रांतिकारियों में से एक माना जाता है। वो बहुत से क्रन्तिकारी संगठनों के साथ मिले और उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में अपना बहुत बड़ा योगदान दिया था। भगत सिंह जी की मृत्यु 23 वर्ष की आयु में हुई जब उन्हें ब्रिटिश सरकार ने फांसी पर चढ़ा दिया। संस्कृत में हितोपदेश में एक श्लोक आता है -' सम्पदि यस्य न हर्षो विपदि विषादो रणे न भीरुत्वम्। तं भुवन त्रयतिलकं जनयति जननी सुतं विरलम्।।" इस श्लोक का मतलब यह है कि जिसको सुख सम्पत्ति में प्रसन्नता न हो, संकट विपत्ति में दुःख न हो, युद्ध में भय अथवा कायरता न हो, तीनों लोकों में महान् ऐसे किसी पुत्र को माता कभी-कभी ही जन्म देती है। भगतसिंह जी ऐसे ही सपूत थे, जिन्होंने भारत माता को,इस भारत देश को गौरवान्वित किया। विकीपीडिया पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार भगतसिंह का जन्म 28 सितम्बर 1907 को लायलपुर, पंजाब (वर्तमान में पाकिस्तान) में हुआ था। भगतसिंह महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रान्तिकारी थे। चन्द्रशेखर आजाद व पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर भगतसिंह ने भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया था। पहले लाहौर में बर्नी सैंडर्स की हत्या और उसके बाद दिल्ली की केन्द्रीय संसद (सेण्ट्रल असेम्बली) में बम-विस्फोट करके ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह को बुलन्दी प्रदान की थी। जानकारी देना चाहूंगा कि असेम्बली में बम फेंककर भी भगतसिंह ने भागने से मना कर दिया था, जिसके फलस्वरूप अंग्रेज सरकार ने इन्हें 23 मार्च 1931 को इनके दो अन्य साथियों, राजगुरु तथा सुखदेव के साथ फाँसी दे दी थी।कहा जाता है कि जब भगत सिंह को फांसी दी जा रही थी, तो भी उनके चेहरे पर मुस्कान थी, सर और सीना गर्व से ऊपर उठा हुआ था। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि भगतसिंह से नीचे की अदालत में जब यह पूछा गया था कि क्रांति से उन लोगों का क्या मतलब है ? तो इस प्रश्न के उत्तर में उन्होंने यह कहा था कि क्रांति के लिए खूनी लड़ाइयां अनिवार्य नहीं है और न ही उसमें व्यक्तिगत प्रतिहिंसा के लिए कोई स्थान है। वह बम और पिस्तौल का संप्रदाय नहीं है, 'क्रांति से हमारा अभिप्राय है अन्याय पर आधारित मौजूदा समाज-व्यवस्था में आमूल परिवर्तन।' दूसरे शब्दों में कहें तो भगत सिंह के अनुसार क्रांति में सदैव संघर्ष हो यह जरूरी नहीं है, क्रांति बम और पिस्तौल की राह नहीं है।बहरहाल, जानकारी देना चाहूंगा कि भगत सिंह ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ने के लिए किसानों और मजदूरों को प्रोत्साहित करने के लिए साल 1926 में नौजवान भारत सभा की स्थापना की थी। मैं नास्तिक क्यों हूं उनकी प्रसिद्ध रचना है जो उन्होंने जेल में लिखी थी और यह अंग्रेजी भाषा में लिखी गई थी। बहुत कम लोगों को इसकी जानकारी होगी कि वे विवाह नहीं करना चाहते थे और उन्होंने यह कहते हुए अपना घर छोड़ दिया था कि 'अगर मेरा विवाह गुलाम भारत में हुआ, तो मेरी वधु केवल मृत्यु होगी।' इसके बाद वह हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन में शामिल हो गए थे?। जानकारी देना चाहूंगा कि उन्होंने सुखदेव के साथ मिलकर लाला लाजपत राय की मौत का बदला लेने की योजना बनाई और लाहौर में पुलिस अधीक्षक जेम्स स्कॉट को मारने की साजिश रची। हालांकि पहचानने में गलती हो जाने के कारण उन्होंने ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जॉन सॉन्डर्स को गोली मार दी थी।ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जॉन सॉन्डर्स की हत्या के करीब एक साल के बाद भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने दिल्ली के सेंट्रल असेंबली हॉल में बम फेंके और इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए। साथ ही इस बार उन्होंने खुद को गिरफ्तार हो जाने दिया। सांडर्स मामले में उन्हें फांसी की सजा हुई न कि असेंबली में बम फेंकने के मामले में। जानकारी मिलती है कि

सिख होने के बावजूद उन्होंने दाढ़ी और बाल कटवा दिए थे ताकि अंग्रेज उन्हें पकड़ न सकें।

जेल में भेदभाव के खिलाफ उन्होंने 116 दिनों की भूख हड़ताल की थी,जो एक रिकॉर्ड है।



जानकारी देना चाहूंगा कि उनकी फांसी की सजा को 24 मार्च 1931 से 11 घंटे घटाकर 23 मार्च 1931 को शाम 7:30 बजे कर दिया गया था और उन्हें फांसी की सजा सुनाने वाला न्यायाधीश का नाम जी.सी. हिल्टन था।ऐसा कहा जाता है कि कोई भी मजिस्ट्रेट उनकी फांसी के समय उपस्थित रहने को तैयार नहीं था।उनकी मौत के असली वारंट की अवधि समाप्त होने के बाद एक जज ने वारंट पर हस्ताक्षर किए और फांसी के समय तक उपस्थित रहे।भगत सिंह हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गए और "ब्रिटिश साम्राज्यवाद का नाश हो" यह उनके द्वारा ब्रिटिशों के खिलाफ अंतिम नारा था। भगत सिंह कहते हैं बुराई इसलिए नहीं बढ़ रही है कि बुरे लोग बढ़ गए हैं, बल्कि बुराई इसलिए बढ़ रही है क्योंकि बुराई सहन करने वाले लोग बढ़ गए हैं। भगत सिंह कहते हैं मैं एक इंसान हूं और जो भी चीजे इंसानियत पर प्रभाव डालती है मुझे उनसे फर्क पड़ता है। भगतसिंह जी कहा करते थे कि 'मैं इस बात पर जोर देता हूं कि मैं महत्वाकांक्षा, आशा और जीवन के प्रति आकर्षण से भरा हुआ हूं। पर मैं जरूरत पड़ने पर ये सब त्याग सकता हूं और वही सच्चा बलिदान है।' असेंबली में बम गिराए जाने के बाद उन्होंने कहा था कि 'अगर बहरों को सुनाना है तो आवाज को बहुत जोरदार होना होगा।' उन्होंने कहा था कि 'जब हमने बम (असेंबली में) गिराया था तो हमारा मकसद किसी को मारना नहीं था। हमने अंग्रेजी हुकूमत पर बम गिराया था।' भगतसिंह जी के अनुसार दुनिया में सबसे बड़ा पाप गरीब होना है। उनका यह मानना था कि 'गरीबी एक अभिशाप है, यह एक सजा है।' अंत में किसी के शब्दों में यही कहूंगा कि - 'बाएसे-नाजे-वतन हैं दत्त, भगत सिंह और दास,इनके दम से नखले-आजादी हरा हो जाएगा।'

**(आर्टिकल का उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं है।)**

**सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।**

## कविता

### है खुदा, तो भला किसका डर होगा

फकीरों को भला किसका डर होगा,

खुशियाँ बांटिए तेजी से हैं बढती,
गमों का भला हम पर क्या असर होगा।

उसके लिए है हर पल आनंद ही आनंद
फसानों का भला उस पर क्या कहर होगा।

दो पल की माया है दौलत, शोहरत,
फकीरों के लिए यह तो जहर होगा।

खुशी और गम,सिक्के के दो पहलु,
सोचो गम न हो तो कैसा शहर होगा।

जिंदगी की जंग जीतेगा वहीं,
जो ईमान का हम सफर होगा।

आज जी ले,जोश जूनून के संग,
अगला पल,बेइंतहा बेहतर होगा।

कर ले उपवास ईश्वर के नाम,
ईश्वर ही तेरा हमसफर होगा।

संजीव ठाकुर

# 'अर्बन-नक्सली' कन्हैया का कांग्रेस में बढ़ता कद

**आर.के. सिन्हा**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी जी का कहना कि कांग्रेस अपनी विचारधारा अर्बन- नक्सलियों को गिरवी रख रही है सही दिख रही है क जे.एन.यू. के पूर्व अध्यक्ष भारत तेरे टुकड़े होंगे गैंग के नायक कन्हैया कुमार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्य समिति में जगह देकर स्पष्ट कर दिया कि उन्हें उन तत्वों से कोई कतई परहेज नहीं हैं, जो भारतीय सेना पर कश्मीर में रेप के झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाते रहे हैं। बेशक, देश की आम राष्ट्र भक्त जनता तो कन्हैया कुमार को कभी माफ नहीं करेगी, क्योंकि उसने सेना पर मिथ्या आरोप लगाए। कन्हैया कुमार ने पिछला लोकसभा चुनाव भी अपने गृह जनपद बेगूसराय से लड़ा था और वे वहां से बुरी तरह से हारे थे। वे तब भाकपा की टिकट पर उम्मीदवार थे। उनके लिए टुकड़े-टुकड़े गैंग के सैकड़ों गैंग सदस्यों ने बेगूसराय में डेरा डाला हुआ था। ये सब सोशल मीडिया पर इस तरह का माहौल बना रहे थे कि मानो भारतीय सेना को बलात्कारी कहने वाला कन्हैया कुमार भाजपा के गिरिराज सिंह को हरा ही देगा। गिरिराज सिंह को बाहरी उम्मीदवार बताना इनका बड़ा मुद्दा था कबात सही भी थी कगिरिराज जी गंगा के दक्षिणी कछार के प्रसिद्ध गाँव बड़हिया के निवासी हैं और बेगूसराय गंगा के उत्तरी छोर पर है। हालाँकि, कन्हैया कुमार को कांग्रेस कार्य समिति में जगह मिलना अप्रत्याशित है। यह कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी और शक्तिशाली समिति है या यूँ कहे कि हुआ करती थी । कांग्रेस के अपने संविधान और नियम हैं, इसे लागू करने का अंतिम निर्णय कांग्रेस कार्य समिति ही करती है। कहने वाले तो यह भी कहते हैं कि इसके पास इतनी शक्तियां होती है कि वो पार्टी अध्यक्ष की नियुक्ति भी कर सकती है और पद से चलता भी कर सकती है। कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद नई कांग्रेस कार्य समिति बनती है। यहाँ यह याद दिलाना जरुरी हो जाता है कि लखनऊ कांग्रेस बैठक के बाद जब कांग्रेस अध्यक्ष नेहरु की तानाशाही से रुष्ट कार्य समिति के वरिष्ठ सदस्यों देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद, बल्लभ भाई पटेल, आचार्य कृपलानी, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आदि ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया था तो पार्टी में कोहराम मच गया था और स्वयं गाँधी जी को हस्तक्षेप करना पड़ा था बहरहाल, भाजपा और भाजपा के सभी नेताओं पर जहर उगलने वाले कन्हैया कुमार अपनी कटु वाणी के लिए जाने जाते हैं। अब तो वे कांग्रेस कार्य समिति में हैं। तो क्या माना जाये कि कन्हैया कुमार की भारत की सेना को लेकर की गई टिप्पणियों पर कांग्रेस उनके साथ खड़ी है? उसने न जाने कितनी बार कहा कि भारतीय सेना कश्मीर में घृणित कर्म करती रही है । भारतीय सेना पर कश्मीर में रेप जैसा जघन्य आरोप लगाने वाले और टुकड़े-टुकड़े गैंग के समर्थन में कन्हैया कुमार के आरोप को देखने के लिए आप यू ट्यूब का सहारा भी ले सकते हैं। उससे पूछा जाना चाहिए कि वह किस आधार पर सरहदों की निगाहबानी करने वाली भारतीय सेना पर आरोप लगाता रहा है?

## विचार

# संजय विरुद्ध कैलाश मुकाबला रोचक और काँटेदार

**नरेंद्र तिवारी**

**मध्यप्रदेश** विधानसभा चुनाव की सुस्त पड़ी गतिविधियों में भाजपा की दूसरी सूची ने एकदम स्फूर्ति पैदा कर दी। राजनीतिक माहौल में अचानक तेजी एवं सक्रियता आ गयी लगती है। भाजपा की दूसरी सूची में जहां तीन केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, फग्गनसिंह कुलस्ते शामिल है। इस सूची में कुल 7 सांसद सदस्य एवं राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय जैसे धुलन्दर नेताओं को विधानसभा का टिकट देकर भाजपा ने वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव को गम्भीरता से लड़ने हर हाल में विजय श्री वरण करने की रणनीति पर लड़ने का मूड बना लिया है। दूसरी सूची में इंदौरी भाई याने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को इंदौर-1 से भाजपा की उम्मीदवारी सौपना हर हाल में विजय होने की भाजपा की रणनीति को दर्शाता है। भाजपा का केंद्रीय नैतृत्व 2024 के लोकसभा चुनाव के मध्यनजर एमपी सहित राजस्थान, छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों को हर हाल में जितने की रणनीति पर काम करता दिखाई दे रहा है। यहीं कारण रहा है बड़े-बड़े चेहरों को विधानसभा चुनाव लड़ने की जवाबदारी दी जा ही है। इंदौर-1 से वर्तमान में संजय शुक्ला विधायक है। कांग्रेस ने अभी तक अपनी कोई भी अधिकृत सूची जारी नहीं कि है। अब

जबकि इंदौर-1 से भाजपा की सूची में कैलाश विजयवर्गीय का नाम तय हो गया है। राजनैतिक रूप से देखने समझने वाली बात यह होगी कि क्या संजय शुक्ला इंदौर-1 नम्बर से ही कांग्रेस से विधायक पद के उम्मीदवार होंगे या नई परिस्थितियों में स्थान परिवर्तन पर विचार कर सकते है। राजनीति में अवसर की महत्ता से इंकार नहीं किया जा सकता है। संजय शुक्ला यदि भाजपा के दिग्गज नेता राष्ट्रीय महासचिव से मुकाबला करते है तो उनका नाम भी राष्ट्रीय राजनीति में शुमार हो जाएगा। श्री विजयवर्गीय के एलान के बाद इंदौर-1 की विधानसभा सीट एकदम सुर्खियों में आ गयी है। संजय और कैलाश के मध्य विधानसभा चुनाव 2023 का यह मुकाबला बेहद रोचक और काँटेदार और महामुकाबला होने जा रहा है। यह कहा जाने लगा है। इस संभावित मुकाबले पर प्रदेश ही नही राष्ट्रीय नेताओ की नजर भी रहेगी। अब जबकि दोनों के मध्य मुकाबले के आसार नजर आ रहे है तब यह विचार करना जरूरी हो जाता है कि किसका पलड़ा भारी है ? इंदौर-1 के इस सम्भावित मुकाबले को लेकर कुछ कहना जल्दबाजी होगी। यह मुकाबला बेहद काँटेदार, रोमांचक और दर्शनीय होगा। इस सम्भावित मुकाबले के दोनों राजनीतिक महारथी धुलन्दर है। किसी रोमांचक क्रिकेट मैच की तरह संजय-कैलाश के इस मुकाबले में आखिरी गेंद पर सिक्स लग सकता है। 20-20 के रोमांचक मैच की तरह सुपर ओवर भी हो सकता है। राजनीति के इन दोनों धुलन्दर खिलाड़ियों का राजनीतिक अतीत जानने पर हम पाते है कि कैलाश विजय वर्गीय इंदौर-2, इंदौर-4 एवं महू विधानसभा से विधायक रहें। प्रदेश की सरकार में तीन बार कैबिनेट मंत्री रहे। करीब 6 बार विधायक रहे। वर्ष 2000 में इंदौर के मेयर के पद पर विजय हुए। मध्यप्रदेश के इंदौर से राष्ट्रीय स्तर पर वर्तमान में भाजपा के मजबूत नेता माने जाते है। कैलाश विजयवर्गीय उस समय देश भर में चर्चा में आए थे जब जब उन्होंने बरसो पहले इंदौर में आयोजित फैशन शो के कार्यक्रम में रुप बदलकर पहुचे और विरोध किया था। कैलाश विजयवर्गीय का अनुभव संजय शुक्ला से अधिक है। उम्र के लिहाज से कैलाश विजयवर्गीय संजय शुक्ला से 17 वर्ष बड़े है। कैलाश 67 वर्ष के है जबकि संजय 50 की उम्र में पहुचने वाले है। संजय शुक्ला ने वर्ष 2018 के चुनाव में भाजपा के सुदर्शन गुप्ता को 8 हजार से अधिक मतों से पराजित किया था। संजय ने अपने इंटरव्यू में बताया कि कैलाश जी को उनके पिता स्व. विष्णुप्रसाद शुक्ला ने पार्षद और विधायक बनाया था।

वह इस चुनाव को 25 हजार वोटों से जीतेंगे। संजय का आत्मविश्वास चरम पर है। उन्होंने यह भी कहा है कि वे कांग्रेस हाईकमान से मांग करेंगे कि उन्हें इंदौर क्षेत्र क्रमांक 1 से उम्मीदवार बनाए। संजय का आत्मविश्वास यूं ही नहीं है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# विषवमन, न हिन्दू संस्कृति है न हिंदुस्तानी

**निर्मल रानी**

**भारतीय संसद** का नवनिर्मित भवन पिछले दिनों स्वतंत्र भारत के इतिहास के उस सबसे दुर्भाग्यशाली क्षण से रूबरू हुआ जब भारतीय जनता पार्टी के एक 'माननीय' परन्तु 'जहरीले' सांसद ने मुस्लिम समुदाय के एक विपक्षी सांसद कुंवर के दानिश अली के विरुद्ध कुछ ऐसे आपत्तिजनक व साम्प्रदायिकतावादी शब्द बोल डाले जिसकी किसी सांसद से तो दूर की बात है किसी गंभीर,संवेदनशील व सभ्य व्यक्ति से भी उम्मीद नहीं की जा सकती। उस 'माननीय 'ने केवल अपमानजनक टिप्पणी ही नहीं की बल्कि उसने अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश अली को सदन के बाहर देख लेने की धमकी भी दी। यानी गुंडागर्दी के पूरे 'दर्शन ' भी उस सांसद के जहरीले बोल में सुनाई दिये। इस तरह की अति आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले रमेश विधुड़ी नामक दक्षिण दिल्ली के इस सांसद की न केवल विपक्ष बल्कि उसकी अपनी पार्टी के लोगों द्वारा भी आलोचना की गयी। यहाँ तक कि रक्षा मंत्री राज नाथ सिंह को उसके इस घोर आपत्तिजनक बयान के लिये गोल मोल शब्दों में ही सही परन्तु उन्हें खेद व्यक्त करना पड़ा ? भाजपा ने भी बिधूड़ी को इस आपत्तिजनक बयान के लिये नोटिस जारी की और 15 दिनों में इसका जवाब देने को कहा । पार्टी ने बिधूड़ी से पुछा कि क्यों न संसद में उसके इस आचरण के खिलाफ उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए? यहाँ तक कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने भी इस भाजपा सांसद को "गंभीर कार्रवाई" की चेतावनी दी। परन्तु उस सांसद के जहरीले विचारों से मेल खाने वाले कुछ नेता और साम्प्रदायिकतावादी स्वयंभू पत्रकार ऐसे भी हैं जो उसकी पैरवी भी कर रहे हैं और उसके इस विषवमन को सही ठहरा रहे हैं। इस घटना ने पूरे देश के गंभीर,शांतिप्रिय व राष्ट्रवादी लोगों को झकझोर कर रख दिया है । विधुड़ी के उस आपत्ति जनक बयान के बाद जिसका उल्लेख करना तक यहाँ मुनासिब नहीं,कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। पहला तो यह कि क्या यह घटना देश की संसद में ऐसे अभद्र,अशिष्ट,संसद व लोकतंत्र के मंदिर का घोर अपमान करने वाले और अपराधी प्रवृत्ति के लोगों की पनाहगाह बनने का ही परिणाम है ?

# अमृतकाल में अष्टलक्ष्मी के गौरव की पुनर्स्थापना

**जी किशन रेड्डी**

**जब भी मैं** पूर्वोत्तर क्षेत्र की यात्रा करता हूं, तो मैं अकसर स्मृतियों में खो जाता हूं और पूरे भारत के साथी युवा मोर्चा कार्यकताओं के साथ की गई अपनी पिछली यात्राओं को याद करता हूं। उन दिनों, परिवहन व संचार संपर्क सुविधाओं की कमी, सुरक्षा के खतरे, बंद और चक्का जाम की असुविधा तथा अवसंरचना की कमी को नजरअंदाज करते हुए, हमने इन अवसरों का उपयोग, क्षेत्र के अपने भाइयों और बहनों के साथ बातचीत करने, उनकी संस्कृति का अनुभव करने और चुनौतियों व समाधानों पर चर्चा करने में किया। हालांकि, परिवर्तन शुरू करने के लिए हमारे अटूट उत्साह और अथक प्रयास को राजनीतिक उपेक्षा, घोर अन्याय और शेष भारत से स्पष्ट अलगाव के कारण कड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ा। अफसोस की बात है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य, जो हमारे देश का अभिन्न अंग हैं, को अकसर 'सौतेली बहनें' कहा जाता था। हालांकि, कुछ साल बाद, आज, जब मैं उन्हीं स्थानों की दोबारा यात्रा करता हूं, तो मैं संतुष्टि और राहत की गहरी भावना से भर जाता हूं। हमारे पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों को आखिरकार वह ध्यान और समर्थन मिल रहा है, जिनके वे हकदार हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों का संदर्भ 'अष्टलक्ष्मी' के रूप दिया जाता है, जो अधिक उपयुक्त है। नौ साल पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट रूप से घोषणा की थी, 'भारत तब तक प्रगति नहीं कर सकता, जब तक कि भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र विकसित नहीं होता।' उस दूरदर्शी विश्वास के साथ, भविष्य में निर्बाध विकास को सक्षम बनाने के लिए पिछले नौ वर्षों में किए गए रणनीतिक प्रयासों ने एक ठोस आधार तैयार किया है। पिछले साढ़े नौ वर्षों में पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने के साथ, भारत सरकार ने क्षेत्र के विकास के लिए बड़े पैमाने पर वित्तपोषण किया। 2014 और 2023 के बीच पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 54 केंद्रीय मंत्रालयों के सकल बजट आवंटन में लगभग 233 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 6,600 करोड़ रुपये की नई मंजूर की गई पीएम-डिवाइन योजना, पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों के लिए आजीविका और विकास के अवसरों का सृजन करेगी।

# वायरल संक्रमण से सुरक्षित रहेंगे आपके बच्चे

इस मौसम में वायरल संक्रमण की आशंका काफी बढ़ जाती है। प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण खासकर बच्चे इसकी चपेट में सबसे ज्यादा आते है, लेकिन आप अपने बच्चे को इन संक्रमणों की चपेट में आने से वक्त रहते बचा सकते हैं। वायरल संक्रमणों में भी रोटावायरस और एंटरिक वायरल (आंत संबंधी संक्रमण) जैसी बीमारियां बड़ों की तुलना में बच्चों के लिए अधिक गंभीर खतरा पैदा करती है।

बाल अवस्था के ज्यादातर वायरल संक्रमण ज्यादा गंभीर नहीं होते। इनमें सर्दी लगना, नाक बहना, आंखों से पानी निकलना, गले में खराश होना, बुखार होना, त्वचा पर चकत्ते पड़ना और उल्टी व दस्त जैसी विभिन्न बीमारियां शामिल हैं। व्यापक पैमाने पर चलाए गए टीकाकरण के चलते खसरा जैसे गंभीर खतरे पैदा करने वाली कुछ संक्रामक बीमारियां अब कम ही देखने को मिलती हैं।

## ...तो बच्चे को डॉक्टर के पास ले जाएं

यदि आपके बच्चे में बीमारी के लक्षण एक सप्ताह से ज्यादा दिखाई दें, तो उसे डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए। यह शरीर की तरफ से स्पष्ट तौर पर वायरल संक्रमण के खिलाफ एक कॉल हो सकती है, जो न्यूमोनिया आदि जैसी गंभीर बीमारी में बदल सकती है। ऐसे समय में बच्चे का रक्त परीक्षण कराकर मलेरिया, डेंगू, टाइफॉइड, चिकनगुनिया, अर्बोवायरस आदि बीमारियों समेत संपूर्ण ब्लड काउंट अवश्य जांच लेना चाहिए। मौसम में बदलाव या भारी बारिश होने के दौरान अभिभावक अमूमन अपने बच्चों की अतिरिक्त देखभाल करते ही हैं, लेकिन यह जानना बेहद अहम है कि बच्चों को अन्य मौसम में भी अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है।

## बच्चों को सुरक्षित रखने के उपाय

**रूमाल की जगह टिश्यू पेपर रखें :** अभिभावक आमतौर पर अपने बच्चों की बहती नाक और मुंह बार-बार पोंछने के लिए सूती रूमाल अपने साथ रखते हैं। यह बेहद खतरनाक हो सकता है, क्योंकि इससे बच्चे बार-बार संक्रमण के संपर्क में आते हैं। कपड़े के रूमाल की तुलना में भीगे मेडिकेटिड स्किनकेयर वाइप और टिश्यू पेपर त्वचा के लिए ज्यादा कोमल साबित होते हैं और इनकी सबसे अच्छी बात ये है कि इन्हें उपयोग करने के बाद आसानी से फेंका जा सकता है। अभिभावकों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हाथों में चिपक जाने वाले हानिकारक विषाणुओं से बचाव के लिए नाक साफ करने के बाद हर बार तुरंत अपने हाथ पानी व साबुन की मदद से अच्छी तरह से धोएं। इतना ही नहीं बच्चों को पड़ोस या स्कूल में खेलते समय उन बच्चों से दूर रखना चाहिए, जो संक्रामक बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। अच्छी तरह हाथ धोने और नाखूनों की सफाई करते हुए उचित स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है।

## सफाई का ध्यान रखें

मच्छर, मक्खी, खटमल आदि हानिकारक कीटाणुओं एवं विषाणुओं के सबसे सक्रिय वाहक होते हैं। बच्चे इनका सबसे आसान निशाना होते हैं। मच्छरों से बचाव के लिए अपने आसपास पानी जमा नहीं होने दें। सुबह और शाम के समय बच्चों को घर से बाहर कम ही निकलने दें। अपने आस-पड़ोस में कूड़ा-कबाड़, बेकार कंटेनर और डिब्बे आदि जमा नहीं होने दें, क्योंकि इनमें ही मच्छरों का प्रजनन होता है।

## समय पर टीकाकरण

शिशुओं और बच्चों को जानलेवा संक्रमण और बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण सबसे अच्छा और प्रभावी तरीका है। इसके बावजूद माता-पिता इस पहलू की अनदेखी करते हैं। बच्चों में बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर ही अभिभावक उन्हें टीका लगवाने के लिए हॉस्पिटल ले जाते हैं।

डिफ्थीरिया, टेटनस, और हूपिंग कफ (काली खांसी), पोलियो (आईपीवी), रोटावायरस (आरवी), इन्फ्लुएंजा (फ्लू), खसरा, कंठमाला, रूबेला (एमएमआर) से बचाव के लिए बच्चे को शुरू से निर्धारित समय पर बीमारियों से संबंधित टीके अवश्य लगवाएं।

## प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत करना

वायरल संक्रमणों से बचाव करने के लिए बच्चों के प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करना सबसे अच्छे तरीकों में से एक है। इसके लिए बच्चों को संतुलित खुराक के साथ पौष्टिक खाना दें। नवजात शिशुओं के लिए मां का दूध सबसे अच्छा पौष्टिक भोजन होता है। ताजा फल और सब्जी हर उम्र के बच्चों के लिए आवश्यक होते हैं। पानी, दूध और फलों के जूस के जरिए बच्चों के शरीर में पानी की मात्रा बनाए रखें। बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए हानिकारक सोडा, चिप्स, चॉकलेट और कुकीज जैसे खाद्य पदार्थ कम-से-कम दें। उनके खान-पान में दलिया एवं अनाज को प्रमुखता से शामिल करें, क्योंकि इनसे उन्हें बहुत सारे पोषक तत्व मिलते हैं।

## माता-पिता भी रखें अपना ध्यान

माता-पिता को वायरस से बचाव के लिए अपना भी ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि माता या पिता में से किसी एक को भी संक्रमण होने पर बच्चों के इसकी चपेट में आने की आशंका काफी बढ़ जाती है।

## रेसिपी

### दूध की सेवइयां

**सामग्री**

- सेवई: ½ कप
- चीनी: ½ कप
- घी: 2 बड़े चम्मच
- काजू कटे हुए: 8-10
- बादाम: 8-10
- इलायची: 4

**विधि**

सबसे पहले काजू और बादाम छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। इसके बाद गैस पर एक कढ़ाही चढ़ा लें। इसमें घी डालकर गर्म करें। घी गर्म होने पर इसमें सेवइयां डालकर उसे हल्का ब्राउन होने तक फ्राई करें। फिर उसमें कटे हुए बादाम और काजू डालकर सभी चीजों को अच्छे से मिलाकर थोड़ी देर और फ्राई करें। हल्के फ्राई होने पर सेवइयों को एक सूखी प्लेट में निकाल लें। अब सेवइयों को मीठा करने के लिए चाशनी बना लें। इसके लिए एक गहरी तली वाला एक बर्तन लेकर उसमें पानी डाल दें। पानी के उबालने पर इसमें चीनी डालकर तब तक पानी को पकाएं। जब तक चीनी पानी में पूरी तरह से घुल नहीं जाती। जब चीनी पानी में घुल जाए तो इसमें भुनी हुई सेवइयां डालकर उसे ढक दें। सेवइयों को चाशनी में 5 मिनट तक मध्यम आंच पर पकने दें। इसके बाद इसमें इलायची पाउडर डालकर एक बार फिर अच्छे से 5 मिनट तक चलाते हुए मिक्स कर लें। 5 मिनट बाद गैस बंद करके सेवइयों को प्लेट से ढक दें। थोड़ी देर बाद सेवइयों को एक सर्विंग बाउल में निकालकर गरमा गरम सर्व करें।

### ओट्स की रोटी



**सामग्री**

- ओट्स : ½ कप
- प्याज : ¼ कप
- होलव्हीट आटा : 1 कप
- धनिया : 1/4 कप
- तेल : 1 टेबलस्पून
- चिली पाउडर : ½ टेबलस्पून
- नमक : 1 टेबलस्पून

**विधि**

एक कटोरे में गेहूं का आटा लें। इसमें ओट्स, कटी हुई प्याज, धनिया, हरी मिर्च, नमक और तेल डालकर अच्छे से मिलाएं। थोड़ा सा पानी डालकर इसका मुलायम आटा अच्छी तरह से गूंथ लें। इसे ढक कर आधे घंटे के लिए रख दें। अब आटे की छोटी-छोटी लोई बना लें और सामान्य रोटी की तरह बेल लें। गर्म तवे पर इसे दोनों तरफ से अच्छे से सेक लें। आप चाहें तो इस पर तेल लगाकर भी सेक सकती हैं। अच्छी तरह सिकी गरमागरम और कुरकुरी ओट्स रोटी लो फैट दही के साथ सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में न पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। घर-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): भ्रातृपक्ष से विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी होगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति होगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-5-7-9

**तुला** (रा री रू रे रो ता ती तू ते): लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन है। 'आगे-आगे गोरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अधिक कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-3-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्यवस्थात्मक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होंगी। निवेशित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से काम न होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 2600





खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की ओर हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खाने चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 2599 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक पुस्तक व्यापारी कुछ किताबें खरीदने हेतु एक सप्ताह के लिए लखनऊ गया। उसे लखनऊ में ऊँची चीज मिल गई और उसका दिल वहीं रह गया। जब कई दिन फालतू लग गए तो उसने अपनी पत्नी को तार दिया– 'अभी खरीददारी जारी है अगले सप्ताह हम...।'

पत्नी पति को जानती थी। वह तुरंत समझ गई।

उसने वापसी में तार भेजा– तुरंत लौट आओ...! यदि कल शाम तक वापसी नहीं हुई तो वही बेचना शुरू कर दूँगी जो तुम खरीद रहे हो।

□ □ □

रमन के बड़े भैया नरेश पिछले कई महीनों से बहुत परेशान थे। वे रमन से बोले- छोटे! मैं बहुत परेशान हूँ। मेरी बीवी हमेशा अपने पुराने पति का जिक्र करके मुझे ताना देती रहती है।

रमन बोला- भैया! ये तो कुछ भी नहीं है। मेरी बीवी ने तो अभी से मुझे उसके अगले होने वाले पति का ताना देना शुरू कर दिया है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 2600



**बायें से दायें:-**

१. फरदीन, करीना की अमिताभ बच्चन की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म-२
२. 'पल दुनिया में डूब' गीत वाले राजेश खन्ना, हेमा, मुमताज की फिल्म-२,३
६. करणनाथ, मनीषा, नताशा की 'दिल तो उड़ने लगा' गीत वाली फिल्म-२
७. 'बाहर है प्रॉब्लम' गीत वाली अमृता सिंह, अमिताभ, मीनाक्षी की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-३
११. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'गोरी तेरे अंग अंग में' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'बोल बेबी बोल' गीत वाली अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१६. बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'कोई माने या ना माने' गीत वाली फिरोजखान, रेखा की फिल्म-३
१९. देवआनंद, वहीदा की 'है अपना दिल तो आवारा' गीत वाली फिल्म-३,२
२३. 'गिर गया झुमका' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२४. फिल्म 'तीसरी कसम' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. प्राण, नवीन निश्चल, रेखा की 'ना पैसा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'मुझे प्यार करो करो' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२७. अजय देवगन, रानी मुखर्जी की 'ना ना मेहंदी ना मुझको लगाव' गीत वाली फिल्म-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, शबाना आजमी की फिल्म-३
२. देवआनंद, वहीदा रहमान की 'रंगीला रे तेरे रंग में' गीत वाली फिल्म-२,३
३. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
४. फिल्म 'रफूचक्कर' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२,२
५. फिल्म 'छैला बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी?-३
९. अमिताभ, रितिक, प्रीती जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-३
१३. किशोर कुमार, चाँद उस्मानी की 'छोटा सा घर होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, ट्विंकल की फिल्म-२
१५. फरदीनखान, उर्मिला की 'ओ प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तेरे प्यार का छाया नशा' गीत वाली आफताब, [illegible] की फिल्म-२
१९. फिल्म 'काश आप हमारे होते' का नायक कौन है?-२
२०. मिथुन चक्रवर्ती, तीना मुनीम की 'तुम सा नहीं देखा' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'ये लड़की जरा सी' गीत वाली कुणाल गोयल, [illegible] की फिल्म-२,२
२२. मिथुन चक्रवर्ती, ऋतुपर्णा की 'गोरे रंग का जमाना' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'मिर्ची पे मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 2599



## सूडोकु -2600

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहेली में मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2599 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## शब्द पहेली -2600

**बाएं से दाएं**

1. जाति,समाज,बंधुता-4
3. स्वयंवर माला,जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर,टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह,लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा,कम-2
13. मोटा आटा,दानेदार-4
15. गौरव,अभिमान-3
17. विष्णु,नारायण-4
20. वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21. होशियार,दक्ष-3
23. उचित,सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा,करतब-4
29. भर्त्सना,धिक्कार-3
31. गुलाम,परतंत्र-4
32. बेल,लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नाद,रव-2
37. माता-3
39. मछली-2
40. कुशलतापूर्वक,सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**

1. विधेयक,देयक-2
2. विश्वासघाती-4
3. जीत,विजय-2
4. बुढ़ापा-3
5. शव,मृत शरीर-2
6. बंधु,सजातीय,भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा,आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन,लय,सुर-2
14. इच्छा,कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी,अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम,मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा,रात्रि-2
28. कहासुनी,कलह-4
30. लल्ला,पैदा-2
31. गुलामी,पराश्रित-4
33. शिक्षा(उर्दू-3)
34. अदा करना,चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त,सखा-2

### शब्द पहेली -2599 का हल

# मथुरा जंक्शन पर हुई घटना में लोको पायलट सहित पांच निलंबित

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर मंगलवार देर रात्रि हुई बड़ी घटना के बाद रेलवे प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही की है। लोको पायलट सहित पांच कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। घटना की जांच के लिए चार सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि इस घटना में लोको पायलट गोविंद हरी शर्मा, हैल्पर इलैक्ट्रिक सचिन, टैक्नीशियन कुलजीत, बृजेश और हरवन कुमार को निलंबित कर दिया गया है। वहीं पूरे प्रकरण की जांच के लिए सीनियर डीईई ओपी योगेश कुमार, सीनियर डीएसओ रघुनाथ सिंह,

सीनियर डीईई विवेक गुप्ता एवं सीनियर डीईई प्रवीण कुमार की कमेटी बनाई गई है जो जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी।
मथुरा जंक्शन स्टेशन पर मंगलवार की देर रात बड़ा हादसा होने से बच गया। स्टापर तोडते हुए ईएमयू सवारी गाड़ी प्लेट फार्म के उपर 30 मीटर तक चढ़ गई।

**मथुरा** में 04446 सूकर बस्ती मथुरा ईएमयू है। जो मथुरा रेलवे स्टेशन पर आकर टर्मिनेट होती है। रात को 22 बजकर 50 मिनट पर मथुरा स्टेशन आई है। वहां पैसेंजर और लोको पायलट के ट्रेन से उतरने के बाद, कुछ देर के बाद गाड़ी अपने आप ऑटोमेटिक रोलओवर होकर प्लेटफार्म नम्बर दो पर जहां खडी थी उस पर चढ गई, जिसकी वजह से प्लेटफार्म क्षतिग्रस्त हो गया है। इसकी वजह से ओएचई ब्लॉक हो गई थी और खम्भे आदि टूट गये थे। इस घटना में किसी कोई घायल या हताहत नहीं हुआ है। गंभीर घटना है, इसकी जांच कराई जा रही है। इसमें एक हाई पावर कमेटी नॉमिनेट की गई है जो आगे की कार्यवाही करेगी और जांच करेगी।
**-प्रशस्ति श्रीवास्तव, जनसंपर्क अधिकारी**
**उत्तर मध्य रेलवे आगरा मंडल**

हादसे के पीछे लापरवाही ही बड़ा कारण माना जा रहा है। गनीमत रही कि ट्रेन के आगे स्टॉपर के पास लगा ओएचई वायर का भारी भरकम खंभा आ गया। जिसके कारण ट्रेन थम गई नहीं तो बहुत बड़ी घटना हो सकती थी। आनन फानन में रेलवे के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गये। रेलवे की तकनीकी टीम हादसे की जांच कर रही है। इंजन के आगे लगे सीसीटीवी के डाटा को भी डीवीआर से सुरक्षित किया गया है, ताकि उसे जांच में शामिल किया जा सके। एडीआरएम सहित अन्य अधिकारी रात में ही जांच के लिए मौके पर मौजूद रहे। दिल्ली शकूर बस्ती स्टेशन से उत्तर रेलवे की ईएमयू ट्रेन प्रतिदिन चलती है। इस ट्रेन से बड़ी संख्या में दैनिक यात्री सफर करते हैं। मंगलवार को ट्रेन निर्धारित समय शाम 6 बजकर 20 मिनट पर शकूर बस्ती से चली। ट्रेन रात 10 बजकर 10 मिनट पर मथुरा जंक्शन स्टेशन पहुंची। आगरा मंडल की तकनीकी टीम मथुरा पहुंची है। इस हादसे की जांच शुरू की गई है। ड्राइवर के भी बयान दर्ज किए गए हैं। करीब 12.30 बजे रेस्क्यू इंजन पहुंचा थी। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक ओएचई वायर को दुरुस्त करने के बाद ट्रेनों का आवागमन सुचारू हो पाया। मथुरा जंक्शन पर मंगलवार रात ईएमयू के प्लेटफार्म पर चढ़ जाने से एक महिला और एक युवक चोटिल हुए हैं।

## न्यूज फ्लैश

### किसान से रिश्वत लेता सिपाही एंटी करप्शन टीम ने दबोचा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
यहां के हम सिकंदर की तर्ज पर पैसे लेकर ही मिट्टी उठाने देने की जिद पर अड़े सिपाही को किसान की शिकायत के बाद एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथों पकड लिया। मामला मथुरा के बलदेव थाना क्षेत्र का है। आरोपित सिपाही के विरूद्ध थाना महावन में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बलदेव क्षेत्र में मिट्टी के अवैध खनन का काम होता रहा है। इसके लिए पुलिस पर मिलीभगत के आरोप लगते रहे हैं। इस घटनाक्रम में भरतिया गांव के किसान विशंभर दयाल ने अपने खेत से मिट्टी खनन के लिए एसडीएम महावन से अनुमति ली थी। विशंभर दयाल का आरोप है कि बलदेव थाने पर तैनात सिपाही संतोष कुमार उन्हें मिट्टी का खनन नहीं करने दे रहा था, संतोष इसके लिए दस हजार रुपये मांगे। पैसे न देने पर सिपाही ने कार्रवाई की धमकी दी। 22 सितंबर को किसान ने एंटी करप्शन टीम ने षिकायत की। एंटी करप्शन टीम ने इंस्पेक्टर संजय यादव की अगुवाई में संतोष को पकड़ने के लिए रणनीति बनाई गई। बलदेव थाने की अरतौनी पुलिस चौकी पर तैनात संतोष कुमार 2018 बैच का सिपाही है। मंगलवार को टीम बलदेव पहुंची। शिकायतकर्ता विशंभर को बुलाया और उससे सिपाही को फोन कराया गया। सिपाही संतोष रिश्वत के दस हजार रुपये लेने पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस पहुंचा तो विशंभर ने उसे रसायन लगे नोट पकड़ा दिए। इसके बाद टीम ने सिपाही को रंगेहाथ पकड लिया। एसपी देहात त्रिगुण बिसेन ने कहा कि सिपाही को मुकदमे के आधार पर निलंबित कर दिया गया है। आरोपी सिपाही को जेल भेजा जाएगा।

### साध्वी ज्योति पहुंची मथुरा, के ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन

**-2024 में पूर्व बहुत में भाजपा की सरकार बनने का किया दावा**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
साध्वी ज्योति बुधवार को मथुरा पहुंचीं। महोली रोड पर भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके उन्होंने वृंदावन में ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन किये। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ब्रज में आकर मन को बहुत शांति मिलती है। देश भाजपा शासन में प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिन प्रतिदिन प्रगति की राह पर है। उन्होंने बताया कि वह संभल लोकसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी हैं। 2024 में भाजपा एक बार फिर केंद्र में भारी बहुमत के साथ जीत दर्ज कर सरकार बनाएगी। सभी वर्ग किसान, मजदूर, कारोबारी, छात्र, युवा, महिला, व्यापारी और कारोबारी भाजपा के साथ हैं। 2024 में एक बार फिर विपक्ष का सूपड़ा साफ होगा। विपक्ष के पास इस समय सरकार को घेरने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। विपक्ष केवल आरोपों की राजनीति कर रहा है। जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ता विपक्ष की इस मंशा को पूरा नहीं होने देंगे। भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जी जान से जुटे हुए हैं। सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ जनता को मिल रहा है। जनता मोदी को चाहती है।

### मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट देंगे छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**- बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
समग्र शिक्षा अभियान में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत जनपद के विभिन्न राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के संबंध में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम समिति के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा आत्मरक्षा प्रशिक्षण एक जीवन कौशल है, जो बालिकाओं में आत्मविश्वास पैदा करने, उनको अपने परिवेश के बारे में जागरूक होने एवं किसी भी अत्याशित घटना के बचाव के लिए तैयार रहने मदद करता है।
आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को संकट के समय अपनी रक्षा के लिए मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत बनाना सिखाया जाता है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों से सामना करने हेतु मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हुए प्रशिक्षित ट्रेनर्स के माध्यम से मार्शल आर्ट, जूडो, ताइक्वांडो, कराटे आदि के माध्यम से उनमें जीवन कौशल का विकास किया जाता है। प्रशिक्षण हेतु ऐसे खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा जिसके पास मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट योग्यता प्रमाण पत्र हो।

## केवीके ने बांटा सरसों का बीज, उर्वरक

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान कानपुर एवं वेटरनरी विवि के कुलपति प्रो डा एके श्रीवास्तव के संयुक्त दिशा निर्देशन में बुधवार को कृषि विज्ञान केन्द्र में किसानों को प्रथम पंक्ति प्रदर्शन के अन्तर्गत सरसों का उन्नतशील बीज वितरण किया गया है। प्रभारी डा वाईके शर्मा ने किसानों को सरसों की तकनीकी खेती की जानकारी दी। उन्होने किसानों को बीज उपचारित से लेकर फसल में लगने वाले रोग-बीमारियों तथा कम लागत में उत्पादन ज्यादा कैसे करें इसकी गहन जानकारी देकर लाभान्वित किया। जनपद के चयनित 75 किसानों को एक एकड की दर से प्रथम पंक्ति प्रर्दशन हेतु प्रति किसान दो किलोग्राम सरसों की डीआरएमआर 1165 (रुकमिणी) प्रजाति का बीज उपलब्ध कराया। तथा तरल उर्वरकों को प्रोत्साहित करने के लिए एक-एक बोतल नैनो तरल डीएपी एवं नैनो तरल यूरिया की भी दी गई। सरसों की बेहतर एवं अत्यधिक लाभदायक खेती की जानकारी देते हुए किसानों से सीधे संवाद करके उनकी समस्याओं के निराकरण बताए गए।

## 25 उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को मिली वर्दी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
महासफाई अभियान के दृष्टिगत एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता ही सेवा शुरू हुए अभियान में नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा नगर निगम मथुरा वृन्दावन के वृन्दावन कर्यालय में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया । सफाई मित्र सुरक्षा शिविर कार्यक्रम में नगर निगम क्षेत्र के सुरक्षा मित्र जो हर समय हर क्षण नगर के सफाई के लिए दिन-रात हमारे घर के बाहर गंदी सड़क एवं नाली की सफाई करते हैं। ऐसे 25 उत्क्रष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को महापौर विनोद अग्रवाल, नगर आयुक्त अनुनय झा एवं अपर नगर आयुक्त क्रान्तिशेखर सिंह द्वारा वर्दी, मास्क एवं ग्लब्स वितरत किये गए।

## बैठक में महापौर ने सुनी वृंदावन के पार्षदों की शिकायत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन जोनल कार्यालय के मीटिंग हॉल में महापौर विनोद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त अनुनय झा की अध्यक्षता में वृन्दावन जोन के पार्षदों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें पार्षदों की समस्याएं सुनी गई एवं उसका निस्तारण कराया गया। बैठक में वृंदावन जोन के पार्षदों की ओर से साफ सफाई का मुद्दा उठाया गया। जिससे सफाई व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर नगर आयुक्त ने सफाई निरीक्षक को कारण बताओं नोटिस जारी किए जाने को कहा। सफाई नायक को निर्देशित किया गया कि वार्डों में

सफाई कार्य कराये, अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। सफाई नायकों को यह भी निर्देशित किया गया कि मुख्य मार्गों पर गन्दगी करने वाले प्रतिष्ठान संचालकों एवं रेहड़ी व पटरी दुकानदारों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की जाये। पार्षदों द्वारा सीवर सफाई की समस्या के संबंध में अवगत कराया गया। इसके साथ ही बाढ़ के कारण चौक हुयी सीवर लाइन की सफाई एक माह के अन्दर करा ली जाये। घाटों के किनारे लाइट और चेतावनी बोर्ड लगाये जाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में पार्षद मुकेश सारस्वत, वैभव अग्रवाल, शशांक शर्मा, रूपकिशोर वर्मा, पंकज अरोडा, सुमित गौतम, घनश्याम चौधरी एवं पार्षद प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# प्रशासन के साथ थमी किसानों संगठनों की रार

**प्रदर्शन**

8 किसान संगठनों के कुछ नेताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन का ऐलान किया था।

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
प्रशासन के साथ कई दिन से चल रही किसान संगठनों की रार बुधवार को खत्म हो गई। किसान संगठनों के कुछ नेताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन का ऐलान किया था। बुधवार को प्रदर्शन की योजना को किसान संगठनों की ओर से निरस्त कर दिया गया और एडीएम प्रशासन को ज्ञापन देने

के बाद प्रकरण के खत्म होने की बात कही।
बुधवार को कुछ किसान संगठनों के पदाधिकारी एडीएम प्रशासन के कार्यालय पहुंचे। इनमें भाकियू अराजनैतिक के आगरा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर, भारतीय किसान यूनियन टिकैत के महानगर अध्यक्ष पवन चतुवेर्दी, गजेंद्र सिंह गावर, देवेंद्र कुमार रघुवंशी, सोनवीर चौधरी आदि इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे। ज्ञापन देने के बाद किसान नेताओं ने कहा कि उन्हें इस बात का आश्वासन अधिकारियों की ओर से दिया गया है कि आगे कोई भी अधिकारी किसानों से अभद्र व्यवहार नहीं करेगा। इसके बाद हमारी ओर से इस प्रकरण को खत्म कर दिया गया है।
इस मौके पर उदयवीर सरपंच, राष्ट्रीय छात्र लोक दल के ब्रज प्रांत अध्यक्ष विश्वेंद्र चौधरी, वृंदावन नगर अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन टिकैत भगवानदास निषाद, मुकेश चौधरी, मुजाहिद कुरैशी, विनोद निषाद, फैजान कुरैशी, घासीराम निषाद, लुकुट बिहारी निषाद, राकेश चौधरी, पंडित सार्थक चतुवेर्दी आदि मौजूद रहे।

## क्रॉप कटिंग शुरू हो जल्द, उपजिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
छाता के किसानों ने किसान नेता भगवत स्वरूप पांडे के नेतृत्व में छाता तहसील पहुंच कर उपजिलाधिकारी छाता स्वेता को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने मांग की है कि खरीफ सीजन फसलों की कटाई कई दिनों पहले से शुरू हो गई है। राजस्व अधिकारी कर्मचारीयों एवम बीमा कंपनी कर्मचारियों द्वारा छाता तहसील में अभी तक क्षेत्र में नही जा रहे हैं क्रॉप कटिंग के चिन्हित खेतों खड़ी हुई फसल की यदि किसानों ने कटाई कर दी, तो फिर इस बार भी क्राप कटिंग में विसंगति आयेगी, जिसके लिए बीमा कम्पनी किसानों को अन्नावश्ययक रूप से जिम्मेदार ठहराएगी इसलिए जल्द फसल क्रप कटिंग जल्द करवाने की मांग रखी। उप जिलाधिकारी छाता श्वेता एवं तहसीलदार छाता मनोज कुमार वार्ष्णेय दोनों अधिकारियों के द्वारा हम सभी किसानों को आश्वस्त किया गया है कि जल्दी क्षेत्र में सभी लेखपाल को मीटिंग कर भेजा जाएगा, अगर कहीं भी किसी की लापरवाही मिलती है तो उनके खिलाफ आवश्यक करवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में भगवत स्वरूप पांडे, चंद्रपाल सिंह यदुवंशी, अजय सिंह यदुवंशी एड., ओमप्रकाश सिंह एडवोकेट अजय सिंह एड. आदि मौजूद रहे।

## साइबर ठगी में एक पकडा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना जैत पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से एक मोबाइल फोन, फर्जी सिम कार्ड, फर्जी वीआई सिम कार्ड, एक मोटरसाइकिल व 34,500 रुपये बरामद किया गया हैं।
थानाध्यक्ष जैत अजय वर्मा ने बताया कि जोगेन्द्र पुत्र शिवचरन निवासी ग्राम ढबाला थाना बरसाना को बुधवार को कोटा फ्लाईओवर से मथुरा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त ग्राम ढबाला थाना बरसाना का रहने वाला है।
उसका सिमकार्ड फर्जी आईडी पर है यह सिमकार्ड ओनलाईन फ्रोड करने मे इस्तेमाल होते हैं। आरोपित ने पुलिस को बताया कि वह लोग ऑन लाईन ठगी करके जनता के पैसो को उनके खाते से मेरे बताये हुए बार कोड पर भेजते है और मै अपना हिस्सा काटकर उनको बाय हैण्ड पैसा पहुचा देता हूं।

## 18 अक्तूबर को शिक्षामित्र लखनऊ में भरेंगे हुंकार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ मथुरा की समीक्षा बैठक अंगूरी फार्म हाउस पर सम्पन हुई। बैठक में मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार यादव ने सहभागिता की और शिक्षा मित्रों के हक के लिए आर पार की लड़ाई का आह्वान किया। प्रदेश महामंत्री सुशील यादव ने कहा कहा कि संगठन ने सरकार से शिक्षा मित्रों की समस्याओं के समाधान के लिए हर सम्भव प्रयास कर लिए है लेकिन सरकार शिक्षा मित्रों की

समस्याओं को लेकर जरा भी गम्भीर नजर नही आ रही है । इसलिए प्रांतीय संघठन ने सरकार से शिक्षा मित्रों की समस्याओं के समाधान कराने के लिए आर पार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया है। इसके लिए शिक्षा मित्र लखनऊ में 18 अक्टूबर को धरना प्रदर्शन करेंगे और तब तक नहीं हटेंगे जब तक कि सरकार शिक्षा मित्रों की समस्याओं का स्थाई समाधान नही कर देती है। संघ के जिला अध्यक्ष खेम सिंह चौधरी ने 18 अक्टूबर की तैयारियों के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि जनपद का एक एक शिक्षा मित्र लखनऊ पहुचे इसके लिए हमारे संघ के ब्लॉक अध्यक्ष और पदाधिकारी जागरूकता अभियान में जुटे हुए हैं। जनपद के सभी विकास खंडों से शिक्षामित्रों को लखनऊ ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। बैठक को जिला अध्यक्ष आगरा वीरेंद्र छोंकर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद वर्मा ने संबोधित किया । बैठक की अध्यक्षता वेदवीर सिंह ने की।

# पोषण माहः बच्चों के लिए मां का दूध है अमृत समान

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पोषण माह के अंतर्गत जनजागरूकता के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अन्नप्राशन कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य माताओं को इस बात के लिए जागरूक करना है कि छह माह का होने के बाद बच्चों को दूध के साथ उपरी खाद्य पदार्थ देने की शुरूआत समय से कर दी जाए। अन्नप्राशन कार्यक्रम उन बच्चों का कराया जाता है जिनकी आयु छह माह पूरे हो चुके हैं। आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चे की माता ,दादी सहित परिवार के सभी सदस्यों एवं अन्य अगर होती धात्री महिलाओं को आमंत्रित किया गया

को मां अथवा दादी की गोद में बैठाकर, टीका लगाकर खीर खिलाकर उसका अन्नप्राशन संस्कार किया गया। बच्चों को उपहार स्वरूप खिलौने एवं अन्य वस्तुएँ भी दी गई। उपस्थित महिलाओं को जानकारी दी गई कि मां का दूध अमृत के समान है इसलिए जन्म के तुरंत बाद स्तनपान कराना शुरू करें किंतु छह माह के पश्चात बच्चे को ऊपरी खाद्य पदार्थ देना बहुत जरूरी है। क्योंकि इस समय बच्चे के शरीर और मस्तिष्क का तेजी से विकास हो रहा होता है ।केवल माँ के दूध से बढ़ते हुए बच्चे के शरीर की और मस्तिष्क की सभी आवश्यकताएं और पौष्टिक तत्व पूरे नहीं होती है। इसलिए ऊपरी खाद्य पदार्थ देना भी जरूरी है। इस आयु में बच्चे के मुंह में दांत नहीं होते हैं और बच्चे का पाचनतंत्र भी बहुत अधिक विकसित नहीं होता है इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थ दिए जाने चाहिए जिनको बच्चा आसानी से निगल सके और वह पचने में भी आसान हो ।जिन्हें हम अर्द्ध ठोस खाद्य पदार्थ कह सकते हैं जैसे,मसला हुआ केला,दाल का पानी ,चावल का माड ,सूची की पतली खीर ,सूजी का पतला हलवा ,खूब घुटी हुई खिचड़ी मसला हुआ केला इत्यादि बच्चे को दे सकते हैं। यदि बच्चे को समय से और समुचित मात्रा में ऊपरी आहार दिया जाय तो बच्चे की लंबाई और वजन दोनों अच्छे से बढ़ते हैं और बच्चे के कुपोषित होने की संभावना बहुत कम हो जाती है।

# कुल 66 साहित्यकार हुए सम्मानित

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
तुलसी साहित्य संस्कृति अकादमी न्यास के वार्षिकोत्सव एवं पं. हरप्रसाद पाठक स्मृति साहित्य पुरस्कार समिति के रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में दोनों संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में भव्यता के साथ साहित्यकार सम्मान समारोह एवं पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समारोह महाविद्यालय अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज हुआ। ब्रजकला तारिका सिमरन अरोड़ा द्वारा चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसे दर्शक मुग्ध हो गए। तत्पश्चात मां सरस्वती की नृत्यमयी वन्दना डिग्री कॉलेज की छात्रा प्रियंका एवं साथियों ने प्रस्तुत की। अकादमी का परिचय न्यास के

अध्यक्ष आचार्य नीरज शास्त्री एवं समिति का परिचय समिति के सचिव डॉ. दिनेश पाठक शशि ने प्रस्तुत किए। प्रथम सत्र में सर्वप्रथम वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ अनिल वाजपेयी को अकादमी के अध्यक्ष आचार्य नीरज शास्त्री ने शिखर सम्मान से अलंकृत किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ बाल साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी को डॉ दिनेश पाठक शशि द्वारा तथा वरिष्ठ साहित्यकार स्नेहलता को समिति द्वारा सम्मानित किया गया। ब्रजकला तारिका सिमरन अरोड़ा द्वारा भरतनाट्यम की सुंदर प्रस्तुति देख दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रेक्षागृह को गुंजायमान कर दिया।

## जीएसटी परिषद की बैठक सात अक्टूबर को, कई अहम फैसले संभव

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की अगली बैठक सात अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में होगी। केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले होने की संभावना है।

जीएसटी परिषद ने एक्स पोस्ट पर दी जानकारी में बताया कि जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक सात अक्टूबर, 2023 को राजधानी नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में होगी। इस बैठक में ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर लगने वाली जीएसटी दर सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

इससे पहले जीएसटी परिषद की 51वीं बैठक 2 अगस्त को संपन्न हुई थी। इस बैठक में कैसिनो, घुड़दौड़ और ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी दरों को लेकर परिषद ने फैसला लिया था। इन तीन मदों पर जीएसटी की दर 28 फीसदी निर्धारित की गई थी। जीएसटी परिषद की बैठक में राज्यों के वित्त मंत्री भी शामिल थे।

## विस्तारा मर्जर: एयर इंडिया-विस्तारा के मर्जर को सीसीआई ने दी मंजूरी, प्रतिस्पर्धा से बचाव का ये है प्लान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया और सिंगापुर एयरलाइंस दिल्ली-सिडनी और दिल्ली-पेरिस सहित विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई मार्गों पर न्यूनतम क्षमता सुनिश्चित करेंगी। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एक सितंबर को एयर इंडिया के साथ विस्तारा के प्रस्तावित विलय को मंजूरी दे दी, जिसमें सिंगापुर एयरलाइंस भी एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। प्रस्तावित विलय के कारण प्रतिस्पर्धा संबंधी कुछ चिंताएं निवामक ने उठाई थीं और उन्हें दूर करने के लिए विमानन कंपनियों ने विलय के संबंध में कुछ प्रतिबद्धताएं जताई हैं। प्रतिबद्धताओं के अनुसार, एयर इंडिया ने स्वेच्छा से घरेलू और विदेशी मार्गों पर कुछ अतिव्यापी ओ एंड डी (उत्पत्ति और गंतव्य) पर 'न्यूनतम क्षमता/आपूर्ति स्तर+ बनाए रखने की पेशकश की है। सीसीआई के 73 पन्नों के आदेश के अनुसार घरेलू खंड में भुवनेश्वर-दिल्ली, बेंगलुरु-गुवाहाटी, कोचीन-दिल्ली, दिल्ली-तिरुवनंतपुरम, अमृतसर-दिल्ली, भुवनेश्वर-मुंबई और बेंगलुरु-दिल्ली शामिल हैं। जिन अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर एयर इंडिया न्यूनतम क्षमता/आपूर्ति स्तर बनाए रखेगी, उनमें दिल्ली-सिडनी, दिल्ली-मेलबर्न, दिल्ली-पेरिस और दिल्ली-फ्रैंकफर्ट शामिल हैं। इन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर एयर इंडिया और विस्तारा दोनों उड़ानें संचालित करती हैं। इसके अलावा, एयर इंडिया और सिंगापुर एयरलाइंस भारत और सिंगापुर के बीच कुछ अतिव्यापी ओएंडडी जोड़े - दिल्ली-सिंगापुर, मुंबई-सिंगापुर, तिरुचिरापल्ली-सिंगापुर और चेन्नई-सिंगापुर के संबंध में न्यूनतम क्षमता/आपूर्ति स्तर बनाए रखेंगे। एक सितंबर को जारी आदेश में आयोग ने कहा है कि पार्टियों द्वारा प्रस्तावित स्वैच्छिक क्षमता प्रतिबद्धताओं से प्रतिस्पर्धा संबंधी संभावित चिंताओं का समाधान होता प्रतीत होता है और इसलिए मामले में जांच आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया गया है। विलय सौदा भारत के तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र में एक प्रमुख समेकन को चिह्नित करेगा। विलय पूरा होने के बाद सिंगापुर एयरलाइंस को तरजीही आवंटन के जरिये विलय के बाद बनने वाली इकाई में अतिरिक्त शेयर आवंटित किए जाएंगे। इस सौदे से एयर इंडिया देश की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनी और दूसरी सबसे बड़ी घरेलू विमानन कंपनी बन जाएगी।

## दोस्त के लिए भारत ने बदला नियम! यूएई के लिए हटाया गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात पर लगा प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** भारत ने संयुक्त अरब अमीरात को 75 हजार टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी है। इससे पहले विशेष रूप से, घरेलू कीमतों पर अंकुश लगाने और घरेलू खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 20 जुलाई से गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने सोमवार देर शाम अपनी अधिसूचना में कहा कि यूएई को निर्यात की अनुमति नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के माध्यम से दी गई है। निर्यात नीति में संशोधन करते समय, डीजीएफटी ने कहा कि अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए उनकी सलकार द्वारा दी गई अनुमति के आधार पर निर्यात की अनुमति दी जाएगी। पिछले महीने, भारत ने सिंगापुर की 'खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करन' के लिए चावल के निर्यात की अनुमति देने का फैसला किया था। बता दें कि पश्चिम अफ्रीकी देश बेनिन भारत से गैर-बासमती चावल के प्रमुख आयातकों में से एक है। अन्य गंतव्य देश संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, बांग्लादेश , चीन, कोटे डी आइवर, टोगो, सेनेगल, गिनी, वियतनाम, जिबूती, मेडागास्कर, कैमरून सोमालिया, मलेशिया और लाइबेरिया है।

# कच्चा तेल 95 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड पिछले 24 घंटे में उछलकर 95 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 92 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय

बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.86 डॉलर यानी 0.92 फीसदी उछलकर 94.82 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.85 डॉलर यानी 0.94 फीसदी की बढ़त के साथ 91.24 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# स्टार्टअप कंपनियों में निवेश मूल्यांकन को लेकर नए 'एंजल कर' नियम अधिसूचित

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने स्टार्टअप कंपनियों की तरफ से निवेशकों को जारी किए जाने वाले शेयरों के मूल्यांकन से संबंधित नए एंजल टैक्स नियमों को अधिसूचित किया है। अधिसूचना के मुताबिक आयकर विभाग ने स्टार्टअप कंपनियों द्वारा निवासी और अनिवासी निवेशकों को जारी इक्विटी और अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय तरजीही शेयरों (सीसीपीएस) के मूल्यांकन के लिए नियमों को अधिसूचित किया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की जारी अधिसूचना में आयकर अधिनियम के नियम 11 यूए में बदलाव के तहत यह प्रावधान किया गया है। इसके तहत अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय तरजीही शेयरों का मूल्यांकन भी उचित बाजार मूल्य पर आधारित हो सकता है।

**क्या होता है एंजल टैक्स**

एक स्टार्टअप कंपनी के शेयरों की बिक्री से उचित बाजार मूल्य से मिलने वाली पूंजी पर वसूले जाने वाले टैक्स को एंजल टैक्स कहा जाता है। पहले एंजल टैक्स सिर्फ स्थानीय निवेशकों पर ही लगता था, लेकिन चालू वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में इसका दायरा बढ़ाकर इसे विदेशी निवेशकों पर भी लगाने का प्रावधान किया गया था।

# सरकार ने निर्यात उत्पादों पर कर छूट योजना की अवधि जून, 2024 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 'निर्यात उत्पादों पर शुल्कों और करों में छूट' (रोडटेप) योजना के तहत दिए जाने वाले निर्यात प्रोत्साहन लाभों की अवधि एक साल और बढ़ाकर जून, 2024 कर दी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में यह जानकारी दी।

मंत्रालय के मुताबिक 30 सितंबर, 2021 को अधिसूचित रोडटेप योजना अब 30 जून, 2024 तक के लिए बढ़ाया जा रहा है। अधिसूचना के मुताबिक सभी मौजूदा निर्यात उत्पादों के लिए पुरानी दरें ही लागू रहेंगी।

यह योजना पिछले साल खत्म हो गई 'भारत से वस्तु निर्यात योजना' (एमईआईएस) की जगह लाई गई है। फिलहाल 10,342 निर्यात उत्पादों पर रोडटेप योजना के तहत लाभ मिलते हैं। इस योजना की अवधि बढ़ाने से निर्यातकों को मौजूदा निर्यात परिदृश्य में बेहतर शर्तों पर निर्यात सौदे हासिल करने में मदद मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि निर्यात किए जाने वाले उत्पादों पर करों एवं शुल्क में छूट देने के लिए 'रोडटेप' योजना सितंबर, 2021 से ही संचालित की जा रही है। इसके तहत निर्यातकों से उत्पादन एवं वितरण के दौरान वसूले गए और किसी अन्य व्यवस्था के तहत न लौटाए जाने वाले करों एवं शुल्कों के 'रिफंड' का प्रावधान किया गया है।

## एम. राजेश्वर राव फिर से रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर नियुक्त

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने एम. राजेश्वर राव को 09 अक्टूबर, 2023 से एक साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर के रूप में फिर से नियुक्त किया है। रिजर्व बैंक ने जारी अधिसूचना में बताया कि सरकार ने डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। आरबीआई के मुताबिक मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने राव को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर पद पर एक साल के लिए दोबारा नियुक्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। उनका नया कार्यकाल 09 अक्टूबर, 2023 से शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि राजेश्वर राव को अक्टूबर, 2020 में पहली बार तीन वर्ष के लिए रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया था। इससे पहले वह आरबीआई के कार्यकारी निदेशक थे। वह वर्ष 1984 से ही केंद्रीय बैंक से जुड़े हुए हैं।

## भारत दुनिया के सबसे प्रतिस्पर्धी विमानन बाजारों में से एक: इंडिगो सीईओ

**नई दिल्ली:** इंडिगो एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे प्रतिस्पर्धी विमानन बाजारों में से एक है। पीटर एल्बर्स ने यहां आयोजित अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार में काफी प्रतिस्पर्धा है। उन्होंने भारत में विमानन केंद्र बनाने की जरूरत पर जोर दिया।

निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी इंडिगो के सीईओ ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे प्रतिस्पर्धी विमानन बाजारों में से है। उन्होंने कहा कि इंडिगो 'परिपक्वता के चरण' से गुजर रही है। साथ ही एयरलाइन अपने अंतरराष्ट्रीय परिचालन का भी विस्तार कर रही है। इंडिगो एयरलाइन 63 फीसदी से अधिक की हिस्सेदारी के साथ घरेलू बाजार में सबसे बड़ी विमानन कंपनी है। इसका मुख्यालय गुड़गांव में है। इंडिगो की स्थापना 2006 में राहुल भाटिया और राकेश गंगवाल ने की थी। एयरलाइन 32 अंतरराष्ट्रीय और 81 घरेलू गंतव्यों को जोड़ती है।

# मोटो जीपी में आए एक लाख से ज्यादा विजिटर्स, 9.3 अरब का हुआ कारोबार

**लखनऊ।** मोटो जीपी भारत के लिए देश और दुनिया के एक लाख से अधिक लोग ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचे। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि पहली बार भारत में होस्ट किए गए इस इवेंट के दौरान रिकॉर्ड तोड़ कारोबार भी हुआ। मात्र 3 दिनों में 106 मिलियन यूरो (9.33 अरब रुपये से भी ज्यादा) की आर्थिक गतिविधियां हुईं, जो इस इवेंट की सफलता का सबसे बड़ा उदाहरण है।

22 से 24 सितंबर के बीच बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर मोटो जीपी, मोटो 2 और मोटो 3 रेस के दौरान दुनिया की 41 टीमों के 82 राइडर्स ने अपनी रफ्तार से भारतीय फैंस को रोमांचित किया। इटली के मार्को बेजेची इस रेस के विजेता बने। भारत में क्रिकेट का जबर्दस्त क्रेज है। क्रिकेट मैचों में हजारों की भीड़ मैदान में बने स्टैंड्स में बैठकर लुत्फ उठाती है, लेकिन क्रिकेट के अलावा दूसरे खेलों का भी यहां पूरा सम्मान है। मोटो जीपी भारत में उमड़ी भीड़ ने इस बात को साबित किया है। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर इस रेस का लुत्फ उठाने के लिए तीन दिनों में एक लाख से अधिक विजिटर्स यहां पहुंचे और उन्होंने रफ्तार और रोमांच से भरी इस रेस का अपनी आंखों से अवलोकन किया। इन एक लाख विजिटर्स में से 10 से 15 हजार के बीच विदेशी विजिटर्स शामिल रहे।

22 से 24 सितंबर के बीच सभी दिन बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर विजिटर्स की भारी भीड़ रही। सर्वाधिक दर्शक मोटो जीपी की फाइनल रेस के दिन उपस्थित रहे। करीब 50 हजार दर्शकों ने मार्को बेजेची को रोमांचक मुकाबले में विनर बनते और मुख्यमंत्री योगी को उन्हें ट्रॉफी प्रदान करते हुए देखा। वहीं, दूसरे दिन करीब 30 हजार विजिटर्स ने क्वालीफाईंग और रेस का नजारा देखा तो शुक्रवार को करीब 15 हजार विजिटर्स बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचे। इसके अलावा 21 सितंबर को भी प्रैक्टिस रेस देखने के लिए हजारों की संख्या में विजिटर्स यहां पहुंचे थे। टीमों के साथ भी 5000 से ज्यादा विदेशी स्टाफ बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर पहुंचा था, तो वहीं 150 के करीब इंटरनेशनल और नेशनल मीडिया के लोग भी इवेंट को कवर करने के लिए मौजूद थे। प्रवक्ता ने बताया कि भारत में पहली बार आयोजित हुई मोटो जीपी का व्यापक आर्थिक प्रभाव भी पड़ा है। इस ग्लोबल इवेंट के दौरान विभिन्न माध्यमों के जरिए 106 मिलियन यूरो (9.33 अरब रुपये से ज्यादा) की आर्थिक गतिविधियां संचालित हुईं। इसमें ट्रैक के विकास और बुनियादी ढांचे में 50 करोड़ का पर्याप्त निवेश शामिल है। इन आर्थिक गतिविधियों का लाभ ग्रेटर नोएडा में होटल इंडस्ट्री, रेस्टोरेंट, परिवहन, हॉस्पिटैलिटी समेत कई सेक्टर्स को मिला है। इस इवेंट के दूरगामी परिणाम भी देखने को मिलने वाले हैं, क्योंकि सीएम योगी की अपील पर कई बड़े ब्रांड्स उत्तर प्रदेश में अपने निवेश का विस्तार करने का मन बना रहे हैं और मोटो जीपी की सफलता इसमें अहम भूमिका निभा सकती है।

उत्तर प्रदेश ने जिस शानदार अंदाज में मोटो जीपी जैसे इंटरनेशनल इवेंट को आयोजित किया, उसके लिए सोशल मीडिया ने भी मुख्यमंत्री योगी के प्रवासों की जमकर तारीफ की। तारीफ करने वालों में यूपी के अलावा देश के अलग-अलग हिस्सों के यूजर्स शामिल रहे, जबकि विदेशियों ने भी ट्रैक और हॉस्पिटैलिटी को सराहा।

## एलपीजी सब्सिडी और मुफ्त राशन योजना का होगा मूल्यांकन, सही लोगों तक लाभ पहुंचाने की बनेगी रणनीति

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार चार लाख करोड़ रुपये की अब तक की सबसे बड़ी सब्सिडी योजनाओं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और एलपीजी के मूल्यांकन की तैयारी में है। नीति आयोग को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। चार लाख करोड़ रुपये की इन सब्सिडी योजनाओं की समीक्षा इसलिए की जाएगी, ताकि होने वाले खर्च को तर्कसंगत बनाया जा सके। इसके साथ ही किसी तरह के रिसाव को रोका जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि सही लोगों तक लाभ पहुंच रहा है। नीति आयोग से जुड़े विकास निगरानी और मूल्यांकन कार्यालय ने दोनों योजनाओं के मूल्यांकन के लिए एक केंद्रीय समन्वय एजेंसी के लिए प्रस्ताव मंगाया है। इससे सालाना लगभग 4,00,000 करोड़ रुपये का खर्च आता है। महत्वपूर्ण खर्च के बावजूद भारत को अभी भी खाद्य सुरक्षा और पोषण संबंधी परिणाम प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत वैश्विक भूख की आबादी में लगभग 30 फीसदी का योगदान देता है।

**एमएसएमई के 256 करोड़ रुपये के दावे मंजूर**

वहीं, सरकार ने विवाद समाधान योजना 'विवाद से विश्वास-1' के तहत सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के 256 करोड़ के रिफंड से जुड़े 10,000 से अधिक दावों को मंजूर कर लिया है। योजना के तहत एमएसएमई कंपनियां कोरोना के दौरान सरकारी विभागों एवं सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं की ओर से जब्त प्रदर्शन या बोली गारंटी के 95 फीसदी राशि के रिफंड का दावा कर सकती हैं।

वित्त मंत्रालय ने कहा, कुल 256 करोड़ रुपये के रिफंड में एमएसएमई को सबसे ज्यादा 116.47 करोड़ की राहत पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दी है। रेलवे और रक्षा मंत्रालयों के तहत एजेंसियों के मामले में रिफंड क्रमशः 79.16 करोड़ और 23.45 करोड़ रुपये का है। इस्पात व बिजली मंत्रालय क्रमशः 14.48 करोड़ व 6.69 करोड़ रिफंड देंगे। विवाद से विश्वास योजना की घोषणा 2023-24 के बजट में हुई थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बोर्ड में शामिल हुए मुकेश अंबानी के तीनों बच्चों आकाश, अनंत और ईशा को निदेशक के रूप में कोई वेतन नहीं मिलेगा। हालांकि, इन तीनों लोगों को बोर्ड और कमिटी मीटिंग में जाने के लिए फीस मिलेगी। मुकेश अंबानी (66) ने 2020-21 से कोई वेतन और लाभ का कमीशन नहीं लिया है। रिलायंस के पास कुल पांच वर्टिकल हैं। मुकेश के पास रिलायंस के 41.46त शेयर हैं। वह बोर्ड में 1977 से हैं।

**मीथेन उत्सर्जन रोकने के लिए जैविक अपशिष्ट को निपटाना जरूरी**

मीथेन उत्सर्जन को रोकने के लिए जैविक अपशिष्ट के निपटान पर सरकारों को काम करना चाहिए। साथ ही अपशिष्ट कचरा स्थल और जैविक अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधाओं से मीथेन उत्सर्जन का सटीक अनुमान लगाने के लिए राष्ट्रव्यापी अध्ययन होना चाहिए। यह सलाह विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र ने जारी एक रिपोर्ट में दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लैंडफिल साइट पर जैविक रूप से नष्ट होने वाले अपशिष्ट के निस्तारण को तत्काल चरणबद्ध करना बहुत जरूरी है।

# दिन भर के उतार चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली।** कमजोर ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी सपाट स्तर पर मामूली बढ़त के साथ हुई थी। पूरे दिन बाजार में खरीदारों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने के लिए खींचतान चलती रही, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में भी लगातार उतार चढ़ाव होता रहा। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.12 प्रतिशत और निफ्टी 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।आज के कारोबार के दौरान इंडस्ट्रियल, रियल्टी, टेलीकम्युनिकेशंस और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती नजर आई। आईटी, बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विसेज से जुड़े शेयर बिकवाली के दबाव में गिर कर बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार

उठा पटक होती रही। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स दिन भर के कारोबार के बाद 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। बाजार में गिरावट के बावजूद आज स्मॉलकैप स्टॉक्स में हुई खरीदारी के कारण शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति में करीब 32 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 318.30 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 317.98 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 32 हजार करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,793 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,863 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,800 शेयरों में गिरावट का रुख रहा। हालांकि 130 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,053 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 953 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,100 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर बढ़त के साथ और 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 47.94 अंक की तेजी के साथ 66,071.63 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की होड़ शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। जहां खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 66,078.26 अंक के स्तर तक पहुंचा वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर गिर कर 65,865.63 अंक के स्तर तक पहुंच गया। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 78.22 अंक की कमजोरी के साथ 65,945.47 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 8.25 अंक की मामूली बढ़त के साथ 19,682.80 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही इस सूचकांक की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 19,699.35 अंक तक पहुंचा। बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 19,637.45 अंक तक गोता भी लगा दिया। पूरे दिन सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद निफ्टी 9.85 अंक की गिरावट के साथ 19,664.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से आयशर मोटर्स 2.52 प्रतिशत, हीरो मोटोकॉर्प 2.01 प्रतिशत, नेस्ले 1.62 प्रतिशत, बजाज ऑटो 1.27 प्रतिशत और ओएनजीसी 1.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

## कसीनो और ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को 55,000 करोड़ के जीएसटी बकाये का नोटिस, ड्रीम11 समेत 12 पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार कसीनो और ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के खिलाफ शिकंजा कस रही है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) ने 12 ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग कंपनियों को 55,000 करोड़ के जीएसटी बकाया को लेकर नोटिस जारी किया है। इन कंपनियों में हेड डिजिटल वर्क्स, ड्रीम11 और अन्य हैं। कुल गेमिंग आय पर जीएसटी का भुगतान न करने के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ड्रीम11 को सबसे अधिक 25,000 करोड़ के बकाये का नोटिस मिला है। यह देश में दिया गया सबसे बड़ा अप्रत्यक्ष कर नोटिस है। आने वाले समय में गेमिंग कंपनियों को एक लाख करोड़ रुपये तक के नोटिस पहुंच सकते हैं। यह नोटिस सरकार ने कसीनो और ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने के निर्णय के बाद भेजे हैं।ड्रीम11 ने पूर्व-कारण बताओ नोटिस मिलने के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया है। बंगलुरू की ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्सक्राफ्ट टेक्नोलॉजी को सितंबर 2022 में 21,000 करोड़ रुपये का कर नोटिस मिला था। अप्रत्यक्ष कर के इतिहास में इससे पहले इस तरह का यह सबसे बड़ा दावा था। पिछले सप्ताह डेल्टा कॉर्प को भी ब्याज और जुर्माने के साथ 11,139 करोड़ रुपये का कर नोटिस भेजा गया है। नए नियम में उपयोगकर्ताओं की ओर से ऑनलाइन गेमिंग के लिए चुकाई रकम पर कर लगाया जाएगा। इससे कौशल और अवसर वाले खेल के बीच कोई अंतर नहीं होगा।

## अभी जेल में रहेंगे इमरान और कुरैशी, 14 दिन और बढ़ी न्यायिक हिरासत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनके करीबी पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी अभी जेल में ही रहेंगे। राजनयिक दस्तावेज लीक करने के मामले में पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को उनकी न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ा दी है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सजा होने के बाद पांच अगस्त को गिरफ्तार कर अटक जेल में रखा गया था। बाद में इस्लामाबाद हाई कोर्ट से भ्रष्टाचार मामले में उनकी सजा निलंबित होने के बावजूद वे जेल से बाहर नहीं आ सके थे। दरअसल वे बाहर आते, उससे पहले ही उनके खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। इमरान पर प्रधानमंत्री रहते गुप्त दस्तावेज लीक करने का आरोप है। 13 सितंबर को उनकी न्यायिक हिरासत 26 सितंबर तक बढ़ा दी गयी थी। इमरान के करीबी माने जाने वाले पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी पर भी गोपनीयता उल्लंघन का आरोप है। वे भी इसी मामले में जेल में हैं। इमरान व कुरैशी की न्यायिक हिरासत की अवधि पूरी होने पर अदालत से उन्हें राहत की उम्मीद थी किन्तु उन्हें राहत नहीं मिली। एक विशेष अदालत ने मंगलवार को उनकी न्यायिक हिरासत को 14 दिन के लिए बढ़ा दिया। यह लगातार तीसरी बार है, जब इमरान की न्यायिक हिरासत बढ़ाई गयी है। विशेष अदालत के जज अबुअल हसनत जुल्करनैन ने मामले की सुनवाई अटक जेल में ही की, जहां इस समय इमरान खान बंद हैं। सुनवाई के बाद अदालत ने उन्हें 10 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। उनके साथ शाह महमूद कुरैशी की हिरासत को भी 14 दिन के लिए बढ़ा दिया गया।

### फोर्ब्स की '30 अंडर 30 सूची' में शामिल टेक सीईओ अपार्टमेंट में मृत मिलीं, सिर पर कई चोट के निशान

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 26 साल की एक टेक सीईओ एक अपार्टमेंट में मृत पाई गई हैं। उनके सिर पर चोट के निशान मिले हैं। बाल्टीमोर पुलिस विभाग (बीपीडी) ने बताया कि ईकोमैप टेक्नोलॉजीज कंपनी की सह संस्थापक पावा लापरे डाउनटाउन बाल्टीनोर अपार्टमेंट में मरी हुई मिलीं। इस मामले में एक 32 वर्षीय युवक पर शक है।

**सोमवार सुबह मौत की जानकारी**

पुलिस कमिश्नर रिचर्ड वॉर्ले ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि वह जेसन डीन बिलिंगस्ले की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस को सोमवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे जानकारी मिली थी। सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। वहां, लापरे मृत मिलीं। जांच करने पर पाया कि उनके सिर पर कई चोट के निशान थे। अधिकारी का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह सामने आ पाएगी।

**खतरनाक अपराधी हो सकता...**

रिचर्ड का कहना है कि जेसन खतरनाक अपराधी हो सकता है। उस पर फर्स्ट डिग्री हत्या, हमला, लापरवाही से खतरे में डालने और कई अन्य आरोप हैं। उसके पास हथियार भी हो सकता है। उन्होंने चेताते हुए कहा कि आरोपी नुकसान पहुंचाने के लिए कुछ भी कर सकता है। वह मार भी सकता है और दुष्कर्म भी कर सकता है।

**कंपनी ने जताया दुख**

लापरे की टेक कंपनी ने उनकी मौत की पुष्टि की है। वहीं, एक रिपोर्ट के अनुसार, लापरे को उनकी स्टार्टअप कंपनी के कारण इस साल सामाजिक प्रभाव के लिए फोर्ब्स की 30 अंडर 30 सूची में शामिल किया गया था।

### कराची: उत्पीड़न का आरोप लगा पाकिस्तान भागे भारतीय पिता-पुत्र, अफगानिस्तान के रास्ते चमन इलाके में हुए दाखिल

**इस्लामाबाद।** अवैध रूप से पाकिस्तान में प्रवेश करने वाले एक भारतीय पिता-पुत्र ने दावा किया है कि उन्होंने धार्मिक उत्पीड़न से बचने के लिए नई दिल्ली में अपना घर छोड़कर पलायन किया है। मोहम्मद हसनैन और उसके बेटे इशाक आमिर ने पाकिस्तान-अफगान सीमा से अवैध रूप से पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के चमन इलाके में घुसपैठ की। दोनों फिलहाल कराची में ईदी वेलफेयर ट्रस्ट के आश्रय गृह में हैं। हसनैन ने कहा, अगर पाकिस्तानी अधिकारी हमें जेल में डालना चाहते हैं तो हम उसके लिए तैयार हैं। हम बिना वैध दस्तावेजों के आए हैं पर हम शरण लेने की कोशिश करेंगे। हसनैन (70 वर्षीय) और आमिर (31 वर्षीय) नई दिल्ली के गौतमपुरी इलाके के रहने वाले हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें लंबे समय तक उत्पीड़न और धार्मिक अत्याचार का सामना करना पड़ा इसलिए उन्होंने पाकिस्तान भागने का फैसला किया। हसनैन ने कहा, हमें कराची पहुंचने में 14 दिन लगे। वहां पहुंचकर हमने थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। इससे पहले दोनों पांच सितंबर को नई दिल्ली से दुबई के लिए रवाना हुए थे। दुबई में उन्हें अफगानिस्तान दूतावास से वीजा मिला।

# भारत ने कनाडा से दो-टूक कहा- निज्जर हत्याकांड के सबूत दिखाओ, हम करेंगे विचार

**न्यूयॉर्क।** भारत ने कनाडा से दो-टूक बात कही है कि खालिस्तान समर्थक आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड से जुड़े सबूत दिखाने पर भारत उन पर विचार करने को तैयार है। भारत ने साफ-साफ कहा है कि दस्तावेजी सार्वजनिक सबूत या विशिष्ट जानकारी दिये बिना हवा में तीर नहीं चलाए जा सकते।

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने न्यूयॉर्क की काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में जुटे लोगों के बीच संवाद के दौरान कहा कि कनाडा यदि निज्जर की हत्या से जुड़ी विशिष्ट जानकारी मुहैया कराता है, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि इस तरह की घटनाओं से जुड़ना भारत सरकार की नीति नहीं है। भारत ने कनाडा से कहा है कि यदि आपके पास कुछ विशिष्ट है और यदि आपके पास कुछ प्रासंगिक है, तो भारत को बताएं। उन्होंने साफ

कहा कि कनाडा ने निज्जर की हत्या के बारे में दावे का समर्थन करने के लिए अभी तक कोई सार्वजनिक सबूत नहीं दिया है। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ सालों में कनाडा में काफी संगठित अपराध हुए हैं और भारत सरकार ने इस बारे में कनाडा को काफी जानकारी दी है। बीते कुछ वर्षों में कनाडा ने वास्तव में अलगाववादी ताकतों, संगठित अपराध, हिंसा और अतिवाद से संबंधित बहुत सारे संगठित अपराध देखे हैं। वे सभी बहुत गहराई से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। भारत विशिष्टताओं और जानकारी के बारे में बात कर रहा है। भारत ने कनाडा से संचालित संगठित अपराध और नेतृत्व के बारे में बहुत सारी जानकारी दी है।

उन्होंने कहा कि वहां के आतंकवादी नेताओं की पहचान कर कनाडा को जानकारी दी गई है, लेकिन बड़ी संख्या में प्रत्यर्पण अनुरोध लंबित पड़े हैं। विदेश मंत्री ने भारतीय राजनयिकों को धमकी और भारतीय वाणिज्य दूतावासों पर हमलों की इन घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत के सामने ऐसी स्थिति है कि भारतीय राजनयिकों को धमकी दी जा रही है, भारतीय वाणिज्य दूतावासों पर हमला किया जा रहा है।

## इराक में शादी समारोह स्थल बना मरघट, हॉल में लगी आग, 113 की मौत

**बगदाद।** इराक के अल-हमदानियाह शहर में करीब पौने 11 बजे शादी समारोह के दौरान मैरिज हॉल में आग लगने से कम से कम 113 लोगों की जान चली गई और 550 से अधिक झुलस गए। हॉल के आसपास मातम पसरा हुआ है। प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है। अल-हमदानियाह शहर मुल्क के उत्तरी हिस्से में है। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि उप-गवर्नर हसन अल-अज्जाक ने इसकी पुष्टि की है।

मीडिया रिपोर्ट्स में नागरिक सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि शादी के जश्न में डूब लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान हॉल में आग लग गई। इस हादसे में बुरी तरह झुलसे इमाद योहन्ना ने कहा कि चीख-पुकार के बीच लपटों से घिरे लोग इधर-उधर भागते रहे। गिरते गए। और अल्लाह को प्यारे हो गए। जो लोग भागने में सफल रहे वे भाग्यशाली हैं।

# सैन्य रिश्तों के साथ आंतरिक क्षमता और लॉजिस्टिक सहयोग भी मजबूत करेंगे भारत-अमेरिका

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका सैन्य रिश्तों के साथ आंतरिक क्षमता और लॉजिस्टिक सहयोग भी मजबूत करेंगे। दोनों देशों के बीच 2 प्लस 2 संवाद में रिश्तों की मजबूती पर विचार विमर्श के साथ हिंद प्रशांत पर साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने और अंतरिक्ष व साइबर सहयोग में विस्तार करने की बात कही गयी।

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस वार्ता में भारतीय पक्ष से विदेश मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव वाणी राव और रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव विश्वेश नेगी तथा अमेरिका की ओर से हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के सहायक रक्षा मंत्री डॉ. एली रैटनर और दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू शामिल हुए। इस दौरान कहा गया कि अमेरिका और भारत के बीच बीते कुछ वर्षों में व्यापार के साथ सैन्य रिश्ते भी तेजी से मजबूत हुए हैं। दोनों ही देशों ने स्वतंत्र हिंद-प्रशांत और चीन के खतरे के मद्देनजर अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना भी जारी रखा है। दोनों देशों ने हिंद महासागर क्षेत्र में संयुक्त समुद्री संबंधों के साथ-साथ अंतरिक्ष और

साइबर डोमेन में सहयोग के विस्तार पर भी बात की। संवाद के दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा विकास और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक प्राथमिकताओं पर भी चर्चा की। वार्ता में रक्षा एवं सुरक्षा, उभरती प्रौद्योगिकियों, लोगों के बीच संबंध, स्वच्छ ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन सहित अमेरिका-भारत साझेदारी के दायरे में महत्वाकांक्षी पहलों को विस्तार दिया गया। अमेरिका-भारत रक्षा औद्योगिक सहयोग के लिए रोडमैप को लागू करने में दोनों देशों द्वारा की गई प्रगति की समीक्षा हुई। नई सह-उत्पादन पहलों पर प्रगति का स्वागत कर आपूर्ति व्यवस्था की सुरक्षा और पारस्परिक रक्षा खरीद समझौतों पर बातचीत को तेजी से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध जताई गई। वार्ता में अमेरिका-भारत संबंधों में परिवर्तनकारी गति को रेखांकित कर कहा गया कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा और समृद्धि बनाए रखने के लिए दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी आवश्यक है। अमेरिका ने स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ काम करने की रक्षा विभाग की प्रतिबद्धता पर सहमति जताई।

## अमेरिका में 'निर्दोष' ने 28 साल गुजारे जेल में, जज ने किया रिहा, मांगी माफी

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में गेराडों कैबनिलास ने 28 साल जेल की सजा काटी। अब कहीं जाकर यह साबित हुआ कि वह निर्दोष है। इसके बाद लॉस एंजिलिस काउंटी ने मंगलवार को उसे स्थायी तौर पर रिहा कर दिया। इस व्यक्ति के ऊपर 30 साल पहले अपहरण, डकैती और दुष्कर्म के आरोप लगे थे। मीडिया रिपोर्ट्स में काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी ऑफिस के बयान के हवाले से कहा गया है कि डीएनए टेस्ट ने साल 1995 में साउथ गेट शहर में एक खड़ी कार में बैठे एक कपल पर हुए हमले में आरोपित गेराडों कैबनिलास को दोषमुक्त करने में मदद की। डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी से संबंधित कनविक्शन इंटीग्रिटी यूनिट ने इस मामले की दोबारा जांच की। इसके बाद

पिछले हफ्ते जज ने गेराडों कैबनिलास की सजा को फ्लट दिया और उसे निर्दोष पाया पाते हुए उसकी स्थायी रिहाई का आदेश दिया।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अटॉर्नी जज जॉर्ज गैस्कॉन ने कहा कि वह न्याय और आपराधिक कानूनी प्रणाली की विफलता के लिए गेराडों कैबनिलास से माफी मांगते हैं। उल्लेखनीय है कि गेराडों कैबनिलास को साल 1996 में कोर्ट ने दोषी ठहराया था और इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

दरअसल पीड़ित कपल ने दूसरी बार हुई जांच में अदालत में स्वीकार किया कि शिनाख्त के लिए उनके ऊपर कैबनिलास की फोटो पर मुहर लगाने का दबाव डाला गया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि बलात्कार किट पर किए गए डीएनए टेस्ट से पता चला कि इसमें गेराडों कैबनिलास शामिल नहीं था। इनोसेंस प्रोजेक्ट ने कहा कि इस मामले में किसी अन्य संदिग्ध को कभी गिरफ्तार नहीं किया गया, हालांकि एक अन्य व्यक्ति ने बाद में यह अपराध कबूल किया था।

## मणिपुर हिंसा: 'राज्य में हालात सामान्य करने के लिए सरकार कर रही हरसंभव प्रयास', बोले विदेश मंत्री जयशंकर

**न्यूयार्क।** मणिपुर में चार महीने से अधिक समय से हिंसा जारी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर का कहना है कि केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक मणिपुर में शांति लाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। साथ ही सरकार ऐसा रास्ता तलाश रही है, जिससे वहां स्थिति सामान्य हो सके और पर्याप्त कानून-व्यवस्था लागू हो।

**तनाव का इतिहास लंबा**

जयशंकर काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (सीएफआर) में भारत के पूर्वोत्तर राज्य की स्थिति पर सवालों का जवाब दे रहे थे। विदेश मंत्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि मणिपुर की हालत के यहां आए प्रवासी भी जिम्मेदार हैं। हालांकि, ऐसे तनाव भी हैं, जिनका स्पष्ट रूप से एक लंबा इतिहास रहा है जो उससे पहले का है।'

**रास्ता खोजने का प्रयास जारी**

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार की ओर से ऐसा रास्ता खोजने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे स्थिति सामान्य हो सके। हिंसा के दौरान जब्त किए गए हथियार बरामद किए जा सकें, पर्याप्त कानून-व्यवस्था लागू की जा सके। ताकि वहां हिंसा की घटनाएं न घटें।' इस महीने की शुरुआत में, संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों के एक समूह ने कहा था कि वे मणिपुर में महिलाओं और लड़कियों को निशाना बनाकर की गई हिंसा की खबरों और तस्वीरों से हैरान हैं। उन्होंने भारत सरकार से घटनाओं की जांच करने और अपराधियों को दंडित करने के लिए मजबूत कार्रवाई करने का आग्रह किया था।

## इमरान खान को रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित किया गया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीटीआई) प्रमुख व पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मंगलवार रात कड़ी सुरक्षा के बीच अटॉक जेल से रावलपिंडी की अदियाला जेल स्थानांतरित किया गया। तोशाखाना मामले में तीन साल की सजा काट रहे पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान को मंगलवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के निर्देश पर रावलपिंडी की अदियाला जेल में ले जाया गया।

अदियाला जेल अधीक्षक असद वाराइच ने इसकी पुष्टि की कि पूर्व प्रधानमंत्री जेल पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि अदियाला जेल के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। वाराइच ने आगे कहा कि इमरान को जेल मैनुअल के मुताबिक सुविधाएं मुहैया कराई

जाएंगी। एक दिन पहले आईएचसी ने इमरान को रावलपिंडी स्थानांतरित करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पीटीआई प्रमुख को अदियाला जेल में स्थानांतरित करने के निर्देश जारी किए थे। इसी क्रम में अदालत ने मंगलवार दिन में रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित करने पर अपना लिखित फैसला जारी किया। अदालत ने पिछली सभी अधिसूचनाओं और आदेशों को रद्द कर दिया, जिसके तहत उन्हें अटक जेल में हिरासत में लिया गया था। आदेश में कहा गया कि इस्लामाबाद मामलों का सामना कर रहे ऐसे सभी कैदियों को अदियाला जेल में रखा जाना था। पूर्व प्रधान मंत्री को प्रदान की गई जेल सुविधाओं के मामले में कहा गया कि वह (इमरान) उन सभी सुविधाओं के हकदार होंगे जो एक बेहतर श्रेणी के कैदी को दी जाती हैं।

## ताइवान मामले पर नेपाल ने किया चीन का समर्थन, बीआरआई कार्यान्वयन समझौते पर जल्द हस्ताक्षर करने पर सहमति

**काठमांडू।** अब तक एक चीन नीति का समर्थन करने वाले नेपाल ने इस बार ताइवान पर चीन की दावेदारी का भी समर्थन कर दिया है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की चीन यात्रा के समय बीजिंग में आज दोनों पक्षों ने संयुक्त वक्तव्य जारी किया है। इसमें नेपाल और चीन दोनों ही आपसी सहमति के आधार पर बीआरआई, जीडीआई और जीसीआई जैसे चीनी राष्ट्रपति की परियोजना पर आगे बढ़ने की बात कही गई है। नेपाल के प्रधानमंत्री के बीजिंग से बाहर निकलने से ठीक पहले ही दोनों देशों की तरफ से संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया है। नेपाल और चीन के विदेश मंत्रालय ने अपनी-अपनी वेबसाइट के जरिए इस वक्तव्य को जारी किया है।

हालांकि कल देर रात तक भी संयुक्त वक्तव्य के जारी होने पर संशय बना हुआ था लेकिन आज सुबह प्रधानमंत्री प्रचण्ड के बीजिंग से वापसी से ठीक पहले 13 बिन्दुओं वाला संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया है। इस वक्तव्य में सबसे चौंकाने वाली बात नेपाल का ताइवान पर चीन की दावेदारी का समर्थन करना है। इस वक्तव्य में कहा गया है, अब तक एक चीन नीति का हमेशा ही समर्थन करता आ रहा नेपाल यह मानता है कि ताइवान भी चीन का अविभाज्य अंग है और नेपाल किसी भी प्रकार से ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करता है। इसी तरह वक्तव्य में तिब्बत के मामले का भी समावेश किया गया है। संयुक्त वक्तव्य में तिब्बत मामले को चीन का आन्तरिक मामला बताते हुए नेपाल में तिब्बत को लेकर किसी भी प्रकार की गतिविधियों को नहीं होने देने की प्रतिबद्धता जतायी गई है।

# अमेरिका ने दोहराया अपना रुख, कहा- निष्पक्ष जांच की जरूरत, नई दिल्ली को सहयोग करना चाहिए

**वाशिंगटन।** खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड को लेकर भारत और कनाडा के बीच जारी विवाद पर अमेरिका ने एक बार फिर बयान दिया है। कनाडा की ओर से भारत पर लगाए आरोपों को चिंता का विषय बताते हुए अमेरिकी विदेश विभाग ने अपना रुख दोहराते हुए कहा कि नई दिल्ली को जांच में सहयोग करने चाहिए।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि इस मामले में पूर्ण और निष्पक्ष जांच की जरूरत है। मिलर ने कहा, हमने कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों पर गौर किया है। हम इससे काफी चिंतित हैं। हमें लगता है कि इन आरोपों की पूर्ण और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। कनाडाई सरकार ने कहा है कि वह ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा मानना है कि भारत सरकार को इसमें सहयोग करना चाहिए। भारत-कनाडा संबंधों और अमेरिका-भारत संबंधों पर इसके प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर मिलर ने कहा कि भारत अब भी अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण भागीदार है, लेकिन इस मामले पर अमेरिका नई दिल्ली से कनाडाई सरकार की जांच में सहयोग करने का अनुरोध कर रहा है।

उन्होंने आगे कहा, हम कनाडा की स्थिति को लेकर काफी चिंतित हैं। हमने अपने कनाडाई समकक्षों के साथ घनिष्ठ रूप से सहयोग किया है। हमने भारत से इस जांच में सहयोग करने का आग्रह किया है और हम ऐसा करना जारी रखेंगे। भारत अब भी अमेरिका का एक महत्वपूर्ण भागीदार है। हम कई मुद्दों पर भारत के साथ काम करते हैं, लेकिन निश्चित रूप से इस मामले पर हम उनसे कनाडाई जांच में सहयोग करने का आग्रह करते हैं।

बीते दिनों अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भी कहा था कि वाशिंगटन कनाडा के आरोपों को लेकर काफी चिंतित है और इस मामले में जवाबदेही देखना चाहता है। ब्लिंकन ने कहा था कि अमेरिका ने सीधे तौर पर भारत सरकार से बातचीत की है।

**भारत-कनाडा के बीच अच्छे संबंध का अमेरिका हिमायती**

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका को भारत और कनाडा दोनों देशों की बराबर परवाह है। दोनों देशों के साथ अमेरिका के मजबूत रिश्ते हैं, साथ ही अमेरिका दोनों (भारत-कनाडा) के बीच अच्छे संबंधों का हिमायती है। नई दिल्ली में हिंद-प्रशांत सेना प्रमुख सम्मेलन (आईपीएसी) के सह-मेजबान के तौर पर मानेकशॉ केंद्र पर 30 देशों की सेनाओं के प्रतिनिधियों को संबोधित करने के बाद उन्होंने कहा कि यह हम सबके लिए तय करना जरूरी है कि देशों की संप्रभुता और सुरक्षा को गंभीरता से लिया जाए। इसके साथ ही हमारे रिश्तों की संभावनाओं को भी गंभीरता से लेना चाहिए।

**कनाडाई राजदूत ने भारत पर बोला हमला**

वहीं, संयुक्त राष्ट्र में कनाडा के राजदूत बॉब रे ने फिर परोक्ष रूप से भारत पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विदेशी दखल के कारण लोकतंत्र खतरे में पड़ जाते हैं और देशों के बीच के संबंधों के नियम राजनीतिक सुविधा से नहीं बदले जा सकते। उन्होंने कहा, इसके साथ ही जब हम समानता के महत्व पर बेहद जोर देते हैं तो हमें मुक्त और लोकतांत्रिक समाजों के मूल्यों को भी बनाए रखना चाहिए। यदि हम उन नियमों पर टिके नहीं रहे, जिनपर हम पहले सहमत हुए हैं तो हमारे मुक्त और खुले समाज का ताना-बाना बिखरने लगेगा।

## लिएंडर पेस अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम के लिए नामित, पहले एशियाई बने

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज खिलाड़ी और कई ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के विजेता लिएंडर पेस अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम के लिए नामित होने वाले एशिया के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। 50 वर्षीय पेस उन छह खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें 2024 के लिए नामांकित किया गया है। खिलाड़ी श्रेणी में उनके अलावा कारा ब्लैक, एना इवानोविच, कार्लोस मोया, डैनियल नेस्टर और फ्लाविया पेनेटा को नामित किया गया है। महिला वर्ग में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने वाली चीन की खिलाड़ी ली ना 2019 में अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम के लिए नामित होने वाली एशिया की पहली खिलाड़ी बनी थी। पेस ने कहा कि यह मेरे लिए काफी मायने रखता है कि मैं खिलाड़ियों की श्रेणी में अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ़ फेम के लिए नामित होने वाला एशिया का पहला खिलाड़ी हूं।

## भारतीय तैराकों का एशियाई खेलों में निराशाजनक प्रदर्शन जारी

**हांगझोउ।** भारत के तैराकों का एशियाई खेलों में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और बुधवार को कोई भी भारतीय तैराक अपनी स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया। ओलंपियन माना पटेल महिला 100 मीटर बैकस्ट्रोक में तीसरी हीट में एक मिनट 3.55 सेकेंड के साथ पांचवें और कुल 13वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं। नीना वेंकटेश भी महिला 100 मीटर बटरफ्लाई में अपनी हीट में चौथे और कुल 14वें स्थान पर रहते हुए स्पर्धा से बाहर हो गईं। शीर्ष आठ तैराक फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। श्रीहरि नटराज पुरुष 200 मीटर फ्रीस्टाइल हीट में एक मिनट 49.05 सेकेंड के साथ कुल 10वें स्थान पर रहे और उन्हें फाइनल के लिए दूसरा रिजर्व खिलाड़ी रखा गया है। लिनेशा भी महिला 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में पदक दौर में जगह बनाने में विफल रहीं। वह अपनी हीट में एक मिनट 15.60 सेकेंड के साथ छठे स्थान पर रहीं।

## युजी चहल ने पत्नी धनश्री वर्मा के बर्थडे पर शेयर किए दिल की अरमान, वीडियो

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्पिनर युजी चहल ने अपनी पत्नी धनश्री वर्मा चहल को उनके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है। युजी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर की है जिसमें उन्होंने पत्नी धनश्री के लिए अपने जज्बात शेयर किए हैं। बता दें कि युजी चहल और धनश्री ने साल 2020 में शादी की थी। लॉकडाउन के दौरान युजी धनश्री से ऑनलाइन क्लासेज लेकर डांस सीखते थे। इसके बाद दोनों ने मिलना शुरू किया और जल्द ही दोनों की मुलाकातों प्यार में बदल गई।

बहरहाल, युजी ने पोस्ट के साथ लिखा- काश मैं इस विशेष दिन का जश्न मनाने के लिए आपके साथ वहां रह पाता, लेकिन जब तक हम फिर से एक नहीं हो जाते, मैं चाहता हूं कि आप यह जान लें कि मैं आपसे इतना प्यार करता हूं जितना शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। आपके प्यार ने मुझे एक बेहतर इंसान बनाया है, और मैं उस हर पल के लिए आभारी हूं जो हमने व्यक्तिगत रूप से और वस्तुतः एक साथ बिताया है। जन्मदिन मुबारक हो छोटू। लव यू।

# एशियाई खेल : 25 मीटर महिला पिस्टल टीम इवेंट में भारत ने जीता स्वर्ण पदक

**हांगझू।** एशियाई खेलों में बुधवार की सुबह भारतीय निशानेबाजों ने देशवासियों को दोहरी खुशी दी। पहले जहां महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में क्वालिफिकेशन में सिफ्ट कौर समरा, आशी चौकसे, मानिनी कौशिक की भारतीय टीम ने कुल 1766 अंकों के साथ रजत पदक जीता, वहीं 25 मीटर महिला पिस्टल टीम इवेंट में ईशा सिंह, रिदम सांगवान और मनु भाकर की तीकड़ी ने स्वर्ण पदक जीता।मनु क्वालिफिकेशन में सबसे आगे रहीं, वह व्यक्तिगत स्पर्धा में स्टैंडिंग में शीर्ष पर रहीं और ईशा के साथ व्यक्तिगत फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। मनु ने कुल 590 अंक हासिल किये, जबकि ईशा सिंह ने 586 और सांगवान ने 583 अंक हासिल किये। भारतीय तिकड़ी ने कुल 1759 अंकों के साथ स्वर्ण पर कब्जा किया, जबकि चीन 1756 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, वहीं कोरिया 1742 अंकों के साथ कांस्य पदक पर कब्जा किया।

# नेपाल ने मंगोलिया को 273 रन से हराया, दीपेंद्र सिंह ने 10 गेंदों पर लगाया अर्धशतक

**हांगझू।** नेपाल ने बुधवार को कुशल मल्ला के शतक, रोहित पौडेल तथा दीपेंद्र सिंह ऐरी की धुंआधार अर्धशतकीय पारी और उसके बाद करण केसी और अन्य की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत मंगोलिया को 41 रन पर ढेर कर रिकाड 273 रन से मुकाबला जीत लिया। 19वें एशियाई खेलों के पुरुष क्रिकेट मुकाबले में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की शुरुआत बेहतर नहीं रही और उसके दोनों ओपनर कुशल भुर्तेल (19) रन को जमयनसुरेन ने अल्तानखुयाग के हाथों कैच करा पवेलियन भेज दिया। वही आसिफ शेख को 16 रन पर एर्देनेबुल्गान ने ओल्गोनबयार के हाथों कैच आउट कर दिया। एक समय नेपाल ने 66 रन पर दो विकेट खो दिए थे। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए कुशल मल्ला ने 50 गेंदो में नाबाद 137 रन, तथा रोहित पॉडेल ने 27 गेंदों में 61 रन दीपेंद्र सिंह ऐरी ने केवल नौ गेंदों में टी20 क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक बनाया। वह 52 रन बनाकर नाबाद रहे उन्होंने अपनी 10 गेंदो की पारी में आठ छक्के लगाए। नेपाल टीम के स्कोर को 20 ओवर में तीन विकेट पर 314 रन पहुंचा दिया। इसी के साथ मौजूदा एशियाई खेलों के ग्रुप मैच में नेपाली टीम 300 रन का आंकड़ा पार करने वाली पहली टीम भी बन गई।

इसके अलावा कुशल मल्ल, जिन्होंने केवल 34 गेंदों में नाबाद शतक बनाया, टी20 क्रिकेट में शतक बनाने वाले नेपाल के पहले क्रिकेटर बन गए। मंगोलिया के लुवसांजुंडई एर्देनेबुल्गान, डबासुरेन जमयनसुरेन और मुनगुन अल्तानखुयाग को एक-एक विकेट मिला। 315 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मंगोलिया की टीम 13.1 ओवर में केवल 41 रनों पर सिमट गई और नेपाल ने 273 रनों की बड़ी जीत हासिल की। मंगोलिया की ओर से केवल डबासुरेन जमयनसुरेन (10) रन एंख-एरदेने ओल्गोनबयार (3) रन, तुमुरसुख तुरमुंख (2)रन तथा तीन अन्य खिलाड़ियों ने एक-एक रन का योगदान किया। मंगोलियाई टीम को 23 रन अतिरिक्त के रूप में प्राप्त हुए। नेपाल की ओर से करण के सी, अबिनाश बोहरा और संदीप लामिछाने ने दो-दो विकेट तथा सोमपाल कामी, दीपेंद्र सिंह ऐरी और कुशल भुर्तेल को एक-एक विकेट मिला।

# एशियाई खेल: श्रीहरि नटराज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, पदक से चूके

**हांगझू।** 22 वर्षीय भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने बुधवार को चल रहे एशियाई खेलों में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, हालांकि इसके बावजूद वह 200 मीटर फ्रीस्टाइल के फाइनल लिए क्वालीफाई नहीं कर सके।

नटराज ने पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल हीट में 1:49.05 का समय लिया और कुल मिलाकर 10वें स्थान पर रहे, जिसके लिए वह फाइनल इवेंट में अपनी जगह बनाने में असफल रहे और रिजर्व के रूप में रहे। लेकिन नटराज ने अपनी हीट टाइमिंग के साथ एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना लिया।नटराज के साथ, तनिष जॉर्ज मैथ्यू और लिनिशा भी एशियाई खेलों के 19वें संस्करण में 200 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल और महिलाओं की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक फाइनल में अपनी जगह बनाने में असफल रहीं।

इस बीच, महिलाओं की 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 23 वर्षीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक माना पटेल एशियाई खेलों की हीट में हार गईं।माना ने 1:03.55 का समय निकाला, जो अपने लीडर से 2.68 सेकेंड पीछे था। हीट में वह 13वें स्थान पर रहीं। युवा भारतीय तैराक माना महिलाओं की 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में भी पदक में अपनी जगह बनाने में असफल रहीं। हालांकि, वह इन खेलों में अपनी अंतिम पदक जीत की उम्मीद के लिए महिलाओं की 4×100 मीटर मेडले रिले में भाग लेंगी। दूसरी ओर, नीना वेंकटेश भी महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई के फाइनल में क्वालीफाई करने में असफल रहीं। नीना ने हीट में 1:03.89 का समय निकाला और कुल मिलाकर 14वें स्थान पर रहीं और केवल शीर्ष आठ तैराक ही फाइनल में पहुंचे।वेंकटेश शुक्रवार को आगामी महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई और महिलाओं की 4×100 मीटर मेडले रिले में हिस्सा लेंगी। इससे पहले श्रीहरि नटराज, लिकिथ सेल्वराज, साजन प्रकाश और तनिष मैथ्यू की भारतीय टीम एशियाई खेलों में पुरुषों की 4×100 मीटर मेडले रिले में पोडियम फिनिश से चूक गई थी।भारतीय टीम 3:40:20 का समय लेकर पांचवां स्थान हासिल करने में सफल रही। हालांकि भारतीय टीम ने एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड जरूर बनाया। प्रतियोगिता में चीन ने एक बार फिर अपना दबदबा बनाया और 3:27:01 का समय निकालकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया।

# विष्णु सरवनन ने पुरुषों की डिंगी इल्का 7 स्पर्धा में जीता कांस्य

**हांगझू।** भारत के विष्णु सरवनन ने बुधवार को एशियाई खेलों 2023 में पुरुषों की डिंगी इल्का 7 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। एशियाई खेलों में यह भारत का 20वां पदक है। एशियाई खेल नौकायन, पुरुषों की डिंगी-आईएलसीए7 स्पर्धा में भारत के विष्णु सरवनन ने कांस्य पदक जीता, और पिछली 11 रेसों के कुल योग के बाद स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर रहे। विष्णु ने प्रतियोगिता को 34 अंकों के स्कोर के साथ समाप्त किया, जिसमें 11 रेसों में तीन जीत शामिल हैं। भारतीय नाविक को कोरिया गणराज्य के जीमिन हा से कड़ी टक्कर मिली, जिन्होंने रजत पदक जीता और उनके 42 नेट अंक और 33 अंक थे। सिंगापुर के रयान लो ने 32 अंक और 26 नेट अंक के साथ इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। विष्णु के कांस्य के साथ, भारत का एशियाई खेलों में तीसरा नौकायन पदक है। , 17 वर्षीय नेहा ठाकुर ने लड़कियों की डिंगी इल्का 4 स्पर्धा में 24:48 के कुल समय के साथ रजत पदक जीतकर नौकायन स्पर्धा में भारत का पहला पदक जीता। 17 वर्षीय खिलाड़ी ने 11 दौड़ के बाद कुल 27 अंक हासिल किए और नौकायन स्पर्धा में पहला पदक हासिल किया। इबाद अली ने सफिंग आरएस:एक्स में 57 अंकों के साथ कांस्य पदक जीतकर दूसरा पदक पक्का किया। यह छठी और 14वीं रेस में दूसरे स्थान पर रहे, जो एशियाई खेलों में इस वर्ग में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था। बुधवार को, अब तक, भारत ने छह पदक जीते, जिनमें दो स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। कुल मिलाकर, भारत ने अब तक 20 पदक जीते हैं, जिसमें 5 स्वर्ण, 5 रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं।

# एशियाई खेल: अंगद-गुरजोत-आनंद ने पुरुषों की स्कीट शूटिंग में जीता कांस्य

**हांगझू।** चल रहे एशियाई खेलों की शूटिंग स्पर्धा में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। अंगद वीर सिंह, गुरजोत सिंह और आनंद जीत सिंह की तिकड़ी ने बुधवार को 355 के स्कोर के साथ पुरुषों की शॉटगन स्कीट टीम में कांस्य पदक जीता। 355 अंकों के साथ भारत ने कांस्य पदक हासिल किया. स्वर्ण पदक 362 अंकों के साथ चीन को मिला और कतर ने 359 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया।निशानेबाजी में यह भारत का दसवां पदक है।

इससे पहले, भारत की सिफ्त कौर समरा ने बुधवार को हांगझू में चल रहे एशियाई खेलों में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3पी व्यक्तिगत फाइनल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि आशी चौकसे ने कांस्य पदक जीता, जिससे देश को डबल पोडियम फिनिश मिली।

469.6 अंकों के स्कोर के साथ, सिफ्त ने न केवल स्वर्ण पदक हासिल किया, बल्कि विश्व रिकॉर्ड, एशियाई रिकॉर्ड और एशियाई खेलों के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। विश्व रिकॉर्ड ग्रेट ब्रिटेन के पास था, एशियाई रिकॉर्ड चीन के पास था और एशियाई खेलों का रिकॉर्ड पहले मंगोलिया के पास था।इससे पहले आज, मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान की भारतीय निशानेबाजी तिकड़ी ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा, आशी चौकसे, मानिनी कौशिक और सिफ्ट कौर समारा ने बुधवार को महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3पी टीम शूटिंग स्पर्धा में भारत के लिए रजत पदक हासिल किया। इससे पहले दिव्यांश सिंह पंवार, रुद्रांश पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर की टीम ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम में विश्व रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया था। इसके अलावा महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम में मेहुली घोष, रमिता जिंदल और आशी चौकसे की तिकड़ी को रजत मिला था।

# न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश में पहली बार जीती वनडे सीरीज, गेंदबाजों ने दिखाया दम

**मीरपुर।** न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ ढाका के मैदान पर जोरदार वापसी करते हुए तीसरा वनडे मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया। इससे पहले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने ने 34 रन देकर 4 तो बोल्ट ने 33 रन देकर 2 विकेट लिए और बांग्लादेश को 171 रन पर ही रोक दिया। जवाब में न्यूजीलैंड ने विल यंग ने 80 गेंदों में 70 रन, हेनरी निकोल्स ने 86 गेंदों में 50 रन बनाए और टीम को जीत दिला दी।

इससे पहले बांग्लादेश की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसके दोनों ओपनर बल्लेबाज तंजिद हसन (5) रन और जाकिर हसन को एक रन के निजी स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। तंजिद हसन को बोल्ट ने एलन के हाथों कैच करवा। वही जाकिर हसन को मिल्ने ने बोल्ड आउट किया। इस समय टीम का स्कोर दो विकेट पर आठ रन था। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने संभल कर खेलते हुए 84 गेंदों में 76 रन बनो। उन्हें मैककोन्ची ने पगबाधा आउट किया।तौहीद हृदयोय और मुशफिकुर रहीम टीम के स्कोर में 18-18 रन का योगदान दिया।

महमूदुल्लाह ने 27 गेंदों में 21 रन बना कर मिल्ने की गेंद पर ब्लंडेल को कैच थमा बैठे। मेहदी हसन 14 गेंदों पर 13 रन बनाए और उसे बोल्ड ने ब्लंडेल के हाथों कैच करा कर पवेलियन भेज दिया। उस समय टीम का स्कोर छह विकेट पर 156 रन था इसके बाद बल्लेबाजी करने आए नसुम अहमद, हसन महमूद, खालिद अहमद, शोरिफुल इस्लाम टीम के स्कोर में कुल 15 रनों का योगदान पवेलियन लौट गए। बंगलादेश की पूरी टीम 34.3 ओवर में 171 रन पर सिमट गई। जवाब में खेलने उतरी न्यूजीलैंड ने फिन ऐलन और विल यंग की बदौलत मजबूत शुरुआत की। फिन ने 26 गेंदों पर 28 तो विल यंग ने 80 गेंदों पर 10 चौके और एक छक्के की मदद से 70 रन बनाए। हेनरी निकोल्स ने 86 गेंदों पर 4 चौके और एक छक्के की मदद से 50 तो टॉक ब्लंडेल ने 16 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 23 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। बांग्लादेश की ओर से शौरीफुल इस्लाम 32 रन देकर दो विकेट लेने में सफल रहे।

# पूर्व फुटबॉलर रोनाल्डो ने की तीसरी शादी, 14 साल छोटी बीवी है बेहद खूबसूरत

**ब्राजील।** ब्राजील के पूर्व फुटबॉलर रोनाल्डो ने अपनी मॉडल पार्टनर सेलिना लॉक्स से इबीसा के एक चर्च में शादी कर ली है। इस प्रेमी जोड़े ने जनवरी में कैरेबियाई धरती पर सगाई की थी। सोमवार दोपहर जब वे इबीसा के क्यूबेल्स के छोटे से गांव में एक चर्च से बाहर निकले तो उनपर साथियों ने सफेद गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा की।

सेलिना ने 7 साल पहले पूर्व रियल मैड्रिड और इंटर मिलान स्ट्राइकर के साथ डेटिंग शुरू की थी। उन्होंने शादी की एक फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। 33 वर्षीय मॉडल ने लिखा- आज हम अपने परिवारों को एक अंतरंग धार्मिक उत्सव के लिए एक साथ लाए और इस तरह कई समारोहों के एक सप्ताह की शुरुआत हुई।

जोड़े ने शादी पर क्रीम रंग के कपड़े पहने थे। मेहमानों में रिश्तेदारों के अलावा रोनाल्डो के पूर्व रियल मैड्रिड टीम के साथी जूलियो बैप्टिस्टा भी शामिल थे। रोनाल्डो, जो अब स्पेनिश सेकेंड डिवीजन टीम रियल वलाडोलिड के अध्यक्ष हैं, ने चर्च में प्रवेश करने से पहले प्रशंसकों के साथ सेल्फी भी खिंचवाई।47 वर्षीय रोनाल्डो की यह तीसरी शादी है। उनकी पूर्व पत्नी और ब्राजील के पूर्व फुटबॉलर मिलेन डोमिंगुएस से उनका पहला बच्चा, रोनाल्ड था, जो अब 23 वर्ष का है। इसके बाद रोनाल्डो ने मारिया बीट्रिज एंटनी से शादी की जिससे उनकी दो बेटियां मारिया सोफिया 14, और मारिया एलिस 12 है।

# एशियाई खेल : भारतीय महिला हॉकी टीम ने सिंगापुर को 13-0 से हराया

**हांगझू।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को अपने पूल ए मैच में सिंगापुर पर 13-0 से जीत के साथ अपने एशियाई खेल 2023 अभियान की शुरुआत की। भारत के लिए संगीता कुमारी ने तीन, नवनीत कौर ने दो, दीपिका, सुशीला चानू, उदिता, नेहा, दीप ग्रेस इक्का, सलीमा टेटे, वंदना कटारिया और मोनिका ने 1-1 गोल किया।

मैच में भारत ने शुरू से ही अपना दबदबा बनाए रखा और सिंगापुर के खिलाफ लगातार हमले किए, जिसके कारण उन्होंने दो शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर भी जीते और उदिता (6फीसदी) ने दूसरे पेनल्टी को गोल में बदलकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहला गोल करने के कुछ क्षण बाद, भारतीय टीम को पेनल्टी स्ट्रोक मिला और उन्होंने सुशीला चानू पुखरामबम (8फीसदी) के माध्यम से इसका फायदा उठाया और गोल कर टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत के लिए नियमित गोल आते रहे। दीपिका (11फीसदी) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम की बढ़त 3-0 कर दी, जिसके बाद नवनीत कौर (14फीसदी, 14फीसदी) ने दो गोल किए - एक पेनल्टी कॉर्नर के माध्यम से और दूसरा मैदानी गोल। पहले क्वार्टर के अंत तक भारत को 5-0 की मजबूत बढ़त मिल गई।

दूसरा क्वार्टर में भी भारतीय टीम ने गेंद पर कब्ज़ा और लगातार हमलों के जरिए खेल पर नियंत्रण बनाए रखा, जिसका एक बार फिर फायदा मिला जब दीप ग्रेस एक्का (17फीसदी) और नेहा (19फीसदी) ने आसानी से पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया। जबकि संगीता कुमारी (23फीसदी) ने शानदार फील्ड गोल किया और भारत ने मध्यांतर तक 8-0 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली। मध्यांतर के बाद भी भारतीय टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा। सलीमा टेटे (35फीसदी) ने फील्ड गोल करके तीसरे क्वार्टर में भारत को 9-0 की बढ़त दिला दी।भारतीय टीम ने अंतिम क्वार्टर में भी आक्रामक रवैया अपनाया, जिसमें संगीता कुमारी (47फीसदी, 53फीसदी) ने दो और मोनिका (52फीसदी) और वंदना कटारिया (56फीसदी) ने एक-एक गोल करके भारत को 13-0 की आसान जीत दिला दी। भारत का अगला मुकाबला मलेशिया से होगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




# सिपरिचुअल टूरिज्म का धनी है उत्तर प्रदेश: योगी

## प्रमुख पर्यटन स्थलों पर मिलेगी इलेक्ट्रिक वाहनों की सुविधा: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

**मुख्यमत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पर्यटन की संभावनाओं के साथ ग्रीन इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है कि प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सिर्फ इलेक्ट्रिक वाहनों (ई-बस व ई रिक्शा) की सेवा उपलब्ध कराई जाए। वहां डीजल-पेट्रोल से चलने वाले वाहनों का संचलन न हो। इसके लिए निजी ऑपरेटर्स को प्रोत्साहित किया जाएगा। सीएम योगी बुधवार अपराह्न विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आधारित प्रर्दशनी का उद्घाटन, उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आधारित 'ए टू जेड' पुस्तिका का विमोचन, युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों को किट वितरण एवं उत्तर प्रदेश के अग्रणी पर्यटन उद्यमियो का सम्मान करने के उपरांत मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस की थीम है 'टूरिज्म एंड ग्रीन इन्वेस्टमेंट'। प्रमुख पर्यटन स्थलों पर इलेक्ट्रिक वाहनों की सुविधा से लोगों को एक बहुत अच्छा वातावरण मिलेगा। वहां पर अपने आप एक आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण मिलेगा। पर्यटन स्थल को हम इस ढंग से विकसित करें कि वहां पर जनरेटर भी न चले, सोलर लाइट की व्यवस्था करें। कोई ऐसी व्यवस्था करें जो ग्रीन एनर्जी के माध्यम से उसे क्षेत्र के विद्युतीकरण की व्यवस्था को पूरा कर सकती हो। विश्व पर्यटन दिवस की सबको शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन हम सबके जीवन में एक नया परिवर्तन करते हुए जीवन को जीने की एक नई विधा प्रस्तुत करता है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक के जीवन में उत्साह और उमंग की भावना का संचार करने के लिए पर्यटन की ढेर सारी संभावनाओं को सामने लाने की आवश्यकता है। अगर भारत या उत्तर प्रदेश की दृष्टि से देखें तो प्रमुख रूप से दो प्रकार के टूरिज्म देखने को मिलते हैं एक धार्मिक और दूसरा मनोरंजन से जुड़ा।

दोनों प्रकार के टूरिज्म के साथ पूरा इको सिस्टम काम करता है। एक आस्था से जुड़ा है तो दूसरा मनोरंजक के साथ ज्ञानवर्धक भी है। सीएम ने कहा कि अगर यूपी की दृष्टि से देखेंगे तो स्पिरिचुअल टूरिज्म का जितना धनी उत्तर प्रदेश है, उतना दुनिया के अंदर कहीं अन्यत्र मिलना मुश्किल है।

**यूपी में एक साल में आए 30 करोड़ पर्यटक:** मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश के अंदर 30 करोड़ पर्यटक धार्मिक दृष्टि के अलग-अलग पवित्र धामों का दर्शन करने आए।






### 'पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार का ध्यान कनेक्टिविटी पर'

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में संभावनाओं को विकसित करने के लिए सरकार कनेक्टिविटी अच्छी कर रही है। एक्सप्रेस हाईवे, फोरलेन बनाए गए। एयर कनेक्टिविटी मजबूत की गई। 2017 तक उत्तर प्रदेश में केवल दो एयरपोर्ट क्रियाशील थे आज 9 एयरपोर्ट क्रियाशील है। 12 नए एयरपोर्ट क्रियाशील होने वाले हैं। गोरखपुर को ही देखें तो 2017 के पहले एक फ्लाइट कभी-कभी आती थी, साल में 6 महीने चल पाती थी। जबकि आज गोरखपुर से देश के प्रमुख नगरों के लिए 14 फ्लाइट चल रही है। गोरखपुर से ट्रेन की अच्छी सुविधा है।

## फास्ट न्यूज

### अटेली मंडी में बुधवार को भी बाजरे की व्यवसायिक सरकारी खरीद हुई

**नारनौल।** सरकार द्वारा खरीफ सीजन की शुरूआत अटेली अनाज मंडी में बुधवार को बजारे की सरकारी खरीद हुई। किसान अपने बाजरे को ट्रैक्टर ट्रालियों में अल सुबह ही लेकर आ गये, जिस कारण नारनौल-रेवाड़ी मुख्य मार्ग पर दोपहर 12 बजे तक नया व पुराना बस स्टैंड पर आवागमन बाधित रहा तथा पुलिस को पसीना बहाना पड़ा। अनाज मंडी कस्बे के बस स्टैंड के ठीक सामने होने के कारण सवारियों को अपने गतंव्य पर आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मंगलवार को देर साय तक 300 किसानों का 9400 क्विंटल बाजरा खरीदा गया। मार्केट कमेटी के कर्मियों को व्यवस्था बनाये रखने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। मंगलवार को 874 टोकन कटे तथा बुधवार को समाचार लिखे जाने तक 500 के करीब टोकन कट चुके थे। किसानों के द्वारा अल सुबह ही ट्रैक्टर ट्रालियों में बाजरा लाने से नारनौल व रेवाड़ी मार्ग के अलावा अन्य मार्गो पर 1 किमी. लंबी कतारे लग गई। अटेली कस्बे में दोपहर 12 बजे तक आवागमन बाधित रहा, यातायात को सुचारू करने के लिए बाई पास की ओर डायवर्ट करना पड़ा।

खरीफ सीज? की बाजरे की सरकारी खरीद व्यवसायिक खरीद आढ़तियों के माध्यम से हैफेड एजेंसी 2200 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीद हो रही है। वैसे बाजरे का समर्थन मूल्य 2500 रुपए है लेकिन 300 रुपए की राशि किसानों को भावांतर योजना में दिये जाएंगे। अटेली कस्बे में बड़ी संख्या में किसानों व ट्रैक्टरों व अन्य साधनों से मंडी में बाजरे को ले आने से गहमा-गहमी रही। मंडी में खरीद शुरूआत कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव सुनिता देवी, सहायक सचिव संजय व वरिष्ठ मंडी सुपरवाइजर राकेश यादव ने अधिक संख्या में किसानों के आने से व्यवस्था को बनाये रखने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### उपेन्द्र कुशवाहा ने अमित शाह से की मुलाकात

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय लोक जनता दल के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने बुधवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की है। मुलाकात की तस्वीर एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा कर कुशवाहा ने लिखा कि आज उन्होंने दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा नेता अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बिहार की राजनीतिक स्थिति एवं आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए की रणनीति पर विशेष चर्चा की। कुशवाहा ने कहा कि इस दौरान उनके पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव माधव आनन्द भी उपस्थित थे। जानकारों का कहना है कि दोनों नेताओं के बीच लोकसभा चुनाव में सीटों के तालमेल को लेकर चर्चा हुई है। हालांकि इस मुद्दे पर आधिकारिक रूप से भाजपा की ओर से कुछ नहीं कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले कुशवाहा ने एक्स पर लिखा था कि राजद-जदयू डील के साथ ही नीतीश कुमार की पार्टी निपट चुकी है। डूबती नैया पर सवार होकर कोई भी व्यक्ति चुनाव की वैतरणी पार नहीं कर सकता है। इसलिए नीतीश सहित उनकी पार्टी के अन्य नेता इधर-उधर संपर्क में हैं।

## मंत्रियों-सांसदों को टिकट पर कमलनाथ ने कसा तंज



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले बयानबाजी का दौर तेज हो गया है। भाजपा द्वारा विधानसभा चुनाव में केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों को टिकट दिये जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने बड़ा हमला बोला है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के सजावटी उम्मीदवारों से जनता का आक्रोश बढ़ रहा है। यह भाजपा के बड़े विघटन का दौर है। कमलनाथ ने सोशल मीडिया एक्स के जरिए कहा कि जितने सजावटी उम्मीदवार ला रही है, जनता का आक्रोश उतना ही ज्यादा बढ़ रहा है, कारण स्पष्ट हैं। जनता मान रही है कि जो मंत्री चुनाव लड़ेंगे, उनका मंत्रालय जो पहले से ही सुप्त है अब और भी निष्क्रिय हो जायेगा, तो फिर जनता के रुके हुए काम कैसे होंगे। इस वजह से आक्रोश बढ़ रहा है। जो सत्ताधारी सासंद चुनाव लड़ेंगे उनका संसदीय क्षेत्र उपेक्षित होगा, जिसका खामियाजा जनता ही भुगतेगी। इस वजह से आक्रोश बढ़ रहा है। कमलनाथ ने आगे कहा कि ये तथाकथित बड़े लोग पार्टी के दबाव में बेमन से लड़ेंगे और हारेंगे तो जनता के खिलाफ हो जाएँगे, जिसके कारण जनता उनकी उपेक्षा और उनके उत्पीड़न का शिकार होगी। इस वजह से आक्रोश बढ़ रहा है। यदि भाजपा के कोई एक-दो सांसद जोड़, जुगत, जुगाड़ से चुनाव जीत भी गये तो फिर बाद में विधायक के पद से इस्तीफा देकर आगामी लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे, जिससे उप चुनाव का खर्चा होगा, जो जनता के टैक्स की ही बबार्दी होगी। इस वजह से आक्रोश बढ़ रहा है।

**विघटन**

**भाजपा के सजावटी उम्मीदवारों से जनता का आक्रोश बढ़ रहा है। यह भाजपा के बड़े विघटन का दौर है**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को इंदौर में आयोजित दो दिवसीय इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव-2023 को संबोधित करती हुई।

## ज्ञानवापी: वजूखाने खोले जाने की याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में सील किए गए वजूखाने को खोले जाने को लेकर दायर हिन्दू पक्ष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में जल्द सुनवाई की मांग की गई। हिन्दू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने मामले को चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने उठाया। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि कल ही अंजुमन इंतजामिया के मामले में सुनवाई के दौरान कहा था कि इस मुद्दे से जुड़े तीन मामलों की दो हफ्ते बाद सुनवाई होगी। पहले सुनवाई योग्य होने के मामले पर सुनवाई करेंगे उसके बाद दूसरे मामलों की। अब दोनों पक्षों की याचिका पर 13 अक्टूबर को सुनवाई होगी। हिन्दू पक्ष की तरफ से वकील विष्णु शंकर जैन ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर कहा है कि सुप्रीम कोर्ट एएसआई को ज्ञानवापी परिसर में सील किए गए वजूखाना और उसके आसपास का भी वैज्ञानिक सर्वे करने का आदेश दे, जैसा परिसर के अन्य जगहों पर हो रहा है। इसके अलावा हिन्दू पक्ष की यह भी मांग है कि सरोवर स्थित कुएं से पिछले साल 16 मई को मिले कथित शिवलिंग की भी जांच करने का निर्देश एएसआई को दिया जाए।

### विपक्ष ने लगाया डेंगू का आंकड़ा छिपाने का आरोप

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में डेंगू की स्थिति गुजरते दिन के साथ चिंताजनक होती जा रही है। प्रभावित लोगों और मृत्यु के आंकड़ों पर तथ्य प्रदान करने में राज्य सरकार की लगातार विफलता को लेकर बड़े पैमाने पर विवाद शुरू हो गया है। इस वर्ष केंद्रीय वेबसाइट पर पश्चिम बंगाल का कोई डेटा नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल (एनसीवीबीडीसी) की वेबसाइट पर डेंगू के आंकड़ों में राज्य से संबंधित कॉलम में एनआर लिखा है।

## उज्जैन में 12 साल की बच्ची से रेप

**टीम एक्शन इंडिया/उज्जैन**

उज्जैन में 12 साल की बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। महाकाल थाना इलाके में बड़नगर रोड पर दांडी आश्रम के पास बच्ची घायल हालत में मिली थी। उसके कपड़े खून से सने थे। बच्ची आधे-अधूरे कपड़ों में सांवराखेड़ी सिंहस्थ बाइपास की कॉलोनियों में ढाई घंटे तक भटकती रही। इसके सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने खोजे हैं। वह पूरे आठ किलोमीटर चलती गई। उसके प्राइवेट पार्ट्स में गंभीर चोटें हैं। उसने पुलिस को बताया- उसकी मां के साथ भी गलत काम हुआ है, लेकिन उसकी मां कहां है और वह उज्जैन तक कैसे आई? इस बारे में कुछ भी नहीं बता पा रही है। ज्यादा खून बह जाने के कारण बच्ची को इंदौर के अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। वहां उसे खून चढ़ाया गया, बच्ची अब खतरे से बाहर है। डॉक्टरों ने रेप की पुष्टि की। उज्जैन एसपी सचिन शर्मा ने बताया कि बच्ची शायद प्रयागराज (यूपी) की रहने वाली है। जांच के लिए एसआईटी गठित की है। बच्ची ठीक से ज्यादा कुछ बता नहीं पा रही है कि घटना कहां हुई। पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें एक ऑटो रिक्शा हाटकेश्वर मार्ग पर दिखाई दिया है, जिसमें एक व्यक्ति भी पीड़ित के साथ दिख रहा है। फुटेज की मदद से पुलिस ने मंगलवार रात को ऑटोवाले को खोज निकाला। हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को ड्राइवर के ऑटो से खून के धब्बे मिले हैं।

**शर्मनाक** मेजर और उसकी पत्नी पर नाबालिग नौकरानी को प्रताड़ित करने का आरोप लगा

## नाबालिग को कपड़े उतारकर पीटने, खून चाटने को मजबूर किया

**टीम एक्शन इंडिया/दीमा हसाओ**

**असम के** रहने वाले एक मेजर और उसकी पत्नी पर नाबालिग नौकरानी को प्रताड़ित करने का आरोप लगा है। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। उन पर पोस्को, एससी/एसटी एक्ट, प्रताड़ना, बाल मजदूरी और गुलामी की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। असम के रहने वाले मेजर शैलेन्द्र यादव और उनकी पत्नी ने आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि लड़की सीढ़ियों से गिर गई थी, तभी उसे चोट लग गई। दीमा हसाओ के एसपी मयंक कुमार ने बताया कि नाबालिग लड़की का आरोप है- मालकिन मेरे काम से खुश नहीं रहती थीं। इसीलिए मुझे कमरे में बंद कर देतीं, बाल खींचती और बेलन से पीटती थीं। वो मेरे कपड़े उतारकर तब तक पीटतीं, जब तक मैं लहूलुहान नहीं हो जाती। कई बार उन्होंने मुझे अपना खून चाटने तक को मजबूर किया। पुलिस ने बताया कि लड़की के दांत टूटे हुए हैं। शरीर पर जलने के निशान हैं। मेडिकल रिपोर्ट में पता चला कि उसकी नाक की हड्डी टूटी हुई है। जीभ पर गहरे घाव हैं। कपल करीब 6 महीने से नाबालिग को प्रताड़ित कर रहा था। वे ज्यादातर समय लड़की को बिना कपड़ों के रखते थे। जब वो खाना मांगती तो उसे डस्टबिन से खाना खिलाते। 6 महीने बाद घर लौटी तो आपबीती सुनाई आरोपी मेजर शैलेन्द्र यादव ने असम की रहने वाली नाबालिग लड़की को अपने बच्चों की देखभाल के लिए काम पर रखा था। मेजर हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में तैनात था, इसीलिए लड़की को अपने साथ ले गया। यहां लड़की को करीब 6 महीने तक प्रताड़ित किया गया।